RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 102
फरीदाबाद, शुक्रवार, 20 मई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



ढाबे वाली दाल मखनी
पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,792 | ▼ 1416 | |
| निफ्टी | 15,809 | ▼ 430 | |
| सोना | 50,037 | ▼ 270 | /10 gm |
| चांदी | 60,969 | ▼ 49 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 45.00°C
न्यूनतम 30.00°C

## क्विक न्यूज

### एलपीयू इंजीनियरिंग छात्र को मिला 64 लाख का पैकेज



**नई दिल्ली।** प्लेसमेंट के मामले में अपने शानदार रिकॉर्ड को बरकरार रखते हुए लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने एक बार फिर प्लेसमेंट के रिकॉर्ड आंकड़े दर्ज किए हैं। साथ ही, देश में प्लेसमेंट के दौरान सबसे ज्यादा पैकेज का रिकॉर्ड भी जून 2022 के ग्रेजुएट बैच ने हासिल किया है। दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टेक जायंट गूगल में एलपीयू के बीटेक सीएसई छात्र हरे कृष्णा को 64 लाख के सालाना पैकेज पर प्लेसमेंट मिली। कृष्णा गूगल के बैंगलुरू ऑफिस में काम करेंगे। यह देश में किसी भी इंजीनियिंग छात्र को प्लेसमेंट में मिलने वाला सबसे ज्यादा पैकेज है।

### मस्क ने एक दिन में गवां दिए 95 हजार करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** गुरुवार को दिन एक ओर जहां शेयर बाजारों के लिए काला साबित हुआ, वहीं दूसरी ओर दुनियाभर के शीर्ष अमीरों के लिए भी भारी घाटे वाला साबित हुआ। दुनिया के सबसे रईस एलन मस्क से लेकर मुकेश अंबानी तक की नेटवर्थ में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, टॉप-10 अरबपतियों की बात करें तो इस सूची में सिर्फ भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी ही एकमात्र ऐसे रईस रहे, जो फायदे में रहे। टेस्ला व स्पेसएक्स के मालिक और दुनिया में सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। खबर लिखे जाने तक मस्क की नेटवर्थ में 12 .3 अरब डॉलर (करीब 95 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा) की कमी आई है।

### आईआईटी मद्रास में 5जी कॉल का सफल परीक्षण



**चेन्नई।** भारत ने 5जी कॉल का आज सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया। रेल और संचार व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आईआईटी मद्रास में 5जी का सफलतापूर्व परीक्षण किया गया है। इसमें पूरा नेटवर्क भारत में ही डिजायन किया गया है और विकसित किया गया है। वैष्णव ने ट्विटर पर इसकी जानकारी देते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें वह 5जी का परीक्षण करने वाली टीम के साथ नजर आ रहे हैं। वैष्णव सहित पूरी टीम इस मौके पर बेहद खुश नजर आ रही है।

### इंस्टाग्राम रील बनाते वक्त गई बच्चे की जान

**नोएडा।** नोएडा में इंस्टाग्राम पर रील बनाने के चक्कर में बुधवार को पांच बहनों के इकलौते भाई की मौत हो गई। घटना मासूम की चार बहनों के सामने हुई। वह सुपरमैन बनने की कोशिश कर रहा था। उसने अपनी गर्दन में दुपट्टा बांधकर छत पर लगे कुंडे में टांग दिया। बृजेश पर्थला गांव में अपने परिवार के साथ किराए रहते हैं। 14 मई को उनका 13 साल का बेटा सुजीत कमरे के अंदर अपनी चार बहनों के साथ सोशल मीडिया के लिए रील बना रहा था। इसके लिए बच्चे ने बहन के दुपट्टे को कमरे की छत में लगे कुंडे में बांध दिया और स्लैब पर प्लास्टिक के डिब्बे के ऊपर खड़ा होकर स्टंट करने लगा। इसी दौरान दुपट्टा उसके गले में कस गया और दम घुटने से वह बेहोश हो गया। बेहोश बच्चे को फौरन प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

---

### कोर्ट ने रिवीजन पिटीशन स्वीकार की, 26 मई को पहली सुनवाई

# शाही ईदगाह की जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि को सौंपने की मांग

**एजेंसी। मथुरा**



**मथुरा** में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में कोर्ट ने रिवीजन पिटीशन स्वीकार कर ली है। गुरुवार को इस मामले में जिला जज कोर्ट में सुनवाई हुई। जिला जज राजीव भारती की कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर बनाम शाही ईदगाह मस्जिद मामले में कहा कि अब इस मामले की सुनवाई लोअर कोर्ट में होगी। 26 मई को इस मामले की पहली सुनवाई होगी। भगवान श्रीकृष्ण की सखी के तौर पर दायर याचिका में 2.37 एकड़ जमीन को मुक्त कराने की मांग की गई है। इसी जमीन पर शाही ईदगाह मस्जिद है। एडवोकेट रंजना सहित छह लोगों की तरफ से दाखिल याचिका में मांग की गई थी कि श्रीकृष्ण विराजमान की 13.37 एकड़ जमीन है। इस भूमि में से करीब 11 एकड़ पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर बना है, जबकि 2.37 एकड़ जमीन पर शाही ईदगाह मस्जिद है। 2.37 एकड़ जमीन को मुक्त कराकर श्रीकृष्ण जन्मस्थान में शामिल किया जाए। इसके अलावा 1968 में हुए समझौते को भी रद्द करने की मांग की गई है। याचिका दायर करने वाले लोगों का कहना है कि इस मामले में संस्थान को समझौता करने का अधिकार ही नहीं है, जबकि जमीन ठाकुर विराजमान केशव कटरा मंदिर के नाम से है।

### कोर्ट ने रिवीजन पिटीशन की सुनवाई के दौरान चारों विपक्षियों का पक्ष भी सुना

एडवोकेट रंजना अग्निहोत्री ने भगवान श्रीकृष्ण की सखी के तौर पर एक केस सितंबर, 2020 में सिविल कोर्ट में दाखिल किया था। इस केस को सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद अक्टूबर में यह केस रिवीजन के लिए जिला जज की कोर्ट में दाखिल किया गया। इस पर करीब डेढ़ साल से सुनवाई चल रही है। एडवोकेट रंजना अग्निहोत्री, हरि शंकर जैन, विष्णु जैन समेत छह लोगों की तरफ से याचिका दाखिल की गई है। इनमें सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, ट्रस्ट मस्जिद ईदगाह, श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट और श्रीकृष्ण जन्मभूमि सेवा संस्थान को विपक्षी बनाया गया है। कोर्ट ने रिवीजन पिटीशन की सुनवाई के दौरान चारों विपक्षियों का पक्ष भी सुना। 1946 में जुगल किशोर बिड़ला ने जमीन की रेखरेख के लिए श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट बनाया था। साल 1967 में जुगल किशोर की मृत्यु हो गई। इसके बाद 1968 में ट्रस्ट ने मुस्लिम पक्ष से एक समझौता कर लिया। इसके तहत शाही ईदगाह मस्जिद का पूरा मैनेजमेंट मुस्लिमों को सौंप दिया। रंजना अग्निहोत्री, विष्णु शंकर जैन आदि की ओर से जो याचिका दाखिल की गई है, उसमें इस समझौते को ही अवैध करार दिया है। दलील दी गई है कि ट्रस्ट को अधिकार ही नहीं था कि वह समझौता करे।

---

# स्टार बॉक्सर की मौत, मूसा यमक को रिंग में आया हार्ट अटैक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आज तक एक भी नॉकआउट मुकाबला नहीं हारे थे

**तुर्की** के 38 साल के स्टार बॉक्सर मूसा यमक की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। शनिवार को न्यूयार्क में हमजा वडेंरा के खिलाफ उनका मैच चल रहा था। इसी मैच के दौरान तीसरे राउंड में वो अचानक बेहोश हो गए थे। तुर्की के अधिकारी हसन तुरान ने उनके निधन पर ट्वीट करते हुए लिखा है, हमने अपने हमवतन मूसा अस्कान यमक को खो दिया, जो अलुक्रा के एक मुक्केबाज थे।

मूसा ने कम उम्र में यूरोपीय और एशियाई चैंपियनशिप अपने नाम की थी। मूसा यमक और हमजा वांडेरा का मुकाबला लाइव चल रहा था। इस दौरान मैच के तीसरे राउंड के शुरू होने से कुछ देर पहले यमक रिंग में गिर गए। दूसरे दौर में वांडेरा से एक जबरदस्त हिट मिली थी। इस दौरान रिंग में वह कुछ देर होशहवास खो बैठे थे और लड़खड़ाने लगे थे। उन्हें इस दुर्घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने शुरुआती उपचार के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूसा आज तक कोई भी नॉकआउट मैच नहीं हारे थे। उनका रिकार्ड 8-0 का रहा है। साल 2017 में मूसा पेशेवर बॉक्सर बने थे।

---

# केएमपी पर ट्रक ने 18 मजदूरों को कुचला चार की मौत

## नौ पीजीआई रोहतक रेफर

**पायनियर समाचार सेवा। बहादुरगढ़**



**हरियाणा** के बहादुरगढ़ शहर में कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार सुबह एक ट्रक ने 18 मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही जबकि चौथे शख्स की मौत रोहतक पीजीआई में हुई है, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें चार लोगों को बहादुरगढ़ ट्रॉमा सेंटर तो नौ लोगों को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है। कुछ को मामूली चोट के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसे के बाद ट्रक भी पलट गया।

मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर देहात के थाना रसुलाबाद के गांव रेवरी इटली निवासी सुशील, कांति स्वरूप, मोनू और अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ने वाले की पहचान नीरज गांव दांती जिला कानुपर देहात थाना रसूलाबाद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, केएमपी पर आसौदा टोल के आसपास सड़क रिपेयरिंग का काम चल रहा है। देर रात तक मरम्मत का कार्य करने के बाद थक कर सभी 18 मजदूर सड़क किनारे अवरोधक लगाकर सो गए। सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। उसके बाद ट्रक मौके पर ही पलट गया। ट्रक कोल डस्ट से भरा हुआ था, जिसकी रोडियां पलटने के बाद वह हाइवे पर फैल गई। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। एसपी वसीम अकरम ने कहा कि मजदूरों के ठेकेदार के अलावा इस हादसे का जो भी जिम्मेदार होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। घटना सुबह करीब साढ़े पांच से छह बजे की बीच की है।

---

# टेरर फंडिंग केस में यासीन मलिक दोषी करार

## सजा पर 25 मई से बहस होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**जम्मू**-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक को टेरर फंडिंग केस में एनआईए की कोर्ट ने दोषी करार दिया है। मलिक को कितनी सजा मिलेगी इस पर अदालत में 25 मई से बहस शुरू होगी। कोर्ट ने एनआईए को मलिक की आर्थिक स्थिति पर रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया है। मलिक ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को कबूला था। इसमें यूएपीए सहित उस पर लगे सभी आरोप मान लिए। इसमें आतंकी गतिविधियों में शामिल होना, कश्मीर में शांति भंग करना शामिल है।

मलिक ने कोर्ट में कहा कि वह यूएपीए की विभिन्न धाराओं और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) व 124-ए (देशद्रोह) के तहत खुद पर लगे आरोपों को चुनौती नहीं देना चाहता। मलिक 2019 से दिल्ली की तिहाड़ जेल में है।

मलिक ने आजादी के नाम पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दुनिया भर से फंडिंग के नाम पर पैसे लिए। कोर्ट ने फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे, शब्बीर शाह, मसर्रत आलम, मोहम्मद यूसुफ शाह, आफताब अहमद शाह, अल्ताफ अहमद शाह, नईम खान, मोहम्मद अकबर खांडे, राजा मेहराजुद्दीन कलवाल, बशीर अहमद भट, जहूर अहमद शाह वटाली, शब्बीर अहमद शाह, अब्दुल राशिद शेख, और नवल किशोर कपूर सहित अन्य कश्मीरी अलगाववादी नेताओं के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए थे। आरोप पत्र लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद और हिजबुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन को मामले में भगोड़ा घोषित किया गया है।

---

### सुप्रीम कोर्ट ने अपना चार साल पुराना फैसला बदला

# 34 साल पुराने मामले में नवजोत सिद्धू को एक साल की कठोर सजा

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**



**34** साल पुराने रोड रेज के केस में पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को सुप्रीम कोर्ट ने एक साल की सख्त सजा सुनाई है। सिद्धू के हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी।

कोर्ट ने चार साल पहले दिए अपने फैसले को ही बदल दिया है। तब उन्हें एक हजार रुपये का जुर्माने पर छोड़ दिया गया था। सजा के बाद सिद्धू सरेंडर करने वाले थे। इसके लिए वह अमृतसर जाते हुए आधे रास्ते से पटियाला लौट आए थे। हालांकि लीगल टीम से चर्चा के बाद अब सिद्धू सुप्रीम कोर्ट में सजा के खिलाफ क्यूरेटिव पिटीशन फाइल करेंगे। इसके बाद सरेंडर करने के बारे में फैसला लिया जाएगा।

सिद्धू को पंजाब सरकार से 45 पुलिसकर्मियों की सिक्योरिटी मिली थी। सजा होने के बाद उसे भी वापस लेने के आदेश दे दिए गए हैं। सिद्धू कुछ देर पहले पटियाला स्थित अपने घर पहुंचे। हालांकि उन्होंने फैसले को लेकर सिर्फ नो कमेंट्स कहा। ट्वीट के जरिए उन्होंने जरूर प्रतिक्रिया दी। सिद्धू ने कहा कि उन्हें कानून का फैसला स्वीकार है।

हल्की सजा अपराध के पीड़ित को अपमानित और निराश करती है। एससी ने कहा कि केवल जुर्माना लगा, सिद्धू को कोई और सजा न देने का रहम दिखाने की जरूरत नहीं थी। इस मामले में जिस वक्त सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई और सजा सुनाई जा रही थी, सिद्धू महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। सिद्धू ने हाथी पर बैठकर प्रदर्शन किया था।

### सजा के 24 पन्नों के ऑर्डर पर संस्कृति के श्लोक का दिया हवाला

सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धू को सजा के 24 पन्नों के ऑर्डर पर संस्कृति के श्लोक का हवाला दिया है। यथावयो यथाकालं यथाप्राणं च ब्राह्मणे। प्रायश्चितं प्रदातव्यं ब्राह्मणैर्धर्धपाठकै।। येन शुद्धिमवाप्रोति न च प्राणैर्विज्युते। आर्ति वा महती याति न चचैतद् व्रतमहादिशे।। इसका मतलब, प्राचीन धर्म शास्त्र भी कहते रहे हैं कि पापी को उसकी उम्र, समय और शारीरिक क्षमता के मुताबिक दंड देना चाहिए। दंड ऐसा भी नहीं हो कि वो मर ही जाए, बल्कि दंड तो उसे सुधारने और उसकी सोच को शुद्ध करने वाला हो। पापी या अपराधी के प्राणों को संकट में डालने वाला दंड नहीं देना उचित है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यह भी कहा कि इसमें 2 विचार संभव नहीं हैं।

---

# रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी का लाइसेंस रद्द आठ साल की प्रक्रिया के बाद कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम**



**हरियाणा** सरकार ने रॉबर्ट वाड्रा के एक प्रोजेक्ट का लाइसेंस कैंसल कर दिया है। सत्ता में आने के आठ साल बाद भाजपा सरकार ने यह कार्रवाई की है।

भाजपा सरकार ने गुरुग्राम में बनाए जा रहे स्काईलाइट हॉस्पिटालिटी प्राइवेट लिमिटेड का रियल एस्टेट लाइसेंस कैंसल कर दिया है। साल 2008 में जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, रॉबर्ड वाड्रा को यह लाइसेंस दिया था। अब टाउन ऐंट कंट्री प्लानिंग, हरियाणा के डायरेक्टर की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। साल 2012 में स्काई लाइट ने कमर्शल कॉलोनी बनाने का यह लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया था। रियल एस्टेट डिवलपमेंट लाइसेंस से किसी को रिहाइशी, कमर्शल या इंडस्ट्रियल कॉलोनी बनाने का अधिकार मिल जाता है। 2012 में एक लैंड डील काफी विवाद में थी। आईएएस अशोक खेमका ने स्काईलाइट के 3.35 एकड़ के म्यूटेशन को रद्द कर दिया था।

---

# भाजपा में शामिल हुए सुनील जाखड़

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**




**पंजाब** में कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद सुनील जाखड़ बृहस्पतिवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें दिल्ली में पार्टी में शामिल कराया।

जाखड़ कांग्रेस छोड़ने के बाद से दिल्ली में हैं। जाखड़ के करीबी सूत्रों ने कहा कि उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया जा सकता है और उन्हें पंजाब में कुछ जिम्मेदारी दी जाएगी और अधिक असंतुष्ट कांग्रेसियों को भाजपा में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जाखड़ ने हाल ही में संकेत दिया था कि वह पंजाब में प्रासंगिक बने रहना चाहते हैं। जाखड़ ने पिछले दिनों कांग्रेस से तीन पीढ़ियों और करीब 50 साल पुराने रिश्ते को अलविदा कह दिया था।

फेसबुक लाइव पर उन्होंने कहा कहा था कांग्रेस को शुभकामनाएं और अलविदा। कांग्रेस ने पिछले महीने उन्हें कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए सभी पदों से हटा दिया था। नड्डा ने जाखड़ का पार्टी में आने पर स्वागत किया।

---

# झगड़े की सूचना पर तफ्तीश करने पहुंचे एसएचओ-एएसआई को मारी गोली

**एजेंसी। यमुनानगर**



**हरियाणा** में यमुनानगर जिले के कलापुर गांव में गुरुवार शाम को 2 भाइयों के झगड़े में गोलियां चल गई। छप्पर थाने के एसएचओ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो झगड़ा इतना बढ़ गया कि रविंदर नामक बड़े भाई ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। उसकी गोलियों की चपेट में छप्पर थाने के प्रभारी जगदीश बिश्नोई और रामकुमार नामक एएसआई भी आ गया। टांगों में गोलियां लगने के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फायरिंग में एक गोली रविंदर के छोटे भाई राजविंदर के सिर को भी छूकर निकल गई। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने गोलियां चलाने वाले रविंदर को पकड़ लिया। उधर एसएचओ को गोली मारे जाने की सूचना आते ही यमुनानगर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर भेजा गया। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद यमुनानगर के एसपी कमलदीप गोयल ने मौके का मुआयना किया और अस्पताल में दाखिल एसएचओ और सिपाही से मिलने पहुंचे थे, तब यह घटना हुई।

---

# महिलाओं पर अश्लील फब्ती कसने वाला अधिकारी पहुंचा जेल

**पलवल।** महिला कर्मियों पर अश्लील फब्तियां कसने, जाति सूचक और अमर्यादित शब्द कहने के आरोप में हरियाणा के पलवल के जिला बाल संरक्षण अधिकारी कपिल कुमार के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। महिला आयोग के पंचकूला स्थित कार्यालय में गवाही के दौरान पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और गुरुवार को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं, डीसी ने आरोपी अधिकारी को निलंबित करने के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी कपिल कुमार के खिलाफ मार्च महीने में 10 महिलाओं ने डीसी को शिकायत देकर अश्लील फब्तियां कसने, जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया था।

---

### अब निदेशक देंगे आठवीं तक के निजी स्कूलों को मान्यता

# ईडब्ल्यूएस बच्चे घर के एक किलोमीटर दायरे में ले सकेंगे दाखिला

## हरियाणा सरकार ने आरटीई में फिर से किया संशोधन

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**



जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी करेंगे शिकायतों की सुनवाई

**हरियाणा** में अब आठवीं कक्षा तक के निजी स्कूलों को निदेशक स्तर के अधिकारी मान्यता दे सकेंगे। प्रदेश सरकार ने 2011 से लागू आरटीई में दोबारा संशोधन किया है। इसके तहत अब प्राइवेट स्कूलों को आठवीं तक की मान्यता देने के लिए निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है। निदेशक इसके लिए किसी भी प्राधिकृत अधिकारी की ड्यूटी लगा सकते हैं।

हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2011 में आरटीई को लागू किया गया था, जिसमें वर्ष 2015 में कुछ संशोधन किया गया। उस समय भी संशोधित अधिनियम के प्रारूप में कुछ खामियां रह गई थी, जिन्हें अब संशोधित करके दूर किया गया है। अब सरकार ने पुराने नियम को संशोधित करके नया नियम लागू कर दिया है। इससे पहले प्राइवेट स्कूलों को आठवीं तक की मान्यता देने के लिए मौलिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक व संयुक्त निदेशक को अधिकृत कर रखा था, लेकिन मान्यता से संबंधित कई विवादास्पद मामलों के सामने आने के बाद अब निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

### 25 प्रतिशत बच्चे सीधा प्राइवेट स्कूलों में ले सकेंगे दाखिला

नए संशोधन के तहत अब आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के 25 प्रतिशत बच्चे अपने घर के नजदीक एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले प्राइवेट स्कूलों में सीधा दाखिला ले सकेंगे। फीस का खर्च भी हरियाणा सरकार तय मानकों के अनुसार उठाएगी, जबकि पहले ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के बच्चे के लिए पहले सरकारी स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन करने का प्रावधान था। यदि उसे सीटें पूरी होने के कारण सरकारी स्कूल में दाखिला नहीं मिल पाता था तो वह प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने का हकदार बन जाता था।

### शिकायतों के लिए मौलिक शिक्षा अधिकारी को अधिकृत किया

जिला स्तर पर प्राइवेट स्कूलों के खिलाफ आने वाली शिकायतों के निपटाने के लिए अब जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को अधिकृत किया गया है। वह अपने स्तर पर तीन से पांच सदस्यों की टीम का गठन करके किसी भी प्राइवेट स्कूल के खिलाफ आने वाली शिकायतों का निदान करेंगे। वहीं अब संशोधित नियम के तहत प्राइवेट स्कूलों को बिल्डिंग कोड 2017 की अनुपालना करनी होगी, जबकि पहले स्कूल शिक्षा नियम 2003 की पालना हो रही थी।

---

# एसएफजे की धमकी, गुरुद्वारों में होगी खालिस्तानी की अरदास

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**



गृहमंत्री विज व सीएम खट्टर को दी धमकी

**प्रतिबंधित** आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नू ने आप्रेशन ब्लू स्टार की बरसी के अवसर पर हरियाणा के तीन गुरुद्वारों में खालिस्तान के समर्थन में अरदास करने का ऐलान किया है। पन्नू ने एक वीडियो जारी करके हरियाणा के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को भी धमकी दी है। पन्नू के खिलाफ पहले भी हरियाणा में कई मामले में दर्ज हैं।

पन्नू ने ऑडियो जारी करते हुए कहा कि हरियाणा भी पंजाब का हिस्सा है। जून 84 में भारतीय फौज हरियाणा के ऐतिहासिक गुरुद्वारों पर चढ़ी थी। इतिहास को दबाकर रखा है। अब सिख पांच जून को नाडा साहिब, करनाल, कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारों में सिंहों और शहीदों के नाम पर अरदास करेंगे। छह जून को अकाल तख्त से खालिस्तान रेफरेंडम की वोटों का ऐलान होगा। हरियाणा में भी खालिस्तान रेफरेंडम होगा। इसलिए हरियाणा के सिख गुरुद्वारों में अरदास करेंगे। गुरपतवंत पन्नू पहले भी हरियाणा के नेताओं को धमकी दे चुका है। हरियाणा में कुछ जगहों पर खालिस्तान झंडा फहराने के लिए पैसे देने का भी लालच दे चुका है।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 20 मई, 2022 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 45.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 31.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-12 में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन: सुबह 7 बजे।
- तिगांव विधानसभा में आप पाटी का कार्यक्रम: दोपहर 12 बजे।
- आईटीआई सेक्टर-18 में बेटी पढ़ाओ अभियान में बैठक : सुबह 10 बजे।
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प : सुबह 9 बजे।

**निवेश गुरु**

**सरकार** कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों को रफ्तार देना चाहती है। इनके लिए रियल एस्टेट इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) और इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) का इस्तेमाल किया जाएगा। इनके जरिये प्रोजेक्टों के लिए पैसा जुटाने की तैयारी है। नए जेनरेशन के इन इंस्ट्रूमेंट में निवेशकों की काफी दिलचस्पी है। ब्याज दर का मौजूदा माहौल इसका मुख्य कारण है।

**यूटीलिटी न्यूज**

## वृद्धा को दिया सहारा



**फरीदाबाद।** वृद्धों की सेवा करने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ने एक वृद्ध महिला को सहारा देकर पुण्य का काम तो किया ही है। साथ ही साथ एक अनमोल जिन्दगी को भी बचाया है। समिति के संचालक कृष्ण लाल बजाज को डबुआ पुलिस स्टेशन के हेड कांस्टेबर तुलसीदास का फोन आया कि एक वृद्ध महिला थाने के पास दयनीय स्थिति में बैठी हुई है। कृष्ण लाल बजाज बिना समय गंवाए अपने साथियों के साथ मौके पर पहुचें और तुरंत उसे उठाकर वृद्धाश्रम में लेकर आए।

**क्विक न्यूज**

## सोनिया गांधी ने आर. वधावन के निधन पर जताया शोक



**फरीदाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम वधावन के निधन पर कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो सोनिया गांधी ने शोक व्यक्त किया है। सोनिया गांधी ने राधेश्याम वधावन के परिवार को पत्र लिखकर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की है। ओल्ड फरीदाबाद के शेखवाड़ा, तालाब वाली गली में रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राधेश्याम वधावन का 14 मई, 2022 को निधन हो गया था। वे 79 साल के थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे। बीमारी के वक्त ही केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर उनका हालचाल जानने के लिए उनके घर पहुंचे थे। मंत्री गुर्जर ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राधेश्याम वधावन ने अपना राजनीतिक कॅरियर बतौर प्रवक्ता शुरू किया था। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे और लंबे समय तक सोनिया गांधी के साथ पार्टी कामकाज देखा।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : पारदर्शिता के बावजूद हो रही अवैध रजिस्ट्रियां

### बिल्डर और तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकार का हो रहा नुकसान

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए नई-नई नीतियां लागू कर रहे हैं। जमीनों की खरीद फरोख्त और रजिस्ट्री में होने वाले घोटालों पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन व्यवस्था की है, लेकिन सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली की वजह से ऑनलाइन रजिस्टरी करवाने में कई तरह की अड़चनें आ रही हैं। रजिस्टरी की ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाने की बजाए सरकारी अधिकारियों द्वारा लगातार उलझा कर रखा हुआ है। लेकिन चोर दरवाजे से अवैध रजिस्ट्रियां हो रही हैं।

नियमों के मुताबिक चार मंजिला फ्लैटों की फ्लोर वाइज रजिस्ट्री 180 वर्गगज से कम जगह की नहीं करवाई सकती है, लेकिन एनआइटी इलाके के एनएच एक, दो, तीन और पांच में बिल्डर 80-80 वर्गगज जमीनों पर फ्लैटों का निर्माण करने के बाद तहसील कर्मचारियों की मिलीभगत से रजिस्ट्रियां करवा रहे हैं। वहीं शहर के बड़े रिहायशी एवं औद्योगिक प्लॉटों का बिना सबडिविजन करवाएं भी टुकड़ों में रजिस्ट्री हो रही है। पूर्व निगमायुक्त अनिता यादव ने यहां तैनाती के दौरान इस संदर्भ में उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा था कि निगम की एनओसी के बिना तहसील के कर्मचारियों की मिलीभगत से रजिस्ट्रियां करवाई जा रही हैं। जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, लेकिन आज भी यह खेल जारी है।



बड़खल तहसील में रजिस्ट्री काउंटर पर लगी लोगों की भीड़।



सेक्टर-55 स्थित गौंछी तहसील का दृश्य।

### निगम की एनओसी के बिना रजिस्ट्री

**सरकार** ने लोगों की सुविधा के लिए शहर में चार मंजिल मकान या व्यवसायिक इमारत का निर्माण करने की अनुमति दी थी। अनुमति देने के साथ सरकार ने कई तरह की शर्तें भी रखीं, लेकिन एनआईटी इलाके में सक्रिय भूमाफियाओं ने सरकार की शर्तों को ताक पर रख दिया और सरकार की अनुमति को जमकर फायदा उठाने में व्यस्त हो गए। एनआईटी इलाके में पहले जहां तीन मंजिलों के फ्लैट बनाकर बेचे जा रहे थे, वहीं अब चौथी मंजिल पर फ्लैट बनने लगे। बाकायदा चौथी मंजिलों की रजिस्टरी भी करवाई जा रही हैं। यहां तक कि रिहायशी प्लॉटों पर व्यवसायिक निर्माणों की धड़ल्ले के साथ रजिस्टरी कर दी जाती है। नगर निगम से सबडिवीजन करवाए बिना बड़े प्लॉटों की टूकड़ों में रजिस्टरी करना भी आम बात है। इस तरह के कई मामले शहर में उजागर हो चुके हैं। रजिस्टरी करते समय तहसील कार्यालय की तरफ से ने तो नगर निगम द्वारा जारी की जाने वाली एनओसी मांगी जाती है और सरकार द्वारा लगाई गई शर्तो पर ध्यान दिए बिना रजिस्टरी करवा दी जाती है।

### भ्रष्टाचार को दे रहे बढ़ावा



बड़खल तहसील स्थित तहसीलदार का कार्यालय।

**ऑनलाइन** रजिस्ट्री में खामियां पैदा कर जहां भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। प्रोपर्टी आईडी मांगने अथवा अन्य काम के लिए जाने पर कर्मचारियों द्वारा आज भी कागजात मांगने अथवा लेजर चेक करने के नाम पर परेशान किया जा रहा है। जबकि सम्पतियों का ऑनलाइन रिकॉर्ड दर्ज करने को निगम ने एक निजी कंपनी से लाखों रुपये में सर्वे कराया है, लेकिन समस्या वैसी की वैसी बनी हुई है। व्यवस्था में मौजूद खामियों और कर्मचारियों के रवैये के कारण सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। इस स्थिति में लोगों को सम्पति कर और अन्य कई तरह के भुगतान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को सम्पतियों की रजिस्ट्री की स्टाम्प ड्यूटी से काफी बड़ी आय होती है, लेकिन इस तरह की कई परेशानियों के कारण भारी संख्या में रजिस्टरियां भी नहीं हो पा रही है। लेकिन वहीं चोर रास्ते से नगर निगम की एनओसी के बिना भी रजिस्ट्री हो रही है। यहां तक मिलीभगत के कारण बिना प्रोपर्टी आइडी के भी तहसील के कर्मचारी जमीनों की रजिस्ट्री करवा देते हैं।

### चारों तरफ अवैध निर्माण

**शहर** भर में ही रिहायशी और औद्योगिक जमीनों की अवैध सबडिवीजन के बाद निर्माण, कृषि भूमि पर रिहायशी मकान बनाने, रिहायशी जमीनों का व्यवसायिक इस्तेमाल और अवैध निर्माण का काम धड़ल्ले के साथ चल रहा है। खासकर एनआईटी इलाके में धड़ल्ले के साथ व्यवसायिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण शहर में पार्किंग, यातायात जाम, सीवर जाम और पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसा नहीं है कि अवैध निर्माण शुरू होने पर नगर निगम को पता नहीं चल पाता। प्रत्येक वार्ड में निगम ने एसडीओ और जेई तैनात किए हुए हैं, लेकिन निर्माण होते देख ये लोग अपने फायदे के लिए आंखें बंद कर बैठ जाते हैं। निर्माण पूरा हो जाने पर बिल्डरों द्वारा रिहायशी प्लॉटों पर बनाई गई दुकान, फ्लैट और व्यवसायिक स्थलों की रजिस्टरी तहसील के कर्मचारियों से मिलीभगत के बाद करवा देते हैं। सरकार अथवा कोर्ट का दवाब आने पर निगम अधिकारियों द्वारा दिखावे की तोड़फोड़ और सीलिंग की कार्रवाई कर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया जाता है। बाद में भूमाफिया सील तोड़ कर फिर अपना काम शुरू कर देते हैं।

### उपायुक्त से की शिकायत



**सामाजिक** कार्यकर्ता विष्णु गोयल ने अवैध निर्माण और अवैध रजिस्ट्रियों को लेकर जिला उपायुक्त से की शिकायत में कहा कि एनआईटी के एनएच एक, दो, तीन और पांच में 180 वर्गगज से कम जमीनों पर चार मंजिला फ्लैटों का अवैध रूप से निर्माण करवाया जा रहा है। साथ ही फ्लैटों की नियमों को ताक पर रखकर रजिस्टरी भी करवाई जा रही है। बड़खल तहसील में इस तरह की रजिस्ट्रियां हो चुकी है। साथ ही कृषि भूमि पर भी अवैध रूप से प्लॉट काटे जा रहे हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों को किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** मुख्यालय नीतिश अग्रवाल के दिशा-निर्देशों पर विद्यार्थियों को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरुक करने के लिए गुरुवार को सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता ने एनटीपीसी के डीएवी पब्लिक स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरुक करके महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल के सभागार में सभी छात्राओं को भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, साइबर, यातायात नियमों तथा गुड व बेड टच के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है। वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में असमर्थ होती है। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़ सके और अपने हक के लिए आवाज उठा सके। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास दहेज प्रथा को देखते हैं बड़े होकर इसी को आगे बढ़ाते हैं क्योंकि उन्हें इस बात का ज्ञान नहीं होता कि दहेज लेना कानूनन अपराध है। इसलिए सभी विद्यार्थी अपने आने वाले भविष्य में दहेज प्रथा के विरुद्ध खड़े हों तथा समाज में दहेज की कुप्रथा को खत्म करने में अपना अहम योगदान दें।




डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों को कानून की जानकारी देती इंस्पेक्टर सविता।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुड व बैड टच के बारे में जागरुक करते हुए उन्हें बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा।

उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि गुड टच बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन करने की कोशिश ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है।

# बच्ची के घुटने के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

### 16 वर्षीय बच्ची को एक साल से चलने में होती थी दिक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ आर्थोपेडियक सर्जन एवं एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. राकेश कुमार की टीम ने एक 16 वर्षीय बच्ची के घुटने के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन कर नया जीवन दिया। इस टीम में उनके साथ डॉ. निखिल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्ची एक साल से चलने की समस्या से परेशान थी। सफल ऑपरेशन के लिए बच्ची के परिजनों ने डॉक्टरों का आभार जताया है। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि हरियाणा के फिरोजपुर झिरका निवासी 16 वर्षीय मुस्कान को कई सालों से पैर में घुटने के पास कैंसर की गांठ (ट्यूमर) की शिकायत थी। इस कारण बच्ची को चलने फिरने में दिक्कत होती है। एक साल से पैर में दर्द काफी बढ़ गया था। बच्ची के माता-पिता ने उसे कई अस्पतालों में दिखाया, दवाइयां चली। लंबे इलाज के बाद भी कोई आराम नहीं मिला। अंत में बच्ची के माता-पिता से उसे एकॉर्ड हॉस्पिटल लेकर आए। प्राथमिक जांच में बच्ची के पैर में घुटने के पास फेबुला में कैंसर की गांठ का पता चला। यह ट्यूमर करीब 8 सेंटीमीटर का था।



डॉ. राकेश कुमार।

उन्होंने बताया कि ट्यूमर से एक नस चिपकी हुई थी। इस नस का काम पैर और पंजों को चलाने का होता है। ऑपरेशन के दौरान बड़ा चैलेंज था कि नस को बिना नुकसान पहुंचाए ट्यूमर को बाहर निकालना है। नस में थोड़ी सी भी कोई इंजरी हो या दबाव हो तो नस का कंडक्शन ब्लॉक हो जाता है। इससे पैर का चलना बंद हो जाता है। ट्यूमर को यदि नहीं निकालते तो ट्यूमर शरीर के बाकी भाग में फैलने की संभावना थी। ट्यूमर जैसे-जैसे बढ़ता जाता तो पैरों का चलना बंद हो जाता। चार घंटे चले ऑपरेशन के बाद ट्यूमर को बाहर निकाल दिया गया।

# स्कूल बस कंडक्टरों को पुलिस ने दिए सुरक्षा टिप्स

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** एनआईटी नीतिश अग्रवाल के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए एसएचओ पुलिस थाना एनआईटी प्रबंधक सुनीता ने रियान इंटरनेशनल स्कूल के बस ड्राइवर और कंडक्टर को को बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरुक करते हुए दिशा निर्देश दिए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हाल मे पंजाब में हुई घटनाओं को देखते हुए एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। जिसके चलते फरीदाबाद पुलिस ने भी पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के द्वारा दिए गए आदेशों पर सभी एसीपी, थाना प्रबंधक द्वारा एरिया के मौजिज व्यक्ति, आरडब्ल्यूए प्रधान इत्यादि को सुरक्षा की दृष्टि से आगाह किया जा रहा है कि अपने एरिया के किरायेदारों, ड्राइवर, सहायक, मेड, इंत्यादी व्यक्ति, जो उनके एरिया में रहते हैं की वेरिफिकेशन कराएं। बाहरी, अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को दे। थान एनआईटी टीम ने जागरुक अभियान के तहत रियान इंटरनेशनल स्कूल के बस ड्राइवर और कंडक्टरों को सुरक्षा को लेकर जागरुक करते हुए सभी बस ड्राइवर और कंडक्टरों के साथ मीटिंग लेकर बस की सुरक्षा को लेकर सभी को समझाया कि स्कूल बस में किसी भी अनजान व्यक्ति को लिफ्ट नही देनी, बस से सभी बच्चों को उतारने के बाद, बस को पूर्ण रुप से चेक करके ही बस को लॉक करेंगे। बस को खोलते समय भी बस को पूर्ण रुप से चेक करेगें। अगर बस में कोई संदिग्ध वस्तू मिले तो उसे बिना छुए पुलिस को सूचित करे। स्कूल संचालकों को स्कूल में लगे सभी कर्मियों के पुलिस वेरिफिकेशन के दिशा निर्देश दिए है।



सेक्टर-21 स्थित रेयान पब्लिक स्कूल के चालक व सह चालकों को जानकारी देतीं इंस्पेक्टर सुनीता।

# मनोज अग्रवाल वैश्य महासम्मेलन के उपाध्यक्ष नियुक्त

### 5 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हो रहे वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की होगी अहम भूमिका : मनोज अग्रवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संस्था के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर एवं गुरुग्राम के पूर्व विधायक व वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल द्वारा बल्लभगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व फरीदाबाद जिले के कद्दावर वैश्य नेता मनोज अग्रवाल को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, हरियाणा का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।




कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल को अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त करने के बाद सहयोगियों के साथ।

अपनी इस नियुक्ति पर मनोज अग्रवाल ने अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष की रूप उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है उसके लिए मैं अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश संघी का तहेदिल से आभार व्यक्त हूं और महासम्मेलन के सभी सदस्यों को यह विश्वास दिलाता हूं की वैश्य समाज की एकजुटता और मजबूती के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा।

उन्होंने कहा कि आज अगर हमें अपने आपको मजबूत करना है तो हमें अपने वैश्य समाज को मजबूत करना होगा क्योंकि एक व्यक्ति कमजोर हो सकता है लेकिन व्यक्तियों का समूह एवं समाज कभी कमजोर नहीं हो सकता। समाज व संगठन हर कार्य करने में सक्षम होता है एवं मजबूत समाज ही व्यक्ति को मजबूती प्रदान करता है। इसलिए हमारे वैश्य समाज के सभी घटकों को एक सूत्र में बंधकर पूरी एकजुटता के साथ काम करना होगा। ताकि हम सामाजिक और राजनीतिक दोनों ही मोर्चों पर निर्णायक भूमिका में आ सकें। श्रीअग्रवाल ने कहा कि हमारे समाज के कमजोर एवं जरुरतमंद व्यक्तियों एवं परिवारों की मदद कर उन्हें भी मजबूती प्रदान करनी होगी जिससे की हमारा वैश्य समाज बेहतर तरीके से संगठित हो सके।

बैठक में वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री दुर्गा दत्त गोयल व अशोक मित्तल, तरसेम मित्तल, मुनीश गोयल, युवा जिलाध्यक्ष लक्की सिंगला, ललित महाजन एस. पी मित्तल, पलवल जिला भूषण गोयल, उमा गोयल, शारदा गुप्ता सहित समाज व संगठन के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



**नज़रिया**

**दिनेश रघुवंशी, कवि**

कभी लगता है अपने रात-दिन रोने से क्या होगा
कभी लगता है दिल में दर्द ये ढोने से क्या होगा
युवाशक्ति को कोई काम मिलता तो भला होता
युवाओं के दिलों में नफरतें बोने से क्या होगा

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल का इंतजार

### धाकड़ ऑन व्हील्स व खेलो इंडिया यूथ गेम्स के मास्कट जया और विजय को देखने को आतुर हैं जिलेवासी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सरकार** द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रदेश में 4 से 13 जून को आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 के लिए जहां हर वर्ग के लोग रोमांचित है। वहीं फरीदाबाद के लोग विशेषकर युवाओं में खेलो इंडिया यूथ गेम्स को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। यह कहना है डीसी एवं जिला खेल परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र यादव का। उन्होंने कहा कि ये यूथ गेम्स युवाओं के लिए सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ युवाओं के लिए प्रेरणा के भागीदार बनेंगे। डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि धाकड़ ऑन व्हील्स व खेलो इंडिया यूथ गेम्स के मास्कट जया और विजय को देखने के लिए लोग आतुर हैं।



**खेलो इंडिया यूथ गेम्स मशाल 23 मई को :** डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव में पंचकूला से गत 7 मई, 2022 से शुरू हुई मशाल यात्रा टॉर्च रिले लगातार हरियाणा के विभिन्न जिलों का दौरा कर युवाओं में जोश भर रही है। इसी कड़ी में मशाल 23 मई को औद्योगिक नगरी के नाम से मशहूर फरीदाबाद में प्रवेश करेगी। मशाल यात्रा का फरीदाबाद में कई जगहों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए सेक्टर 12, सेक्टर-15 के बीच की सड़क की एक लाइन को बंद रखा जाएगा । वहीं 23 मई को सायं 5 बजे से फरीदाबाद शहर के सेक्टर-12 खेल परिसर के सामने खेलो इंडिया राहगीरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों, युवाओं, बुजुर्गो सहित आम नागरिक हिस्सा लेंगे और अपनी रुचि अनुरूप अपने जौहर एवं कला का प्रदर्शन करेंगे।

**लोक कलाकार बांधेंगे समा:** डीसी जितेंद्र यादव ने बताया कि फरीदाबाद जिला में आजादी अमृत महोत्सव थीम के साथ 23 मई को सायं 5 बजे से सेक्टर-12 खेल परिसर में खेलो इंडिया राहगीरी का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सेक्टर 12-15 के बीच की सड़क की एक लाइन को बंद रखा जाएगा । इस आयोजन में जहां विभिन्न खेलों के डेमो दिए जाएंगे। वहीं सांस्कृतिक मंच भी गरिमापूर्ण ढंग से सजेगा। राहगीरी में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए मशहूर लोक आर्टिस्ट अपनी प्रस्तुतियां देकर राहगीरी में समां बांधेंगे। वहीं शिक्षा विभाग की टीमों द्वारा खेलो इंडिया गेम्स व आजादी अमृत महोत्सव थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

**'धाकड़' खेल संस्कृति का परिचायक :** खेलो इंडिया यूथ गेम्स के मास्कट जय और विजय का नाम सुनते ही उनकी मनमोहक छवि आंखों के सामने आ जाती है और खेल प्रेमियों को और भी अधिक जोश एवं उत्साह से भर देती है। हरियाणा में होने जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2021 के चौथे संस्करण में जय और विजय के साथ इस बार दर्शकों को हरियाणा का अपना मास्कट धाकड़ भी देखने को मिलेगा, जो हरियाणा के दूध-दही के खाने और यहां की खेल संस्कृति का परिचायक बनेगा। डीसी ने कहा कि राहगीरी कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सचिन नाम का लड़का जोकि मानसिक रूप से कमजोर है वह दिनांक 13 दिसम्बर 2021 से आदर्श नगर, हरि विहार, सुभाष कालोनी, बल्लबगढ़ से घर से लापता है। जिसका रंग गेंहुआ, पेरों में हवाई चप्पल और हरे रंग, का स्वेटर, जीन्स पहने हुए है। जिसका कद लगभग पांच फीट दो इंच है। मुकदमा नं० 0561 दिनांक 13/12/2021, सूचना मिलने पर निम्न नम्बरों पर सूचित करें।

**सूचना देने वाले को 10000/- का उचित ईनाम दिया जायेगा।**

**पता - थाना आदर्श नगर, ऊंचा गांव , बल्ल्भगढ़**

**पुलिस थाना - 7082950008, मोहन किशोर - 9536589432, मोहित - 7042268013**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.04.2022 को राकेश गिरी बा उम्र 35 साल पुत्र श्री विष्णुदेव गिरी अपने निवासी ग्राम, पोस्ट, थाना व तहसील दाउदपुर, जिला छपरा, बिहार व हाल किरायेदार म.न.- 3312 पर्वतीय कालोनी नियर नेतराम सरिया रोड फरीदाबाद,से काम की तलास में निकला था जो अब तक लौटकर वापस नहीं आया जिसका हुलिया -रंग गोरा, लम्बा चेहरा व शरीर पतला उसके दायें पर अंग्रेजी में उसका नाम लिखा हुआ है, पहनावा नीले रंग की शर्ट व काले रंग की पेंट और पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए है। मु० नं० 239 थाना सारन फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्न नम्बरों पर सूचित करें।

**पुलिस चौकी पर्वतीय कालोनी - 0129-2471954, पुलिस थाना सारन - 0129-2474792**
**परिवार जन -7808232733**

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.05.2022 सुनीता बा उम्र 28 पत्नी श्री राम कुमार, निवासी गांव सुर्जावली, पोस्ट लालनेर, थाना पाहसू, तहसील शिकारपुर, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश हालकिरायेदार नंगला इन्क्लेव पार्ट 1 नियर ज्योति आश्रम फरीदाबाद से बिना बताये अपनी मर्जी से कही चली गई जिसका हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा, शरीर मध्यम व कद करीब 5 फुट है व उसने जाते समय पीले रंग का सूट सलवार और पैरों में चप्पल पहन रखी हैं। मु० नं० 259 थाना सारन फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्न नम्बरों पर सूचित करें।

**पुलिस चौकी पर्वतीय कालोनी - 0129-2471954, पुलिस थाना सारन - 0129-2474792**
**परिवार जन -9643714155**

# निगम की नाकामी से लोगों की मजबूरी बने अवैध टैंकर

**कविता।** फरीदाबाद

**मई** के महीने में ही शहर का तापमान 46 डिग्री के पार पहुंच रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की नाकामियों के कारण अवैध टैंकर लोगों की प्यास बुझ रहे है। वहीं दूसरी तरफ पानी के टैंकरों की तेज रफ्तार और ओवर लोडिंग शहर में दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

शहर में जहां देखो वहां पानी के एक ट्रैक्टर में दो टैंक को जोड़ कर दौड़ते नजर आते है। इनकी स्पीड इतनी तेज होती है कि यदि कोई चपेट में आ जाए तो बच पाना

### अवैध रूप से दौड़ रहे टैंकरों के पानी की नहीं की जा रही जांच

मुश्किल है। अवैध रूप सड़क और गलियों में दौड़ने वाले इन अवैध ट्रैक्टर टैंकरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रही है।

**धड़ल्ले से दौड़ रहे टैंकर :** नगर निगम की लापरवाही के कारण जिले में करीब दो हजार से अधिक छोटे बड़े ट्रैक्टर टैंकर शहर की कालोनियों में पेयजल सप्लाई कर रहे है। यदि नगर निगम द्वारा पीने



योग्य पानी की आपूर्ति की जाती तो इनकी जरूरत नहीं पड़ती। वर्ष 2019 में भी एक बच्चे की पानी के टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। उस दौरान लोगों ने भारी विरोध भी किया था। लेकिन इसके बाद भी जिले में धडल्ले से यह टैंकर दौड़ रहे हैं। इन पानी के टैंकरों पर लगाम नहीं लग सकी। एक ट्रैक्टर पर दो-दो टैंकरों के जरिये शहरवासियों की प्यास बुझाई जा रही है।

जोकि शहर की तंग गलियों में दुर्घटनाओं का कारण बन रहे है। तंग गलियों से धड़ल्ले से दौड़ रहे यह पानी के अवैध टैंकर लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकते है। एक साथ दो टैंकर जोड़ कर चलने वाले ट्रैक्टर चालकों को पुलिस भी रोकने का प्रयास नही करती।

**पीने लायक नहीं पानी :** नगर निगम की सप्लाई का पानी शहर में कई-कई दिनों तक नहीं आता। जो पानी आता है, वह पीने योग्य नहीं है। लोग पीने का पानी तो पहले ही खरीद रहे थे। अब अन्य कामों के लिए भी पानी खरीदना पड़ रहा है। नगर निगम के द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी में या तो मिट्टी आती है या फिर उसमें सीवर के गंदे पानी की बदबू आती है। ऐसे में उसे इस्तेमाल करना कई बीमारियों को न्यौता देने के बराबर होता है। ऐसा ही पिछले कुछ समय से बल्लभगढ़ की चावला कालोनी में देखने को मिल रहा है। करीब चार दिनों से सीवरेज वाला पानी निगम के द्वारा सप्लाई किया जा रहा है।

# एयरफोर्स : 100 मीटर दायरे में रजिस्ट्री के बाद बिजली कनेक्शन पर रोक हटी

### अधिसूचना पत्र जारी होने की जानकारी विधायक नीरज शर्मा ने दी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एयरफोर्स स्टेशन का सांकेतिक फोटो।

**एयर** फोर्स 100 मीटर के दायरे पर भूसंपत्तियों की रजिस्ट्री रोक पर लगे प्रतिबंध हटने वे बाद अब नए मीटर लगने पर प्रतिबंध हटने की अधिसूचना जारी हो गई है। यह जानकारी एनआईटी 86 के विधायक नीरज शर्मा ने दी।

विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे पर भूसंपत्तियों की रजिस्ट्री पर लगे रोक का प्रश्न उठाया था। जिसपर विधायक नीरज शर्मा द्वारा उप मुख्यमंत्री को बताया गया था कि न्यायालय द्वारा सिर्फ अवैध निर्माण पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई हुई। इस क्षेत्र में प्लाट व भवनों की रजिस्ट्री व बिजली के मीटर पर कोई रोक नहीं है। हालांकि रक्षा मंत्रालय ने डबुआ एयरफोर्स स्टेशन के अधिकारियों की मांग पर इस दायरे में मूलभूत सुविधाओं की मरम्मत की छूट दी हुई है।

नीरज के कथन के अनुसार उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 100 मीटर क्षेत्र के दायरे निर्माण कार्य नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि विधायक नीरज शर्मा ने इस क्षेत्र में रजिस्ट्री की बाबत संज्ञान कराया है। इसलिए सरकार की तरफ से 24 घंटे में विषयांकित जांच के बाद यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एयरफोर्स स्टेशन के 100 मीटर दायरे में भी भूसंपत्तियों की रजिस्ट्री हो सके।

100 मीटर में भूमि की रजिस्ट्री शुरू होते ही विधायक नीरज शर्मा बिजली के नए मीटर लगने शुरू हो इस और प्रयासरत थे। जिसको लेकर विधायक नीरज शर्मा ने अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजली विभाग पीके दास को 21 अप्रैल 2022 को पत्र लिखकर पूरे मामले बारे अवगत कराया था। तत्पश्चात पुन: पत्र लिखा और 17 मई 2022 को व्यक्तिगत रूप से पीके दास अतिरिक्त मुख्य सचिव, बिजली विभाग से मिलकर पूरे मामले पर उनको अवगत कराया। जिस पर उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द से जल्द 2 से 3 दिन में नए बिजली के कनेक्शन लगने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। उपायुक्त फरीदाबाद ने अपने पत्र द्वारा 100 मीटर में बिजली के नये कनेक्शन देने पर रोक लगा रखी थी। उस लेटर को वापस ले लिया जाएगा।

उपायुक्त फरीदाबाद ने पत्र 19 मई 2022 को पत्र जारी किया है। जिसपर उनके द्वारा बिजली के नए कनेक्शन, मोटेशन, रजिस्ट्री पर लगी रोक हटा दी है। अधिसूचना जारी होते ही विधायक नीरज शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार, उप मुख्यमंत्री, आयुक्त राजस्व पीके दास का धन्यवाद किया।

# अब तक लगाई गई 40 लाख 14 हजार 503 डोज

### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन जरूरी : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



कोरोना का टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में 70052 लोगों को बुस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4014503 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि गत वीरवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1363288 लोगों को पहली और 1109640 लोगों को दूसरी और 6443 लोगों को बुस्टर डोज़ दी गई।

डॉ. मानसिंह ने आगे बताया कि 40145 हेल्थ वर्कर्स को प्रथम, 39818 को दूसरी और 8282 को बुस्टर डोज लगाई गई व फ्रंट लाइन के वर्कर्स को 13375 को प्रथम, 13607 को दूसरी और 2224 लोगों को बुस्टर डोज लगाई गई। वहीं बूस्टर डोज अभियान के तहत आज 18 से 59 व 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को कोरोना रोधी वैक्सीन के टीके लगाए गए हैं। डॉ. मान सिंह ने आगे बताया कि जिला में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 55939 बच्चों को पहली तथा 17142 बच्चों को दूसरी डोज लगाई गई।

# गवटेक एक अरब नागरिकों की सेवा करने का अवसर

### वैश्विक स्तर पर 20 फीसदी सीएजीआर के साथ बढ़ रहा है 800 बिलियन डॉलर का बाजार गवटेक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** की एक अरब से अधिक आबादी की सेवा करने का सुदृढ़ अवसर है। वैश्विक स्तर पर, गवटेक को सरकारों द्वारा आंतरिक दक्षता में सुधार और सेवाओं के वितरण के साथ-साथ नागरिकों और व्यवसायों के साथ बाहरी रूप से बातचीत करने के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीक के रूप में परिभाषित किया गया है। या यूं कह सकते हैं कि इसे सरकारी सेवा वितरण में आईटी के उपयोग के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो जी2जी, जी2बी अथवा जी2सी सेवाओं से भिन्न हो सकता है। दुनियाभर में सरकारों का लक्ष्य होता है अपनी जनता का कल्याण करना। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना, आवास, शिक्षा, आजीविका और पोषण प्रदान करना सामाजिक कल्याण के ऐसे ही पहलू हैं। किसी भी सरकार के बजट में सामाजिक सुरक्षा के लिए खर्च की अच्छी-खासी हिस्सेदारी होती है। महामारी के इस दौर में सरकारों के लिए वित्तीय स्थिति को संतुलित रखना और लोगों की जरूरतों को पूरा करना चुनौती बना हुआ है। इस चुनौती का सामना करने में टेक्नोलॉजी से मदद मिल सकती है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों से निपटने की इन्हीं संभावनाओं पर विमर्श के लिए अग्रणी गवटेक उद्यम ईजीगव के तत्वावधान में दिल्ली स्थित इंडिया हैबीटेट सेंटर में गवटेक इंडिया समिट का आयोजन किया गया।

समिट के बारे में अमित शुक्ला, एमडी एवं फाउंडर ईजीगव ने बताया कि, 'गवटेक उन स्टार्टअप्स के बारे में नहीं है जिनके पास सरकारी क्लाइंट हैं। भारतीय स्टार्ट-अप फिनटेक, एडुटेक, ईकामर्स, हेल्थटेक, डीपटेक, एग्रीटेक आदि में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हालांकि, भारत में स्टार्ट-अप के लिए गवटेक एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है और यह इस तथ्य में परिलक्षित होता है कि देश में बहुत कम गवटेक स्टार्टअप हैं।

# मेट्रो स्टेशन पर बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड टीम न चलाया सर्च अभियान

### पुलिस प्रवक्ता ने बताया, बम निरोधक दस्ते ने पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था जांची

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



मेट्रो स्टेशन चेकिंग करती डाग-स्क्वायड की टीम।

**सभी** मेट्रो स्टेशन पर पुलिस प्रशासन के द्वारा बम निरोधक दस्ता की टीम व डॉग स्क्वायड की टीम के साथ थाना प्रबंधक मेट्रो पुलिस स्टेशन ओल्ड ने आज 10 बजे ओल्ड मेट्रो स्टेशन से शुरुआत करके सभी मेट्रो स्टेशन की चेकिंग बम निरोधक दस्ते के साथ सुरक्षा की दृष्टि से की गई। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बारे में बताया गया। जिसमें पुलिस टीम के साथ डॉग स्क्वायड टीम और डीएमआरसी टीम स्टाफ नवीन कुमार स्टेशन मैनेजर, जसवंत सिंह हेड एससी, सीआईएसफ स्टाफ, आरके दलेर इंस्पेक्टर, आरके रंजन सब इंस्पेक्टर, क्यूआरटी एंड सीआईएसफ स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ता पुलिस टीम के साथ मिलकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए फरीदाबाद में सभी मेट्रो स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए बम निरोधक दस्ते 24 घंटे पुलिस लाइन में तैनात रहते है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा कार्रवाई करेगा। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाएगा। जिसके तहत शहर में संवेदनशील व महत्वपूर्ण स्थानों की बारीकी से जांच की जाएगी। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित होने से पहले निपटा जा सके।

डीसीपी मुख्यालय नितीश अग्रवाल के द्वारा शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए हाल में पंजाब एरिया में हुई घटनाओं को देखते हुए दिए गए दिशा-निर्देशों पर एनसीआर एरिया में सतर्कता बढ़ाई गई है। शहर में सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए फरीदाबाद पुलिस के सभी थाना प्रबंधक द्वारा एरिया के मौजीज व्यक्ति, आरडब्ल्यूए प्रधान इत्यादि को सुरक्षा की दृष्टि से अगाह किया गया है। एरिया के किरायेदारों, ड्राइवर, सहायक, मेड, इंत्यादी व्यक्ति जो उनके एरिया में रहते हैं की वेरिफिकेशन कराएं। बाहरी,अजनबी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें।

# लाख प्रयास के बाद भी नहीं थम पा रहा है प्लास्टिक का उपयोग

### अब तो खुदाई के दौरान धरती के अंदर से मिट्टी के संग भी निकलती हैं प्लास्टिक की पालीथिन

**विवेक सिंह।** फरीदाबाद



बल्लभगढ़ में खुदाई के दौरान मिट्टी से निकलता प्लास्टिक की पॉलीथिनें।

**नगर** निगम और सामाजिक संस्थाओं के द्वारा प्लास्टिक का उपयोग न करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाते है। वहीं नगर निगम के द्वारा कुछ बाजारों में प्लास्टिक का उपयोग करने वाले विक्रेताओं के चालान भी किए जाते हैं, लेकिन प्लास्टिक का उपयोग जिले में बंद नहीं हुआ है, जिसका मुख्य कारण है, कि प्लास्टिक का उत्पादन बंद न होने के कारण आज शहर में खुदाई करने पर मिट्टी में प्लास्टिक का कचरा अधिक निकलता है। इसका ताजा उदाहरण बल्लभगढ़ बस स्टैंड के नजदीक सीवरेज के लिए हो रही खुदाई के दौरान भूमि के अंदर से निकल रही प्लास्टिक के ढ़ेर को देखकर लगाया जा सकता है। वहां खुदाई के समय मिट्टी के साथ प्लास्टिक के बडे बडे ढ़ेर निकलते देखे जा सकते है। प्रशासन द्वारा कोई सख्त कदम प्लास्टिक के उत्पादन में रोक की तरफ नहीं उठाया जा रहा। यहीं वजह है कि पृथ्वी आज मरने की कगार पर पहुंच गई है।

जानकारी के मुताबिक निगम के द्वारा चलाए जा रहे पोलोथिन मुक्त अभियान पूरी तरह से शहरभर में फेल नजर आ रहा है। बल्लभगढ़ बस स्टैंड के नजदीक चल रही खुदाई के दौरान निकल रही प्लास्टिक मानव द्वारा किए जा रहे पृथ्वी के शोषण और नगर निगम फरीदाबाद के चलाए जा रहे अभियान का जीता जागता उदाहरण है। प्लास्टिक एक ऐसा पदार्थ है जिसे नष्ट होने में हज़ारों वर्ष लग जाते हैं। यहीं कारण है प्लास्टिक को पृथ्वी के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है। जमीन के भीतर मौजूद प्लास्टिक से हानिकारक रसायन बारिश के दौरान रिस कर हमारे पीने योग्य पानी साथ ही खेती के लिए उपयुक्त ज़मीन को पूरी तरह से नष्ट कर देते हैं। जोकि हमारी सेहत से सीधे तौर पर जुड़ा है। लेकिन नाहीं समाज और नाहीं सरकार इसकी रोकथाम के लिए गंभीर नज़र आ रही है। अगर समय रहते समाज नहीं जागा तो वह दिन दूर नहीं जब मानव के केवल अवशेष मात्र पृथ्वी पर रह जाएंगे। सरकार को चाहिए कि वह लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें पर्यावारण के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का बोध कराए। ताकि समय रहते इस संकट को टाला जा सका।

1995 बर्लिन में हुए पहले संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से लेकर ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में बीते वर्ष हुए मौजूदा सम्मेलन तक दुनिया करीब 26 बार पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर मंथन कर चुकी है। लेकिन इसके बावजूद ज़मीनी हालात नहीं बदले। इस विषय में जेसी बोस विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान की प्रोफेसर डाक्टर अनिता गिरधर का कहना था कि जब तक समाज पर्यावरणीय संकट के प्रति सचेत नहीं होगा तब तक इस समस्या का हल निकलने वाला नहीं है।

# गुमनाम नायक:'दास्तान- ए-रोहनात'

### इसी तरह से राजा नाहर सिंह की जीवनी पर नाटक होगा तैयार : गुर्जर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 कन्वेशन हाल में आयोजित नाटक दास्तान-ए-रोहनत के अवसर पर मुख्यातिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री का स्वागत करते डीसी जितेन्द्र यादव।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में आयोजित बुधवार की शाम पूरी तरह से आजादी के गुमनाम नायकों को समर्पित रही। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने जिस प्रकार दास्तान- ए-रोहनात नाटक का मंचन किया उसे वाकई रोहनात गांव के गुमनाम महानायकों को सच्ची श्रद्धांजलि कहा जा सकता है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इसी तरह राजा नाहर सिंह की जीवनी पर तैयार होगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने नाटक के लिए पांच लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की।

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा तैयार किया गया नाटक देखने के लिए विशेष तौर पर कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की। नाटक का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के 75 साल को अमृत महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय किया है। पूरे साल देश भक्ति के कार्यक्रम जहां देश की आजादी में जिन-जिन का भी योगदान रहा चाहे वह कोई व्यक्ति है गांव या कोई इलाका है। उन सब के इतिहास से आने वाली पीढ़ियों का को परिचित कराया जाए। जिससे उनको प्रेरणा मिले। आज उसी निमित्त जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा यहां एक नाटक का मंचन किया गया। नाटक नाथ गांव के शहीदों पर आधारित था। नाटक के मंचन के माध्यम से रहो नाथ गांव के आजादी के संग्राम में योगदान की जानकारी मिली। जिन लोगों ने शहादत दी उन लोगों का परिचय मिला। इस जानकारी के लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री को बधाई देना चाहता हूं वह पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने आजादी के बाद उस गांव में जाने का काम किया। 23 मार्च 2018 को पहली बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गांव के बुजुर्ग के हाथों राष्ट्रीय ध्वज फहराकर यहां के लोगों को गुलामी के अहसास से आजाद करवाया। उन से पहले कोई भी मुख्यमंत्री वहां नहीं गया। उस गांव के लोगों का आजादी की लड़ाई में कितना बड़ा योगदान है जिसके कारण हम आज आजादी का जीवन जी रहे हैं। हम रोहनात गांव के योगदान को कभी नहीं भुला सकते आजादी के दीवानों और शहीदों को याद करना हम सब देशवासियों का परम धर्म और कर्तव्य भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑड़ीसा से लापता बच्ची को परिजनों को सौंपा



**फरीदाबाद।** चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने उड़ीसा से गुम हुई 12 वर्षीय नाबालिग लड़की को उसके परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। रेलवे पुलिस को एक नाबालिंग लड़की उडीसा की तरफ से आने वाली ट्रेन में एक लावारिस हालत में एक लड़की मिली। जिसकी सूचना रेलवे पुलिस ने चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मी रविन्द्र को दी। जिसपर रविन्द ने नाबालिग लड़की की काउंसलिंग करने पर लड़की ने फूफा का नम्बर बताया। लड़की के परिजनों ने चाइल्ड हेल्पलाइन टीम का धन्यवाद किया।

### हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ की पत्रिका का विमोचन

**फरीदाबाद।** हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के सूचीपत्र का विमोचन स्वामी धर्मदेव महाराज पटौदी वालों ने किया। आजाद विचार पत्रिका का मई माह का अंक उसके संपादक मोनिक आजाद ने हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ को समर्पित किया। जिसमें हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के सभी मुख्य कार्यक्रमों का लेखा जोखा है। इस अंक को पंजाबी संघ की कैटलाग के रूप में प्रकाशित किया गया। आज पंजाबी संघ की टीम प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद के नेतृत्व में पटौदी में स्वामी धर्मदेव जी के आश्रम में उनसे पत्रिका का विमोचन करवाने गई। स्वामी धर्मदेव ने पत्रिका के संपादक मोनिक आजाद की सराहना करते हुए कहा कि इस पत्रिका को पंजाबी संघ को समर्पित करके पंजाबी समाज के हकों की आवाज को जन-जन पहुंचाने का कार्य किया। इस मौके पर हरीश चप्द्र आज़ाद, यशपाल तनेजा, फीरोजपुर झिरका के चेयरमैन अर्जुन देव चावला, नीतू लाम्बा, परमजीत कौर, मोनिक आज़ाद, गिरधारी लाल अरोड़ा, संजय चौधरी, प्रिंस रहेजा और मदान आदि उपस्थित थे।

### सूचना न मिलने पर डीईओ के पास लगाई प्रथम अपील

**फरीदाबाद।** हरियाणा अभिभावक एकता मंच की ओर से लीगल एडवाइजर बी एस विरदी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के राज्य जन सूचना अधिकारी (एसपीआईओ) से मांगी गई सूचना व जानकारी न मिलने पर प्रथम अपील अधिकारी कम जिला शिक्षा अधिकारी के पास प्रथम अपील दायर की गई है। बीएस विरदी ने कहा है कि अगर निर्धारित अवधि में प्रथम अपील अधिकारी ने भी सूचना व जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई तो राज्य सूचना आयोग चंडीगढ़ में द्वितीय अपील दायर की जाएगी। श्रीविरदी ने कहा है कि उन्होंने 9 अप्रैल को एसपीआईओ के पास एक आरटीआई लगाकर फरीदाबाद के 36 स्कूलों द्वारा 31 मार्च 2022 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराए गए फार्म-6 के सभी पेजों की व उसके साथ लगाई गई बैलेंस शीट की फोटो कॉपी मांगी थी। नियमानुसार प्रथम अपील अधिकारी के पास प्रथम अपील दायर की गई है। इसके बाद भी सूचना नहीं मिली तो राज्य सूचना अयोग चंडीगढ़ में द्वितीय अपील दायर की जाएगी।

### 21 मई को सरकारी स्कूलों में होगी पीटीएम



**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में जिला में सीआरसी मुखिया द्वारा विद्यालयों में मेगा पीटीएम करवाई जाएगी। यह पीटीएम कक्षा पहली से बारहवीं तक 21 मई को करवानी सुनिश्चित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि सीआरसी और स्कूल मुखियाओं को पीटीएम के दौरान चर्चा के बिंदु इस प्रकार होंगे। उन्होंने बताया कि रोजाना 2 घंटे 7 से 9 तक उड़ान कार्यक्रम से बच्चों को पढ़ाना, एफएलएन के माध्यम से बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई करवाना, कार्यक्रम सुपर 100 के बारे में बच्चों को बताना, बोर्ड कक्षाओं की एक्स्ट्रा क्लास और मासिक परीक्षा से अवगत कराना शामिल हैं। इसके अलावा अभिभावकों को बच्चों को दिए जाने वाले टैबलेट के बारे में सूचित करना, अवसर दीक्षा एप ऑनलाइन कक्षाओं के बारे में बताना, स्मार्ट साला ऐप के माध्यम से बच्चों को कहानी पढ़ाना और उनके शब्दकोश में वृद्धि करना है।

### मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे सांसद खेल महोत्सव में शिरकत

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शुक्रवार को प्रात: 6 बजे खेल परिसर सेक्टर-12 में सांसद खेल महोत्सव के बास्केटबॉल में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जबकि स्थानीय खेल परिसर सेक्टर-12 में ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एमसीएफ के आयुक्त यशपाल उपस्थित होंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 20 से 22 मई तक होने वाले सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 19 मई वीरवार को सायं 7 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से किया। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव 20, 21 व 22 मई को आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने आगे बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 20 से 22 मई तक आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में बास्केटबॉल में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में और एमसीएफ के आयुक्त यशपाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सैक्टर-12 खेल परिसर में ही हॉकी में विधायक नरेन्द्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में और पलवल के डीसी कृष्ण कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मानव रचना स्कूल सेक्टर-14 में बैडमिंटन में पुलिस आयुक्त विकास अरोडा मुख्य अतिथि के रूप में और सीईओ स्मार्ट सीटी डाक्टर गारिमा मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। नाहर सिंह स्टेडियम,एयर फोर्स, मार्डन स्कूल सेक्टर-17 फुटबॉल में विधायक राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में और एमसीएफ के जेजेपी के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया व अतिरिक्त आयुक्त एमसीएफ अभिषेक मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सेक्टर-12 खेल परिसर में एथलेटिक में फरीदाबाद आयुक्त संजय जून मुख्य अतिथि के रूप में और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सैक्टर-12 खेल परिसर में रस्साकशी में विधायक सीमा त्रिखा मुख्य अतिथि के रूप में और सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। खेल परिसर में ही सर्कल कबड्डी में विधायक नयन पाल रावत मुख्य अतिथि के रूप में और एडीसी मोहम्मद इमजान रजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### नि: शुल्क दवाइयां व रक्त चढ़ाने के फिल्टर दिए

**फरीदाबाद।** भगवान महावीर हॉस्पिटल सेंट्रल ग्रीन फरीदाबाद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को नि:शुल्क दवाइयां व रक्त चढ़ाने के लिए फिल्टर्स दिए गए। एक फिल्टर की कीमत करीब 800 रुपये आती है। अगर बिना फिल्टर के रक्त चढ़ाया जाता है तो बच्चों को बुखार हो जाता है। संस्था की कोशिश होती है बच्चो को फिल्टर्स के द्वारा ही रक्त चढ़े जिसके लिए रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिड टाउन के सतीश गोसाईं व उनके क्लब का हमेशा सहयोग रहा है उनके द्वारा बनाये रोटरी थैलासीमिया सेंटर में बड़े आराम से बच्चों को रक्त चढ़ाया जा रहा है। थैलासीमिक्स इंडिया दिल्ली की सचिव शोभा तुली द्वारा फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया फरीदाबाद के बच्चों को रक्त चढ़ाने के लिए नि:शुल्क ब्लड फिल्टर भेजे गए। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया के प्रधान हरीश रतरा ने बताया की उन कम्पनी को लिखा जायेगा। जो फिल्टर्स का उत्पादन करती हैं कि वो बच्चों के लिए फिल्टर्स नि:शुल्क देवे।

### अग्रवाल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया वृक्षारोपण

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के गणित विभाग द्वारा गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊंचागांव बल्लभगढ़ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए गोद ले रखा है। इस विद्यालय में गणित विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां समय-समय पर आयोजित करवाई जाती है। आज 19 मई 2022 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन एवं कुशल मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम इस स्कूल में आयोजित करवाया गया। विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. के. एल. कौशिक जी ने वृक्षारोपण की उपयोगिता बताते हुए कहा कि पेड़ पर्यावरण का एक अनिवार्य हिस्सा है। धरती पर पेड़ों और पौधों के अस्तित्व के बिना मनुष्य और जानवरों की अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नहीं है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा स्कूल जाकर अनेक पेड़ लगाए ।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल बोले, मारुति हरियाणा का हनुमान है...

## आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में कही

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में आयोजित समारोह में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मारुति** सुजुकी इंडिया लिमिटेड और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 40 साल पहले मारुति संयंत्र की गुरुग्राम में स्थापना के समय के संस्मरणों को साझा किया। उस समय की बातें मारुति सजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव ने सीएम के साथ साझा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब भारत में मारुति का प्लांट लगना था तो कंपनी के अधिकारियों ने गुरुग्राम में जमीन देखी। उस समय गुरुग्राम का कोई विकास नहीं था।

यह एक छोटा सा शहर था। जिस जगह मारुति प्लांट है, वहां पर जंगल था। उस जंगल में बहुत बंदर भी थे। उस समय कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि यहां बंदर प्लांट नहीं लगने देंगे। यहां परेशानी बहुत होगी। अधिकारियों के इस डर को दूर करते हुए भार्गवजी ने कहा था कि ये बंदर परेशान नहीं करेंगे। ये हनुमानजी का रूप हैं। हनुमानजी का एक नाम मारुति भी है। सुजूकी के आगे मारुति जोड़ दें। तभी से इस कार कंपनी का भारत में नाम मारुति सुजूकी हुआ, जो आज देश में कार निर्माण में अग्रणी कंपनी है। सीएम मनोहर लाल ने यह भी बताया कि उस समय आरसी भार्गव एक आईएएस अधिकारी के रूप में केंद्र में सेवाएं दे रहे थे। उन्हें सरकार ने मारुति कंपनी स्थापित कराने के लिए नियुक्त किया था। उस समय के एक साल बाद आरसी भार्गव को निर्णय लेना था कि वे मारुति सुजूकी के साथ काम करेंगे या वापस सरकार में जाएंगे। सीएम ने कहा-उस समय कार को बहुत ही लगजरी साधन माना जाता था। आम परिवारों की पहुंच से कार दूर थी। ऐसे में उन्होंने यही सोचा कि देश के आम आदमी को कार में बिठाने के लिए वे मारुति सुजूकी के साथ काम करेंगे और वे सदा-सदा के लिए मारुति सुजूकी से जुड़ गए। मारुति सुजूकी के आने से पहले लोग किसी तरह से स्कूटर आदि पर परिवार के साथ चलते थे। वर्ष 1983 में मारुति सुजूकी ने अपनी पहली कार 800 बनाई। कार्यक्रम में खरखौदा में पहले अलॉटी ईशान अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।

### आईजीआई एयरपोर्ट से दिल्ली दूर गुरुग्राम नजदीक है...

**समारोह** में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि संयोग से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट गुरुग्राम के बहुत निकट है। मतलब दिल्ली दूर है और गुड़गांव नजदीक है। इसलिए यह गुरुग्राम से अधिक लाभकारी है। उन्होंने कहा कि भारत-जापान के संबंध 70 साल पुराने हैं। यह और भी प्रगाढ़ हों, इसका युग आज से शुरू हो गया है। जापानी भाषा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा-हम नए संबंध हरियाणा-जापान के बीच स्थापित कर रहे हैं। ये लंबी उम्र के हों। यही कामना है। उन्होंने कहा कि उन्हें जापान जाने का मौका मिला। वहां जापानी सीखी और बोलनी शुरू की। उन्होंने कहा कि हम बी-टू-बी नहीं एच-टू-एच संबंध बनाते हैं।

### मारुति का मुख्यालय भी गुरुग्राम में लाएं...

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने अपने वक्तव्य में मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव को संबोधित करते हुए कहा कि मारुति का सारा काम हरियाणा में है और कारपोरेट कार्यालय दिल्ली में है। वे चाहते हैं कि कारपोरेट कार्यालय को गुरुग्राम हरियाणा में ही लेकर आएं।

## संक्षिप्त समाचार

### मारुति शिफ्टिंग बयान देने वालों को मिला जवाबः गोयल



**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में गुरुवार को खरखौदा में स्थापित होने वाले मारुति सुजूकी कार निर्माण उद्योग और सुजूकी बाइक उद्योग की जमीन के एमओयू साइन हुए हैं। इसी के साथ विपक्षी दलों को उन बयानों का जवाब मिल गया है, जिसमें वे मारुति को गुरुग्राम से गुजरात शिफ्ट होने की बातें कहकर प्रदेश की जनता को दिगभ्रमित कर रहे थे। यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार का विपक्ष को करार जवाब है। गुरुवार को इस समारोह के बाद यहां जारी बयान में नवीन गोयल ने कहा कि विपक्ष अपनी बेतूकी बयानबाजी के कारण ही जनता का विश्वास खो चुका है। प्रदेश की जनता ने विपक्ष में बैठी कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। कांग्रेस के नेताओं के बयान में ही उनकी बोखलाहट झलकती है। कांग्रेस अब देश और प्रदेश में पार्टी के पदों पर नेताओं को बदल-बदल कर समय ही व्यतीत कर रही है। नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती के लिए मजबूती नेता और नेतृत्व जरूरी है, ना कि इस तरह से अध्यक्ष की अदला-बदली। यह तो टाइम पास ही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मनोहर सरकार में हरियाणा में मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड की तीसरा प्लांट लगने की दिशा में आज पहला कदम बढ़ गया है। यह दिन इतिहास में दर्ज हो चुका है। मारुति सुजूकी कंपनी का यहां तीसरा प्लांट स्थापित करना इस बात को दर्शाता है कि हरियाणा में उद्योगों के अनुकूल माहौल है। उन्होंने कहा कि सरकार का ईज ऑफ डूईंग बिजनेस मॉडल अपने आप में बेहतर है। सरकार ने हर स्तर पर देशी-विदेशी उद्योगपतियों को हरियाणा में निवेश करने के लिए आकर्षित किया। नवीन गोयल ने खरखौदा में पहले प्लॉट खरीददार ईशांत अग्रवाल को भी बधाई दी है कि उन्होंने आत्मविश्वास के साथ सरकार की नीति में आस्था जताई और सबसे पहले आगे आकर वहां पर जमीन में निवेश किया। सरकार ने उनका मान रखते हुए सम्मानित भी किया है।

### इडियन क्याकिंग एंड कोइंग के खिलाड़ियों ने जीते मेडल



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की लोवर लेक में खेली जा रही नौकायन प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी।

**सोहना।** भोपाल की लोवर लेक में चल रही 32वीं राष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता के पहले दिन इडियन क्याकिं ग एंड कोइंग एसोसिएशन के तीन खिलाड़ियों ने पांच मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में एसोसिएशन के 9 खिलाड़ी अलग-अलग प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। सोहना से 738 किलोमीटर दूर क्षेत्र के नौकायन खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की लेक लोवर में दिखा रहे है। मंगलवार से शुरु हुई इस छह दिवसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सोहना खंड के नौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिनमें से पहले दिन अपने-अपने पूल में प्रतिभा पुत्री मुकेश निवासी बालूदा ने एक सिल्वर तथा एक ब्रांस मेडल जीता है। सज्जना पुत्री विक्रम निवासी अभयपुर ने एक ब्रांस मेडल जीता है। इसी गांव के रविन्द्र ने एक ब्रांस व एक सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 22 मई तक चलेगी। जिसमें सभी खिलाड़ी कड़ी टक्कर देकर मेडल जीतने की भूमिका में रहेंगे। खिलाड़ी रविन्द्र का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि उनके अन्य साथी खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करके जीत हासिल करेंगे।

# वर्षों से सड़कों के गड्ढे नहीं भर पाया गुरुग्राम नगर निगम : अभय जैन



गुरुग्राम के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों की बदहाल स्थिति।

### मुख्यमंत्री, मंत्री समेत बड़े नेता अक्सर शहर में होते हैं, फिर भी हाल बेहाल

### शहर की समस्याओं पर ध्यान नहीं, दावे बड़े-बड़े करते हैं निगम व सरकार

### शहर का दौरा करके आप नेता ने समस्याओं का ब्यौरा किया तैयार

**गुरुग्राम।** जिस शहर में अक्सर सरकार रहती हो उसकी हालत खराब नहीं होनी चाहिए। कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। गुरुग्राम का इस मामले में दुर्भागय है कि यहां औसतन हर सप्ताह सरकार आती है, फिर भी यहां समस्याओं का अम्बार है। यहां होने वाले विकास के काम अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी की भेंट चढ़े हुए हैं। यह कहना है आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट का।

अभय जैन ने कहा कि गुरुग्राम के डीएलएफ क्षेत्र को दिखाकर सरकार विदेशी कंपनियों को हरियाणा में पूंजी निवेश के लिए आकर्षिक करती है। सरकार की नजर में शायद डीएलएफ ही गुरुग्राम है, बाकी के हिस्से से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने पुराने गुरुग्राम में समस्याओं पर फोकस करते हुए कहा कि यहां कई सड़कों पर कई-कई साल से गड्ढे हैं, लेकिन इन पर पेचवर्क करने की भी जहमत नहीं उठाई गई है। कई जगह काम अधूरे छोड़ दिए गए हैं।

अभय जैन के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र में विधायक का कार्यालय है। न्यायाधीशों के आवास, गुरुग्राम की मेयर का आवास, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य का आवास, मंडलायुक्त, आयुक्त, पुलिस आयुक्त के आवास हैं। गत माह विधायक सुधीर सिंगला के पिता स्वर्गीय सीता राम सिंगला के नाम से बने चौक से लेकर सोहना अड्डा, ऑफिसर्स कालोनी, सिविल लाइन में सड़क के दोनों ओर पुराने डिवाइडर को हटाकर नए डिवाइडर बनाने का काम शुरू किया गया। यहां डिवाइडर तो लगा दिया, लेकिन बीच की जगह पर पुराना मलबा डाल दिया। ना तो उसकी लेवलिंग की गई और ना ही मलबा हटाया गया। इसके अलावा सोहना अड्डा, श्रीसिद्धेश्वर चौक पर सड़क किनारे कई साल से गहरे गड्ढे हैं। ओल्ड रेलवे रोड पर अर्जुन नगर की गली के सामने सड़क के बीच में गहरा गड्ढा है। सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल से पहले सेक्टर-10 की तरफ अस्पताल की दीवार के साथ कुछ दिन पहले पानी की निकाली के लिए नाले का निर्माण शुरू किया गया, जिसे अधूरा छोड़ दिया गया है।

## छात्राओं को ड्रग्स से होने वाली हानियों के प्रति जागरुक किया

**सोहना।** शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की छात्राओं को नागरिक अस्पताल के आयुर्वेदिक विभाग के डाक्टर ने ड्रग के प्रति जागरुकता का पाठ पढ़ाया। ये छात्राएं अपने परिजनों से लेकर परिचितों को ड्रग लेने से होने वाली शारीरिक व आर्थिक नुकसान देंगी।

शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में ड्रग्स जागरुकता सप्ताह कनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं को डॉक्टर कुलभूषण ने ड्रग्स क्या है। इसके लेने से क्या परिणाम निकलाते हैं। इसकी लत लगने से जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। ड्रग्स से दूर और बचाव के क्या नियम है। डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि छात्राओं को बताया कि यह एक जानलेवा बीमारी होती है। जिसकी लत लगने पर इसका उपयोग करने वाले की जान तक जा सकती है। कैंसर जैसे जानलेवा बीमारियां बन जाती है। इससे बचाव करने के फायद छात्राओं को बताया। डॉक्टर कुलभूषण ने बताया कि ड्रग्स एक मीठा जहर है।

# भले ही गुजरात जाएं पर हरियाणा में भी काम बढ़ाते रहें : दुष्यंत चौटाला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



संबोधित करते दुष्यंत चौटाला।

### मारुति सुजूकी का हरियाणा के विकास में अहम योगदान

### मारुति सुजुकी इंडिया और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट के लिए भूमि आवंटन कर कहा

**हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा व मारुति का लंबा रिश्ता है। 40 साल पहले यहां पर कार का उत्पादन शुरू हुआ। जमीन अधिग्रहण का काम इससे 5 साल पहले शुरू हुआ। 45 साल का यह दौर बड़ा है। मारुति के गुजरात जाने की बातें होती रही। उन्होंने कहा कि भले ही आप गुजरात में भी प्लांट लगाएं, लेकिन हरियाणा में अपना काम भी बढ़ाते रहें। यह बात उन्होंने गुरुवार को यहां लीला होटल में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और सुजुकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आईएमटी खरखौदा में प्लांट स्थापना के लिए भूमि आवंटन के समझौता हस्ताक्षर कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा और मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड के संबंधों के चलते यहां विकास ने नए आयाम छुए हैं। मारुति सुजूकी का हरियाणा के विकास में अहम योगदान है। पहला प्लांट गुरुग्राम शहर में लगाया गया, वहीं वर्ष 2000 में मानेसर में दूसरा प्लांट लगाया गया। मानेसर देश के इतिहास का पहला ऐसा गांव है, जहां पर अलग से नगर निगम है। मारुति और उससे जुड़ी अन्य कंपनियां, सुजूकी और उससे जुड़ी अन्य कंपनियां अब खरखौदा में विकास को रफ्तार देने पहुंच रहे हैं। आज का दिन उद्योगों की दुनिया में बड़ा ऐतिहासिक है। हरियाणा का 57 प्रतिशत क्षेत्र एनसीआर क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि 500 फॉर्च्युन कंपनी में से 250 हरियाणा में स्थापित हैं। हम बेहतर कनेक्टिविटी पर बेहतर काम कर रहे हैं। सड़क, रेल मार्ग का जाल बिछाया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भारत सरकार के सहयोग से हरियाणा लगातार आगे बढ़ रहा है।

हरियाणा से मेजर एक्सप्रेस-वे गुजर रहे हैं। हरियाणा से अमृतसर-कोलकाता हाईवे और दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर गुजर रहा है। हरियाणा की धरती से 11 एक्सप्रेस-वे और 25 नेशनल हाइवे यहां से गुजर रहे हैं। सीधे तौर पर यह उद्योगों को भी गति दे रहे हैं। यहां केएमपी वेस्टर्न पेरिफेरयल हाइवे चार जिलों को छू रहा है। हिसार भविष्य में एविएशन कनेक्टिविटी का हब बन रहा है।

# 82 लाख से बनेंगी सड़कें: सिंगला

### सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-17 में सेक्टर-17सी की सड़कों के निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान विधायक का स्वागत करते क्षेत्र के लोग।

**गुरुवार** को विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-17 क्षेत्र में सेक्टर-17सी की सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़कें खराब होने के चलते यहां से आवागमन में परेशानी हो रही थी। निकट भविष्य में जल्द ही ये सड़कें बनकर तैयार हो जाएंगी। सड़क निर्माण के बाद लोगों का यहां से आवागमन सुचारू होगा।

उद्घाटन अवसर पर वार्ड-17 के पार्षद अनूप सिंह भाम्भू, शीतला मंडल प्रभारी अुर्जन शर्मा, शीतला मंडल अध्यक्ष प्रिवर्त कटारिया, उपाध्यक्ष सौमित्र अरोड़ा, सेक्टर-14 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, रविंद्र जैन, एमसी गुप्ता, तरुण गुप्ता, पवन जिंदल, नवीन गुप्ता, मास्टर नत्थु सहरावत, हितेश भारद्वाज, नारायण अग्रवाल, अजय कुमार, हरजिंद्र अहलावत, ओपी यादव, धीरेंद्र सुखराली, मनीष छोक्कर समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

यहां अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सेक्टर-17सी की सभी सड़कें 82 लाख रुपये की राशि से बनकर तैयार होंगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को भी कहा कि किसी भी सूरत में निर्माण सामग्री में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। विधायक ने आगे कहा कि हर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द ही दुरुस्त कराया जाएगा। काफी पर काम चल भी रहा है। लोगों के पैदल और वाहनों का आवागमन सुचारू करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

# कोलगेट स्ट्रांग टीथ बताते हैं कि अच्छे पोषण की शुरुआत होती है मजबूत दांतों से

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### शाहिद कपूर और राणा डग्गूबती ने स्ट्रांग टीथ के बारे में जागरुकता बढ़ाने को किया कोलगेट के साथ गठबंधन

**ओरल** केयर में मार्केट लीडर, कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने अपने लेटेस्ट कैम्पेन, 'दांत स्ट्रांग तो मैं स्ट्रांग' के साथ भारत के सबसे बड़े टूथपेस्ट ब्रांड-कोलगेट स्ट्रांग टीथ की नई पहचान प्रस्तुत की है। ब्रांड ने स्ट्रांग टीथ और पोषण के बीच संबंध पर रोशनी डालते हुए बताया है कि खाने को ठीक से चबाने में दांत की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है, जिससे पाचन क्रिया बेहतर बनती है और शरीर पोषक तत्वों को बेहतर रूप से ग्रहण कर पाता है।

इस कैम्पेन के माध्यम से यह ब्रांड पहली बाद देश के चहेते, शाहिद कपूर और राणा डग्गूबती को लेकर आया है, जो नए युग के डैडी के किरदार में अपने बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति संलग्न दिखाई देंगे। इस कैम्पेन में वो बता रहे हैं कि उनकी बेटियों की शक्ति उनके स्ट्रांग टीथ के कारण है, क्योंकि कोलगेट स्ट्रॉंग टीथ टूथपेस्ट दांतों में नैचुरल कैल्शियम की कमी को पूरा करने में मदद करता है। नए कोलगेट स्ट्रांग टीथ की आधुनिक पैकेजिंग में एक युवा लड़की शक्ति एवं स्ट्रांग टीथ के प्रतीक के रूप में दिखाई देती है। इस नए कैम्पेन के बारे में अरविंद चिंतामणि, वीपी, मार्केटिंग, कोलगेट-पामोलिव इंडिया ने कहा, ''हम भारतीय खाने को अच्छी तरह से चबाने के महत्व को अच्छी तरह जानते हैं और बचपन में हमारे माता-पिता निगलने से पहले खाने को 36 बार चबाने के बारे में हमें कहते रहे हैं। लेकिन फिर भी लोग इस बात को अक्सर नजरंदाज कर जाते हैं कि पाचन की क्रिया के सबसे पहले अंग हमारे दांत होते हैं और खाने से सर्वश्रेष्ठ पोषण लेने के लिए दांतों का मजबूत होना बहुत जरूरी है। यह ब्रांड 8 दशकों से ज्यादा समय से सर्वश्रेष्ठ उत्पादों द्वारा ग्राहकों की विकसित होती जरूरतों को पूरा करने के लिए इनोवेशन करता आ रहा है।

# मारुति उद्योग: हरियाणा में 20 हजार करोड़ का सबसे बड़ा निवेश

### खरखौदा में मारुति को 9 एकड़ भूमि का किया हस्तांतरण

### गुरुग्राम को आइकॉनिक डेस्टिनेशन बनाने में मारुति का योगदान : मुख्यमंत्री

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में आयोजित समारोह में खरखौदा में मारुति व सुजूकी मोटर साइकिल के प्लांट लगाने को एमआयू साइन के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते दोनों ओर के अधिकारी, साथ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व सुजूकी के अधिकारी।

**हरियाणा** के विकास में एक और कदम बढ़ाते हुए मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड और सुजूकी टू व्हीलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सोनीपत जिला के खरखौदा में अपने संयंत्र लगाने के लिए भूमि आवंटन पर हरियाणा सरकार के साथ समझौता हस्ताक्षर किए। इस समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज मारुति सुजूकी ने हरियाणा को 2400 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। यह हरियाणा के इतिहास का सबसे बड़ा ट्रांजेक्शन है। इसके तहत खरखौदा में 800 एकड़ और 100 एकड़ भूमि पर मारुति कार तथा सुजुकी मोटर साइकिल के नए प्लांट स्थापित किए जाने हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने भाषण में गुरुग्राम को केंद्र बिंदू रखते हुए अपनी बातों को आगे बढ़ाते हुए कहा कि गुरुग्राम की तरक्की मारुति उद्योग के कारण ही हुई है, क्योंकि मारुति के साथ हजारों कंपनियां यहां स्थापित हुई। गुरुग्राम आज दुनिया में आइकॉनिक डेस्टिनेशन बना है तो इसमें मारुति का योगदान है। उन्होंने अंग्रेजी में बोलते हुए कहा कि- मारुति इज गुरुग्राम, गुरुग्राम इज हरियाणा। मारुति ग्रुप हरियाणा का हनुमान है। मारुति के साथ संबंध जितना बना रहेगा, प्रगति होती रहेगी।

उन्होंने कहा कि दोनों कंपनियों को एक साथ खरखौदा में लाकर 13 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें 11 हजार लोग मारुति में और दो हजार बाइक यूनिट में रोजगार पाएंगे। 30 साल से नीचे के 75 फीसदी लोग होंगे, हरियणा के 10 हजार लोगों को रोजगार मिलने का रास्ता बना है। यहां पर दोनों संयंत्र लगाने की जो लागत है, उसमें कंपनी की तरफ से लगभग 2400 करोड़ की जमीन ली गई है और 20 हजार करोड़ रुपये यूनिट की लागत पर खर्च होंगे। इससे साफ हो गया कि हरियाणा में कितना बड़ा निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि मारुति के कारण से गुरुग्राम के ऑटोमोबाइल उद्योग में इजाफा हुआ है। कई कंपनियां और आई हैं। यह कहने में कोई दोराय नहीं कि देशभर का ऑटोमोबाइल का 50 फीसदी काम हरियाणा में है।

### कभी कृषि का केंद्र हरियाणा आज उद्योग में अग्रणी

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा कभी कृषि का केंद्र होता था। कृषि के साथ आज हरियाणा उद्योग में आगे है। विश्व स्तरीय निवेशक यहां पर हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जमीन को लेकर एक कठिनाई आती है। अधिक जमीन की मांग में थोड़ी समस्या है। इसलिए सरकार ने नई पॉलिसी बनाई। जिसमें ए-बी-सी-डी चार सेक्टर में बांटा गया। ए सेक्टर में हमारे पास जगह कम है और महंगी भी है। ऐसे में हर कोई उस जमीन को नहीं खरीद पाता। इसलिए उसके लिए बी-सी और डी सेक्टर हैं। भले ही वे थोड़े दूर हों, लेकिन सरकार उन्हें हर सुविधा वहां भी दे रही है। एसजीएसटी में भी लाभ देते हैं। हरियाणा में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों, सरकार 48 हजार रुपये सालाना यानी 4000 रुपये मासिक वर्कर को देगी। उद्योगों के लिए अच्छी सर्विसेज भी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सरकार इस पर बेहतरी से काम कर रही है। चाहे आईटी हो, शिक्षा हो, मेडिकल हो, इन सब पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले सात साल में उद्योगों ने जितने भी पॉलिसी में बदलाव मांगे हैं, सरकार ने किए हैं। ईज आफ डूईंग बिजनेस का जिक्र करते हुए सीएम मनोहर लाल ने कहा कि पिछले तीन साल पहले हुए मूल्यांकन में हरियाणा तीसरे स्थान पर आया था।

# अमेजन पे ग्राहकों को सुरक्षित तरीके से लेन-देन करने के लिए कर रहा है प्रोत्साहित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** मौजूदा वक्त में एक फिनटेक क्रांति के दौर से गुजर रहा है। जिसमें यूपीआई और कॉन्टेक्ट लैस क्रेडिट और डेबिट कार्ड जैसी लोकप्रिय भुगतान प्रणालियां तेजी से विकसित हो रही हैं। सुविधा, सुरक्षा और रिवॉर्ड्स के चलते, लाखों ग्राहक अपने जरूरी बिल, बीमा प्रीमियम, यात्रा टिकट की बुकिंग, रेस्तरां का भुगतान, रिचार्ज (मोबाइल, डीटीएच, फास्टैग), खरीदारी सहित विभिन्न जरूरतों के भुगतान के लिए हर दिन डिजिटल पेमेंट्स का उपयोग कर रहे हैं।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो, डिजिटल भुगतान के विकल्प वास्तव में ग्राहकों का हर दिन आसान बना रहे हैं। हालांकि, डिजिटल भुगतान को तेजी से अपनाने के बीच साइबर और भुगतान धोखाधड़ी के मामले भी सामने आए हैं। अमेजन पे आपके डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए आपके लिए कुछ त्वरित सुझाव लेकर आया है।

**व्यक्तिगत खाते के विवरण को लेकर सावधान रहें :** अमेजन कभी भी ग्राहकों से अपनी निजी जानकारी जैसे पिन, ओटीपी या सीवीवी नंबर साझा करने के लिए नहीं कहता है। हालांकि, एक सुरक्षित डिजिटल भुगतान अनुभव प्राप्त करने के लिए, हमेशा यह ध्यान रखें कि प्रत्येक लेनदेन के बाद आपके पास आए मैसेज को आप जरूर पढ़ें। इसी के साथ ही फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स की अच्छी तरह से पढ़ें। फोन कॉल, टेक्स्ट या ईमेल पर क्रेडिट या डेबिट कार्ड नंबर, एटीएम पिन या ओटीपी कतई साझा न करें। इसके अलावा, यदि आपको किसी भी संदिग्ध या अनधिकृत लेनदेन का पता चलता है, तो लेनदेन की रिपोर्ट करने के लिए तुरंत भुगतान साधन को जारी करने वाले से संपर्क करें। अमेजन पे हमेशा एक पारदर्शी भुगतान प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, लेनदेन के दौरान बेनिफिशिरी के विवरण को प्रमुखता से हाइलाइट करता है और किसी भी अनधिकृत लेनदेन पता लगाने और इसकी निगरानी करने के लिए एक बहु-स्तरीय ट्रांजेक्शन रिस्क मॉनीटरिंग का पालन करता है।

**क्यूआर कोड को दो बार जांचें और धन प्राप्त करने के लिए कभी भी यूपीआई पिन दर्ज या साझा न करें :** यूपीआई इस समय भुगतान करने के सबसे पसंदीदा तरीकों में से एक बन गया है। अमेजन पे यूपीआई के सहज और सुरक्षित अनुभव के कारण टियर 3 और 4 शहरों में लोग तेजी से इसे अपना रहे हैं। क्यूआर कोड से स्कैन करते समय, हमेशा जांच लें कि लाभार्थी सही है।

**सुविधाजनक है टैप एंड पे :** आप जल्दबाजी में हैं या फिर अपने क्रेडिट कार्ड पिन के साथ भूल गए? तो आपके लिए टैप एंड पे फीचर एक बेहतरीन समाधान है। अमेजन पे को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर लेनदेन करें और कैशलेस एवं रिवॉर्डिंग पेमेंट का आनंद लें।

## हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड नूंह को किया सम्मानित

### राज्यपाल ने जिला कार्यकारिणी सदस्यों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र दिये



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा** राज भवन चंडीगढ़ में आयोजित हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में नूंह जिले से हिंदुस्तान स्काउट एव गाइड की जिला कार्यकारिणी को सम्मानित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर अब्दुल रहमान खान, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार यादव, जिला सचिव निकिता खुराना, जिला प्रशिक्षण आयुक्त जय सिंह, आईटी सेल मनीष कुमार भारद्वाज, जिला संगठन आयुक्त किशोर जावलिया, जिला प्रशिक्षिका करिश्मा को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य सचिव नवीन जयहिंद एवं कोषाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने बताया कि नूंह (मेवात) की जिला कार्यकारिणी ने कोरोना काल में एक अतुलनीय समाज सेवा का बीड़ा उठाया हुआ था।

उन्होंने भोजन बांटना, रक्त दान शिविर लगाना, कोरोना की टेस्टिंग कराना आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया और हाल ही में एक विशाल रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया था। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार यादव ने समस्त टीम को शुभकामनाएं दी और और अब तक के किए गए अच्छे कार्यों की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता व पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

#### स्काउट एवं गाइड के कार्यक्रमों में सहयोग करता रहेगा शिक्षा विभाग

**नूंह।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर अब्दुल रहमान ने शिक्षा विभाग की तरफ से उनको आश्वस्त किया कि हिंदुस्तान स्काउट एव गाइड द्वारा जो भी कार्यक्रम जिले में आयोजित कराये जाएंगे। उसमें जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की तरफ से हर संभव टीम की मदद और सहयोग किया जाएगा।

## नूंह को देश के अन्य आकांक्षी जिलों में अव्वल लाने को अब स्वास्थ्य पर जोर

### स्वास्थ्य विभाग सुविधाएं उपलब्ध कराने को कृत संकल्पित

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** अजय कुमार ने कहा कि आकांक्षी जिला नूंह को देश के अन्य आकांक्षी जिलों में अव्वल लाने के लिए जिला में स्वास्थ्य चिकित्सा पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जिला में नागरिकों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग कृत संकल्प है। अजय कुमार वीरवार को जिला सचिवालय कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति के जिला स्तरीय नेटवर्क के बारे में विभिन्न सहयोगी विभागों एवं कार्यक्रम अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे।

उपायुक्त अजय कुमार ने कड़े निर्देश दिए कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आम जनमानस को बेहतरीन चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर शिकायत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए ईमानदारी, कर्मठता व पूर्ण समर्पण के साथ प्रयास करें।

बैठक में विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने नेशनल रुलर हैल्थ मिशन व नेशनल अर्बन हैल्थ मिशन की विस्तृत समीक्षा करते हुए इनके तहत आने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं व योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना तथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत 3-डी (डिलीवरी, दवाई, डाइट) सेवाएं व ट्रांसपोर्ट की सेवा बेहतरीन रूप में प्रदान की जाए। उन्होंने नेशनल मेंटल हैल्थ प्रोग्राम तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत हैल्थ एंड वैलनेस सेंटरों की भी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ई-संजीवनी ऐप के तहत टेली मेडिसिन की भी समीक्षा की।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र यादव, कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग शमशेर सिंह, उप सिविल सर्जन डॉ आशीष सिंगला, डॉक्टर बसंत दुबे, डॉक्टर विक्रम, आयुष विभाग से डॉ शशांक, डा. रविकांत, डॉक्टर विक्रम, डॉक्टर नरेंद्र, डा. राकेश चावला, डॉक्टर संजीव, डॉक्टर रेनू, डॉ महेंद्र गर्ग, डीपीएम सनोवर आदि मौजूद रहे।

#### स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों की हो नियमित जांच

**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का पूर्ण लाभ बच्चों को दिया जाए।

#### संस्थागत डिलीवरी पर दिया विशेष जोर

**उपायुक्त** ने संस्थागत डिलीवरी पर भी विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने कहा कि डिलीवरी अस्पतालों में ही होनी चाहिए। इसके लिए जागरूकता की अलख जगाई जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूची का पुनरीक्षण शुरू

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अजय कुमार ने कहा कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना 13 मई 2022 में वर्णित हिदायतों व निर्देशों के अनुसार 01 जनवरी 2022 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर तथा 05 जनवरी 2022 को प्रकाशित की गई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के आधार पर जिला नूंह की पंचायती राज संस्थाओं की वार्ड वाइज मतदाता सूची तैयार की जा रही है। वे सभी नागरिक जिनका नाम पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूची में नहीं है, (यदि किसी अपात्र मतदाता/मृतक/स्थान छोड़कर चले गये अथवा डबल दर्ज है), किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड/मतदान केन्द्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है, तो संबंधित निम्नलिखित जिला निर्वाचन अधिकारी के पास निर्धारित फार्म में दावे-आपत्तियां 15 जून 2022 से 21 जून 2022 को सायं 4:00 बजे तक 19 जून रविवार को छोड़कर प्रस्तुत कर सकेंगे। जिसका निपटारा जिला निर्वाचक अधिकारियों द्वारा 28 जून तक किया जायेगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत द्वारा आगामी 01 जुलाई तक प्राप्त अपील का निपटारा 06 जुलाई तक किये जाने के पश्चात पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का वार्ड वाईज अंतिम प्रकाशन 22 जुलाई को कर दिया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त अधिकारियों का पद व नाम एसडीएम नूंह, एसडीएम तावडू, एसडीएम पुन्हाना, एसडीएम फिरोजपुर-झिरका, डिप्टी सीईओ एमडीए नूंह, जीएम रोडवेज नूंह, डीआरओ नूंह। जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त सहायक अधिकारियों का पद व नाम बीडीपीओ नूंह, बीडीपीओ तावडू, बीडीपीओ पुन्हाना, बीडीपीओ फिरोजपुर-झिरका, बीडीपीओ इंडरी, बीडीपीओ नगीना, बीडीपीओ पिनगवां शामिल हैं।

### जिला में 23 से 29 मई तक मनेगा राष्ट्रीय कृमि मुक्त सप्ताह

**नूंह।** आजादी अमृत महोत्सव के तहत देश सहित जिले भर में राष्ट्रीय कृमि मुक्त सप्ताह 23 मई से 29 मई तक मनाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए वीरवार को उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने इस अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए अधिकारियों से जी जान से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालयों, मान्यता प्राप्त विद्यालय, आगनवाड़ी केंद्रों-प्ले स्कूल में अध्ययनरत तथा नामांकित जिला के बच्चों को गोली खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत जिला के 6 लाख 66 हजार 888 बच्चों व महिलाओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास एवं शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से मिलकर आपसी तालमेल से कार्य करेंगे। एल्बेंडाजोल की गोली सरकारी स्कूलों और आगनवाड़ी केंद्रों से निशुल्क प्राप्त की जा सकती है। पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की एक गोली साल में दो बार जरूर लेनी चाहिए। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हर 6 महीने में एक साल से 19 साल तक के बच्चे स्वास्थ्य सुधारने के लिए पेट के कीड़े मारने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती है ताकि बच्चों के पेट में कीड़े न रहें। जिससे बच्चे का स्वास्थ्य स्वस्थ रहे और निरंतर उनकी सेहत बनी रहे और अच्छे से पढ़ाई करें। उन्होंने बताया कि सभी इस आयु वर्ग के बच्चों के पेट के कीड़े मारने की एल्बेंडाजोल गोली खिलाना संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जो भी बच्चे 23 से 26 मई के बीच गोली खाने से वंचित रह जाएंगे उन सभी बच्चों को 27 से 29 मई तक घर-घर जाकर गोली खिलाई जाएगी। उप सिविल बसंत दुबे ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सभी बिंदुओं पर बारीकी से प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी बच्चे को खाली पेट दवाई न खिलाएं, बीमार बच्चे को दवा न दें, बच्चों को जबरन दवाई न खिलाएं, गोली को चबाकर ही खिलाएं, एक साल तक के बच्चों को गोली न खिलाएं, दो से चार वर्ष तक के बच्चों को आधी तथा चार वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को पूरी गोली खिलाएं।

### अशोक वर्मा बने आप के लीगल सैल में ऑब्जर्वर

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी की ओर से लीगल सैल संगठन में ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है। इसमें चार पार्टी कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। जिसमें गुरुग्राम से एडवोकेट अशोक वर्मा भी शामिल हैं। आम आदमी पार्टी लीगल सैल के संगठन मंत्री प्रवीण प्रभाकर गौड़ की ओर जारी की गई सूची में एडवोकेट अशोक वर्मा के अलावा एडवोकेट मोक्ष पसरीजा, एडवोकेट बलबीर जाखड़ और एडवोकेट अजय पाल को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। गुरुग्राम और दिल्ली में वकालत करने वाले एडवोकेट अशोक वर्मा वर्ष 2014 से आम आदमी पार्टी से जुड़कर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हुए। इसी वर्ष 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में चमकौर साहिब व डेरा बस्सी विधानसभाओं में उन्होंने कार्यकर्ता के तौर पर काम किया। वर्ष 2014 से उन्होंने पार्टी की ओर से गुरुग्राम समेत हरियाणाभर में सभी कार्यक्रमों व धरना-प्रदर्शनों में भाग लिया। अशोक वर्मा ने वर्ष 1996 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से विधि स्नातक की पढ़ाई पूरी की। छात्र जीवन में वर्ष 1995 में दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय-1 में वे महासचिव भी चुने गए। उनकी इस नियुक्ति पर बधाई देते हुए आप कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि पार्टी ने उनकी प्रतिभा का सही आंकलन करके यह जिम्मेदारी सौंपी है। भविष्य में भी वे पार्टी हित में इसी जोश के साथ काम करते रहेंगे, ऐसी कामना है।

## उमर मोहम्मद फिर से बने प्रधान

### एचएसईबी वर्कर यूनियन का तीन वर्षीय चुनाव हुआ सम्पन्न



मौके पर उपस्थित बिजली कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना

**बिजली** बोर्ड पुनहाना के प्रांगण में एचएसईबी वर्क र यूनियन का तीन वर्षीय चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी घनश्याम दास गुप्ता यूनिट प्रधान, राजेश कुमार केंद्रीय कमेटी सदस्य व तारीक हुसैन उपप्रधान हरियाणा कर्मचारी महासंघ रहे। आज सर्वसम्मति से उमर मोहम्मद लाइनमैन को दोबारा प्रधान व रामवीर सिंह को दोबारा सचिव चुना गया।

सब यूनिट बॉडी में दीन मोहम्मद उप प्रधान, नफीस खान एलडीसी सह सचिव, ताहिर हुसैन कैशियर, मुस्तफा खान एचवीपीएनएल को संगठनर्कता व विजेंद्र कुमार लाइनमैन को संगठनकर्ता नंबर दो चुना गया। चुने हुए सभी पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी के द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई। नवनियुक्त प्रधान उमर मोहम्मद ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी साथियों ने दोबारा से उनके ऊपर जो विश्वास जताया है। वह उसके ऊपर खरा उतरेंगे।

सभी कर्मचारियों को साथ लेकर उनकी मांगों और उनके कामों को तत्परता के साथ अधिकारियों के समक्ष रखकर निष्पक्षता से काम कराएंगे। संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। आज की इस मीटिंग में सिराजुद्दीन जिला प्रधान नूंह इजहार हुसैन एमसीसी, पंडित रामेश्वर दयाल, मनीष जैन, तेजपाल ब्लॉक प्रधान पुनहाना, कुलदीप चौहान सह सचिव, प्रेम सिंह, राजेश कुमार फिरोजपुर झिरका बशरुद्दीन, इमरान, नफीस खान, रुकमुद्दीन, सलीम खान असगर खान, शहूद खान, तरुण, रोहतास लीलाराम, जुनैद, बिलाल दीपक, युसूफ, शब्बीर कासिम, जोगिंदर, सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गोकशी के मामले में फरार एक आरोपी पकड़ा

### सात माह पूर्व दर्ज हुए गोकशी के मामले में था आरोपी

**पुन्हाना।** पिछले सात माह से गोकशी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को स्थानीय सिटी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दिया है। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। स्थानीय सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि साहब खान निवासी पैमा खेड़ा जो कि एक गोकशी के मामले में आरोपी है। वह गांव में आया हुआ है। जिस पर दबिश दी जाए तो पकड़ा जा सकता है। सूचना पाकर तुरन्त टीम गठित कर आरोपी गांव पैमा खेड़ा स्थित घर पर दबिश दी तो आरोपी साहब खान को गिरफ्तार कर लिया। ये आरोपी सात माह पूर्व दर्ज हुए गोकशी के मामले में आरोपी था। जिसके खिलाफ सिटी चौकी पुन्हाना में मामला दर्ज है। जिसकी पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

> **गो** तस्करी व गोकशी के मामले में संलिप्त आरोपियों की लगातार धरपकड़ जारी है। किसी भी आरोपी को नही बख्शा जाएगा। ना ही क्षेत्र में गोकशी बर्दाश्त की जाएगी।
>
> **अमित कुमार**
> **चौकी प्रभारी**

## अदालत ने अरावली अंसल रिट्रिट में फार्म हाउस को तोड़ने के दिए आदेश

**सोहना।** सेशन कोर्ट ने रायसीना से लगती अरावली पहाड़ी में स्थित अंसल रिट्रिट गलत नंबर पर फार्म हाउस बनाने वाले मालिक की याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने वन विभाग को तुरन्त प्रभाव से अवैध रूप से बने फार्म हाउस को तोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसी मामले में शुक्रवार को सिविल अदालत में एक और लगी याचिका पर सुनवाई होगी।

सत्र अदालत ने अरावली पहाड़ी की अंसल रिट्रिट क्षेत्र के 32 नंबर अवैध फार्म हाउस बनाने वाले सुधीर अग्रवाल की याचिका को खारिज कर दिया है। सुधीर अग्रवाल ने अपने फार्म हाउस नंबर-31 को छोड़ते हुए अपनी सुख सुविधा को देखते हुए उससे अलग नंबर-32 में अवैध रुप से फार्म हाउस बनाया हुआ है। आज से करीब दो वर्ष पहले जब वन विभाग की टीम आदालत के आदेश पर अंसल रिट्रिट में सर्वे के लिए फार्म हाउस नंबर 32 पर पहुंचे थी।

## आज 31 गांव में मनाया जाएगा स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस : सलोनी शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**आकांक्षी** जिला नूंह में स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान की नोडल अधिकारी सलोनी शर्मा ने कहा कि आज जिला के विभिन्न 31 गांव में स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया जाएगा। यह पोषण दिवस प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को विभिन्न गांव में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पोषण दिवस को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग , शिक्षा विभाग और विभिन्न एनजीओ साथ मिलकर कार्य करेंगे। वीएचएनडी/यूएचएनडी के सफल आयोजन हेतू स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग और पंचायती राज संस्थाओं के सहयोग से गर्भवती महिलाओं, शिशुओं, किशोर-किशोरियों में अनीमिया, कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य सूचकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम/शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को मनाये जाने का प्रावधान किया गया है। तय मासिक तिथि का निर्धारण महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया है।

ग्राम/शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला/ब्लॉक आशा समन्वयक एल.एच.वी., एएनएम तथा आशा और महिला एवं बाल विकास की ओर से आई.सी.डी.एस. कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी हेल्पर को प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को अलग-अलग गांव/स्लम एरिया में उपस्थित रहने चाहिएं। ग्राम/शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस मनाने के लिये सम्बंधित चिकित्सा अधिकारी, जिला आशा समन्वयक और ब्लॉक आशा समन्वयक पूर्णत: जिम्मेवार है, साथ ही समुदाय, महिला बाल विकास विभाग तथा ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ उनका समन्वय होना अति आवश्यक है।

### आकांक्षी जिला के अंतर्गत पैरामीटर स्वास्थ्य एवं पोषण पर है प्रशासन का विशेष फोकस

**चिकित्सा अधिकारी की भूमिका:** प्रत्येक माह ग्राम/शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस का आयोजन सुचारू रूप में सुनिश्चित करना तथा एएनएम द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करना, साथ ही महिला बाल विकास विभाग, पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर ग्राम/शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस की गतिविधियों को पूरा करना। इस कार्य के लिये जिला आशा समन्वयक और ब्लॉक आशा समन्वयकों की सेवायें जरूरी हैं।

**आशा की भूमिका:** ग्राम/शहरी स्वास्थ्य पोषण दिवस के सफल आयोजन के लिये आशा की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, जो अपनी ए.एन.एम., आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के साथ समन्वय स्थापित करेगी।

## राष्ट्रीय कार्यक्रम से होगा 2025 तक टीबी उन्मूलन

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के टोल फ्री नंबर 18-11-6666 पर रोग संबंधी जानकारी

### टीबी रोग का इलाज सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त में है उपलब्ध

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**उपायुक्त** अजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से टोल फ्री नंबर 1800-11-6666 पर कोई भी व्यक्ति टीबी रोग से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है।

उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या खांसी में बलगम या बलगम में खून आना, भूख व लगातार वजन कम होना, शाम के समय बुखार, रात को पसीना आना इत्यादि में से कोई भी लक्षण हैं तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त में से कोई भी लक्षण पाया जाता है तो उसे तुरंत स्वास्थ्य संस्थान में जाकर टीबी की जांच करवानी चाहिए। यदि जांच में टीबी पाई जाती है तो तुरंत टीबी का ईलाज शुरू करना चाहिए। टीबी का इलाज सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को टीबी हो जाती है तो उसे डॉक्टर की सलाहनुसार पूर्ण इलाज लेना चाहिए व दूसरे लोगों को टीबी लगने से बचाने हेतु इधर-उधर खुले में नहीं थूकना चाहिए और खांसते या छींकते समय मुंह पर कपड़ा लगाना चाहिए। टीबी की जांच व इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त उपलब्ध है। टीबी का अधूरा ईलाज लेने से टीबी पर सामान्य दवाईयां काम करना छोड़ देती है और एमडीआर (बिगड़ी हुई टीबी) बन जाती है। जिसका इलाज 2 साल से 3 साल तक चलता है जबकि सामान्य इलाज 6 महीने तक चलता है।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि टीबी मरीज को इलाज की अवधि के दौरान प्रतिमाह 500 रुपये पोषण भत्ता दिया जा रहा है। इसके अलावा सरकार टीबी के नए मरीजों की जानकारी देकर उन्हें सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर नोटीफाई करवाने वाले व्यक्तियों को भी 500 रुपये प्रोत्साहन भत्ता दे रही है। टीबी के ईलाज में मरीज की मदद करके उसके ईलाज का परिणाम सरकार को देने वाले व्यक्ति को भी नियमानुसार 500 रुपये या इससे अधिक प्रोत्साहन भत्ता दिया जा रहा है।

## हरियाणा की होनी चाहिए अपनी राजधानी और अपना हाइकोर्ट

### पूर्व मंत्री करण दलाल ने राजधानी और हाईकोर्ट के लिए चलाई मुहिम

### पंजाब से अलग हुए हिमाचल प्रदेश के पास है अपनी राजधानी और हाईकोर्ट



रिजवान खान। मेवात

**पंजाब** से अलग राज्य बने हरियाणा के 55 साल बाद भी अपना हाइकोर्ट और अपनी राजधानी ने होने को लेकर पूर्व मंत्री एवम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता करण सिंह दलाल ने हरियाणा की अपनी राजधानी व अपना हाइकोर्ट बनाने की मांग को लेकर एक मुहिम शुरू की है। इसी मुहिम के तहत श्रीदलाल बृहस्पतिवार को नूंह पहुंचे। नूंह बार रूम में आयोजित प्रोग्राम में पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने दोनों मांगों के लिए बार के सदस्यों और वकीलों से समर्थन मांगा।

इस मौके पर बार की ओर से दोनों मांगो का पूरा समर्थन देने और अन्य लोगों को भी इस मुहिम से जोड़ने का भरोसा दिया। पूर्व मंत्री करण सिंह ने बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बड़े अफसोस की बात है कि हरियाणा को राज्य बने 55 साल हो गए हैं, लेकिन अभी तक हमारे पास ने तो अपनी राजधानी है और नहीं अपना हाईकोर्ट है जबकि पंजाब से अलग हुए हिमाचल प्रदेश के पास अपनी राजधानी अपना हाईकोर्ट है। इसके अलावा देश में बने कई राज्यों के पास अपने हाईकोर्ट और अपनी राजधानी है। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार लोगों की आंखों पर धूल झोंकने के लिए केवल हाईकोर्ट अलग बनाने की बात तो करती है लेकिन इसकी शुरुआत नहीं करती। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में हरियाणा पंजाब का 40 और 60 की हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की राजधानी बनने के बाद अपना अलग हाईकोर्ट होगा, अपनी यूनिवर्सिटी होगी और प्रदेश के लोगों को काफी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा जब हरियाणा और मेवात के लोग चंडीगढ़ जाते हैं तो अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं, क्योकि दूसरी हरियाणा की भाषा हिंदी और पंजाब की भाषा पंजाबी है। वहां खाने-पीने में काफी फर्क है। अपनी राजधानी होगी तो हर जिले की अपनी पहचान होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों का सम्मान बढ़ेगा और वकीलों का पैनल आगे बढ़ने में फायदा होगा जबकि हमारे वकीलों को हाइकोर्ट में हिस्सेदारी न कर बराबर है। उन्होंने कहा फिलहाल इस मुहिम को उसने अकेले शुरू किया है लेकिन इस कार्य को वह अकेला नहीं कर सकता। इसलिए जल्दी ही सभी दलों और समाज के प्रमुख और वकीलों की एक कमेटी गठित की जाएगी।

#### चंडीगढ़ की जमीन बेचकर हरियाणा के बीचोबीच में बने राजधानी

**चंडीगढ़** के पास करीब 27000 एकड़ जमीन है। जिसमें से करीब 11000 एकड़ जमीन हरियाणा के हिस्से में आती हैं सरकार को चाहिए कि 11000 एकड़ जमीन को सर्कल रेट पर बेचकर हरियाणा के बीचों बीच में नई राजधानी बनानी चाहिए।


## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम जयपाल सुपुत्र श्री चन्दगी राम सहरावत अंकित है जो ठीक नही है। मेरा सही नाम व पता जयपाल सिंह सपुत्र श्री चन्दगी राम निवासी म० नं० 282 सेक्टर 31 फरीदाबाद हरियाणा है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से पहचाना जाये।

◆ खोया-पाया ◆

I, Mohit Saini S/o Sh. Pritam Saini R/o E44, Nehru Ground, Faridabad 121001, Haryana declare that I have lost my BCA-IInd Year June,2022 Marksheet(5VSU Meerut). If any person found pls contact above address.

### बेदखली सूचना

मै, श्री प्रताप सिंह उम्र 94 वर्ष मलिक पुत्र श्री टोडर सिंह निवासी मकान नं0 744, सैक्टर-9, फ़रीदाबाद हरियाणा, ब्यान करता हूँ कि संजय मलिक मेरा सगा पुत्र है जोकि शादी-शुदा है। सम्पति से मुझे बेदखल करना व अपने नाम वसीयत करने के लिए धमकी व दबाव डाल रहा है। जिससे परेशान होकर मैंने अपने बेटा संजय मलिक को अपनी तमाम चल व अचल संपति से बेदखल कर दिया है। यदि भविष्य में संजय मलिक से कोई भी लेन, देन, नाता रिश्ता आदि रखता है उसके लिए मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का किसी भी प्रकार से कोई ताल्लूक नहीं होगा।

सूचित किया जाता है कि कबुलपुर बांगर खण्ड बल्लबगढ, फरीदाबाद मंदिर वाले तालाब की बोली 8 वर्ष हेतु दिनांक 23-5-2022 को दोपहर 2:00 बजे हरिजन चौपाल पर होगी, अतः बोली दाताओं से निवेदन है कि समय पर पहुंच कर बोली लगायें। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जायेगीं।

सूचित किया जाता है कि लदियापुर नर्सरी चरागाह वाली खण्ड बल्लबगढ, फरीदाबाद की बोली 8 वर्ष हेतु दिनांक 23-5-2022 को सुबह 10:00 बजे मुस्लिम चौपाल पर होगी, अतः बोली दाताओं से निवेदन है कि समय पर पहुंच कर बोली लगायें। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जायेगीं।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कल्पना या तथ्य

### अदालतों से उम्मीद

**मुगल** काल में गिराए गए मंदिरों की बहाली के लिए आजकल कानूनी याचिकाओं का दौर चल रहा है। बाबरी मस्जिद का फैसला आ चुका है और राम मंदिर अयोध्या में उसी स्थान पर बन रहा है जहां एक समय मस्जिद थी। अब वाराणसी में विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद विवाद सामने आया है। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामला भी इसी श्रृंखला में शामिल है। कहा जाता है कि मुगल बादशाह औरंगजेब ने अपने लंबे कार्यकाल में हजारों मंदिर गिरवा दिए थे। अब इन आंकड़ों की पुष्टि का कोई साधन नहीं है, लेकिन उसकी मृत्यु के 300 साल बाद आधुनिक भारत की अदालतें ऐसी याचिकायें निपटाने में व्यस्त हैं जो मुगलकाल में की गई 'गलतियां' ठीक करना चाहती हैं। देश भर में इस समय जो शोर-शराबा मचा हुआ है उसे बदला लेने या मुआवजे वाला न्याय कहा जा सकता है। याचिकायें पुराकल्पना आधारित अनुमानों, लोककथाओं, पूर्व-औपनिवेशिक काल में विजेताओं की वास्तुकला तथा मुगलकाल में सांप्रदायिक बदले की राजनीति पर आधारित हैं। लेकिन अदालतों से उम्मीद की जाती है कि वे अपने फैसले तर्क और तार्किकता के आधार पर देंगी। यह कैसे संभव होगा? वर्तमान समय में विवाद दो प्रकार के हैं। अयोध्या मामले में विवाद हिंदू देवता भगवान राम के जन्मस्थान पर था जो पूरी तरह विश्वास और आस्था का मामला था।



वाराणसी में मुद्दा कथित रूप से एक हिंदू मंदिर गिराने तथा उसके स्थान पर मस्जिद बनाने का है। पहले मामले में न्यायशास्त्र के समक्ष उलझे हुए, अवैज्ञानिक व व्यक्तिगत आयाम शामिल थे जिनका संबंध विश्वास और आस्था से था। दूसरे मामले में लक्ष्य कथित रूप से 353 साल पहले की गई गलती ठीक करने का है।

न्यायपालिका के समक्ष दूसरे किस्म के सवाल हैं जिनसे वह ऐसे मामलों में निपट रही है। यदि किसी देश की जनता प्राचीन समय में की गई गलतियां ठीक करने के लिए शताब्दियों पीछे जाती है तो क्या इसे किसी देश की प्रगति का मानक समझा जा सकता है? यदि याचिकाकर्ताओं का विश्वास है कि अतीत में हजारों ऐसी गलतियां की गई हैं तो क्या सार्वजनिक कार्य विभाग धरती खोद कर प्राचीन हिंदू मंदिरों के अवशेष तलाशनें में व्यस्त हो जाएगा? क्या सैकड़ों-हजारों साल पहले किए गए धर्म-विरोधी अपराधों के लिए बिना किसी अवधि सीमा के याचिकायें दायर की जाती रहेंगी? लेकिन इन याचिकाओं में हिंदूवाद को धर्म क्यों बताया जा रहा है? इससे हम इस महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुंचते हैं कि विधिक संदर्भ में हिंदूवद की क्या परिभाषा होगी? इस प्रकार हम इस समय एक अपरिभाषित क्षेत्र में हैं। 1966 में भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस पी.बी. गजेंद्रगडकर ने कहा था, 'हिंदू धर्म को उपयुक्त ढंग से परिभाषित करना या उसे बताना यदि असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है। इसे व्यापक रूप से जीवन की एक शैली कहा जा सकता है, कुछ और नहीं।' 1996 में सर्वोच्च न्यायालय ने जोर देकर कहा कि 'हिंदूवाद अपने भीतर अनेक विविधतापूर्ण विश्वास, आस्थाओं, व्यवहारों व पूजा पद्धतियों को समाहित करता है कि ठीक-ठीक हिंदू शब्द को परिभाषित करना कठिन है।' छः साल बाद सर्वोच्च न्यायालय में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने पुन: इस सवाल पर विचार किया कि हिंदूवाद क्या है-जीवन शैली या धर्म? हो सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय वाराणसी व ऐसी ही अन्य याचिकाओं पर विचार करने के पहले हिंदूवाद की विधिक परिभाषा की समीक्षा करना चाहे। यदि हिंदूवाद सचमुच जीवन की शैली है तो इससे बहुत कुछ बदल जाता है।

# रक्षा मुद्दों पर सरकार की नीति

भर्ती पर 26 महीने से जारी प्रतिबंध व सीडीएस के चरित्र पर पुनर्विचार से हमारी आपरेशनल क्षमतायें प्रभावित हो रही हैं।



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



राष्ट्रवादी सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को अपना पवित्र देशभक्तिपूर्ण दायित्व मानती है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उसने रक्षा संबंधी दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर अनिर्णय तथा संभवत: पीछे हटने की नीति अपनाई है। ये मुद्दे हैं अधिकारी रैंक से नीचे वाले कर्मियों-पीबीओआर की भर्ती तथा प्रमुख रक्षा प्रमुख या चीफ आफ डिफेंस स्टाफ-सीडीएस की नियुक्ति। सीडीएस की नियुक्ति पर अपनाई रहस्यमय चुप्पी पर बहुत कुछ लिखा जा चुका है, लेकिन भर्ती रोकने पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। मैंने इस विषय पर अनेक वरिष्ठ सेवारत अधिकारियों से बात की है तथा पिछले सप्ताह भी इस बारे में मेरी बात हुई है। मैंने उनसे जानना चाहा कि सरकार ने भर्ती पर पिछले 26 सप्ताह से पूरी तरह रोक क्यों लगा रखी है। यह सवाल पूछने पर एक ब्रिगेड कमांडर थोड़ा असहज दिखे और उन्होंने कहा, 'यह अत्यधिक गंभीर मामला है और इसका हमारी आपरेशनल क्षमताओं पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है जो पहले से ही कमजोर हैं।' यह मामला संसद में भी उठा, लेकिन वहां भी सभी लोग आश्चर्यजनक रूप से खामोश व गैर-प्रतिबद्ध लगे। इस पर उपरोक्त हाई-प्रोफाइल ब्रिगेडियर ने कहा, 'ऐसा लगता है जैसे सरकार ने रक्षा क्षेत्र में दिलचस्पी खो दी है।'

सरकार ने सीमापार किए हमलों, जैसे उरी सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक या म्यांमार में विद्रोही नगा समूहों का तेजी से पीछा करने की घटनाओं में सशस्त्र बलों का समुचित लाभ उठाया। सशस्त्र बलों की इन कार्रवाइयों से सरकार को काफी चुनावी लाभ भी मिले। लेकिन इसके बाद जैसे सरकार निष्क्रिय हो गई और उसने प्रमुख मुद्दों पर अनिर्णय की स्थिति प्रकट की। सीडीएस स्वर्गीय जनरल रावत ने ऐसे समय इतने लंबे समय के लिए भर्ती न रोकी होती जब चीनी पीएलए घुसपैठ के अनेक बिंदुओं पर हमारे सैनिकों के आमने-सामने डटी है और उसने इन स्थानों को खाली नहीं किया है। युद्धक तथा युद्ध-सहायक सशस्त्र बलों में सैनिकों की भर्ती रोकने की व्याख्या किसी तरह करना कठिन है। ब्रिगेडियर ने संकेत किया कि औसतन इन्फैंट्री बटालियनों में उपयुक्त युद्धक शक्ति की तुलना में 150-200 सैनिकों की कमी है। उपरोक्त ब्रिगेडियर ने पूछा, ऐसे समय जब चुनाव हो रहे हैं, धार्मिक त्योहार मनाए जा रहे हैं, मेले और यात्रायें आयोजित की जा रही हैं तथा राजनीतिक रैलियों में भारी भीड़ जुटाई जा रही है तब कोविड के कारण भर्ती रैलियों पर विराम क्यों लगाया गया है।

इस सरकार तथा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैनिकों तथा उनकी वीरता को सर्वोच्च स्थान पर रखा है, ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कहीं यह केवल कहने की बातें या छवि-निर्माण का प्रयास तो नहीं है। सेना में भर्ती रोकने के कारण बेरोजगार विजेता सैनिक बनने का अवसर नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं और उनमें निराशा व्याप्त है। सोशल मीडिया में ऐसी कहानियां भरी पड़ी हैं कि सैनिक बनने की इच्छा रखने वाले अनेक नौजवानों की आयु अधिक हो गई है और उन्होंने खोए हुए अवसरों के कारण शांतिपूर्वक विरोध करना शुरू कर दिया है। उन नौजवानों के बारे में अनेक कहानियां हैं जिन्होंने सेना में भर्ती होने के लिए मीलों लंबी दौड़ लगाई, लेकिन उनके प्रयासों को सफलता नहीं मिली। राजस्थान, मध्य प्रदेश व हरियाणा में अनेक स्थानीय अकादमीशियन संभावित नौजवानों को फौज में भर्ती के लिए तैयार कर रहे थे, पर आज वे बेरोजगार हो गए हैं। ऐसा देश में पहली बार हुआ है कि हमने सेना में भर्ती पर रोक ऐसे समय लगाई है जब देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। पड़ोसी नेपाल में भी भारतीय सेना में भर्ती न होने के कारण नाराजी के स्वर उठ रहे हैं जो भारतीय सेना की 40 गोरखा बटालियनों के लिए गोरखा उपलब्ध कराता है। गोरखपुर के प्रख्यात गोरखा भर्ती डिपो में भर्ती रैलियां नहीं हो रही हैं। अपना उत्साह बनाए रखने के लिए अनेक गोरखा नौजवान भर्ती के बारे में फर्जी पोस्टर लगा रहे हैं। वर्तमान समय में अधिकांश कोविड नियंत्रण हटाए जा चुके हैं और तीसरी लहर पर भी समुचित नियंत्रण लगाने में सफलता मिली है। ऐसे में सेना में भर्ती पर प्रतिबंध को क्या '3-5 टूर आफ ड्यूटी प्रस्ताव'-टीओडी जैसे हानिकारक विचार से जोड़ा जा सकता है? अथवा यह वेतन व पेंशन पर खर्च बचाने के माध्यम से राजस्व खर्च घटाने का तरीका है?

उपरोक्त विचारशील ब्रिगेडियन ने सुझाव दिया कि टीओडी को सीधे खारिज नहीं किया जाना चाहिए। इसका परीक्षण एक या दो इकाइयों में होना चाहिए। यह उसी प्रस्ताव की तरह है जिसे शुद्ध 'सिंगल क्लास रेजीमेंटों' के रूप में पेश किया गया था, पर बाद में 'आल-इंडिया क्लास' के रूप में इसका प्रयोग किया गया। ब्रिगेड के एक और अधिकारी ने बताया कि कोविड के दौरान सेना ने अपना अत्यधिक सेनीटाइजेशन किया तथा उसने सहायता के लिए सिविलियनों की सेवायें लेने से इनकार कर दिया। हालांकि, यह समय लोगों तक पहुंचने के लिए बहुत अच्छा था लेकिन यह विचार हावी हो गया कि 'हम अपनी छावनियों में पले-बढ़े हैं।' सेना का प्रयोग उन विस्थापितों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था जो अपने गांवों को वापस लौट रहे थे। सेना मूल्य-संवर्धन के माध्यम से भी अनेक लोगों की सहायता कर सकती थी।

रक्षा क्षेत्र में वर्तमान अव्यवस्था का कारण आंशिक रूप से सीडीएस की अनुपस्थिति है। लेकिन आखिरकार यह समस्या हमारे सामने आ गई है। छः महीने तक मामला लंबित रहने के बाद आखिरकार रक्षा विभाग के अधिकारी संकेत दे रहे हैं कि सीडीएस की नियुक्ति में विलम्ब के उचित कारण हैं। रणनीतिक समुदाय के कुछ लोगों का अनुमान है कि सरकार सीडीएस के चार्टर पर पुन: विचार कर रही है। वह खासकर रक्षा मामलों के विभाग के बारे में चिन्तित लगती है क्योंकि सेना पर रक्षा सचिव व उसके नौकरशाहों का पहले जैसा नियंत्रण अब नहीं रहा है। डीएमए के अनेक विभागों व सेक्शनों का हस्तांतरण हो गया है जो पहले रक्षा सचिव के आधीन थे।

इससे सिविलियन अधिकारियों का हाशियाकरण हो गया है। वर्तमान व्यवस्था में सीडीएस अत्यधिक शक्तिशाली हो गया है। वह रक्षा मंत्री को एक बिंदु पर सलाह देने वाला, चीफ आफ स्टाफ कमेटी का स्थाई अध्यक्ष तथा डीएमए का सचिव, नाभिकीय कमांड ग्रुप का सलाहकार, रक्षा अधिग्रहणों के निजीकरण में अंतिम निर्णय लेने वाला तथा थियेटर कमांडों का आपरेशनल प्रमुख होता है। हालांकि, सीडीएस सेना प्रमुखों में समान में प्रथम का दर्जा प्राप्त होता है, पर उसका कार्य चार्टर उसे औपनिवेशिक युग के सी-इन-सी से ज्यादा शक्तिशाली बना देता है जिसका गवर्नर जनरल से टकराव हो सकता था। जब जनरल बिपिन रावत को जल्दबाजी में 31 दिसंबर, 2019 को सीडीएस नियुक्त किया गया था तब उनका ड्यूटी चार्टर सीओएससी तथा खोजी डीएमए ने तैयार किया था। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोवाल ने स्वीकार किया था जो रक्षा नियोजन समिति के अध्यक्ष तथा वास्तव में सुरक्षा सुप्रीमो थे।

सेवानिवृत्त लेफ्टीनेंट जनरल वी.जी.वानखेड़े को पहली बार रक्षा सचिव का सैनिक सलाहकार बनाया गया था। वे पहले एनएसए के सैनिक सलाहकार थे। संभवत: इस कारण रक्षा सचिव व सीडीएस-डीएमए के बीच मतभेद पैदा हुआ। सीडीएस अस्तित्वमान हो या नहीं, रक्षा सेवायें रक्षा विभाग में सिविलियन नौकरशाही पर पूर्ण नियंत्रण पाना चाहती हैं। संभवत: यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए भी उचित है।

# कांग्रेस को चाहिए नया विमर्श व स्पष्ट वैचारिकता

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



कांग्रेस उदयपुर चिंतन शिविर से कहां तक जाएगी? क्या कॉन्क्लेव व्यर्थ की कवायद थी, या यह पार्टी को पुनर्जीवित करेगा? यह सब सम्मेलन में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन पर निर्भर करता है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि शिवर को एक रस्म नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा, "मैं यह सुनिश्चित करने में आपके पूर्ण सहयोग का अनुरोध करती हूं कि उदयपुर से जो एक प्रमुख संदेश स्पष्ट और स्पष्ट हो, वह हमारी पार्टी के त्वरित पुनरुद्धार के लिए एकता, एकजुटता, दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता में से एक है।" बेहद जरूरी कॉन्क्लेव नौ साल बाद आया है।

नेतृत्व संकट, संगठनात्मक सुधार, पुनरुद्धार और चुनाव रणनीति सहित लगातार हार के बाद जी-23 विद्रोहियों द्वारा उठाए गए गंभीर मुद्दों के बीच सम्मेलन का समय है। साथ ही पार्टी का आम आदमी से संपर्क टूट गया है. शायद इसे ठीक करने के लिए शिविर ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक फिर से जुड़ने के लिए पदयात्रा की घोषणा की है।

उदयपुर में, पार्टी छह व्यापक क्षेत्रों में सिफारिशों के साथ आई, जिसमें प्रत्येक समूह के छह वरिष्ठ नेता थे। वे संगठन सुधार, राजनीतिक मुद्दे, अर्थव्यवस्था, सामाजिक न्याय, कल्याण, शिक्षा और रोजगार हैं। कांग्रेस कार्यसमिति ने रविवार को संगठनात्मक सुधारों की अधिकांश सिफारिशों को मंजूरी दे दी। इनमें एक परिवार, एक टिकट नियम, सीडब्ल्यूसी सहित सभी स्तरों पर 50 वर्ष से कम आयु वालों के लिए 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व और सभी स्तरों पर पदों पर रहने वालों के लिए पांच साल की अवधि सीमा शामिल है। कहने की जरूरत नहीं है कि गांधी परिवार सभी नियमों से मुक्त हैं।

हालांकि, जो गायब है वह और अधिक चमकदार है। उदाहरण के लिए, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक शीर्ष पर नेतृत्व संकट है। 2019 का चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने 6 अगस्त को पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया और सोनिया अंतरिम पार्टी प्रमुख बन गईं। हालांकि गांधी के वफादारों ने मांग की कि राहुल को फिर से राष्ट्रपति बनना चाहिए, उदयपुर की घोषणा इसके बारे में चुप थी। दूसरा एक परिवार के बारे में है- एक टिकट का फैसला। किसी को याद करना चाहिए कि कैसे 2019 के चुनाव परिणामों के बाद राहुल गांधी ने वरिष्ठ नेताओं की आलोचना की थी।




अशोक गहलोत और पी चिदंबरम की तरह अपने परिवारों की सफलता के लिए काम करने के लिए। कांग्रेस को वंशवाद की राजनीति छोड़ देनी चाहिए। तीसरा संसदीय बोर्ड को पुनर्जीवित करने के बारे में है, जो विद्रोही समूह जी-23 की मांगों में से एक है। पी वी नरसिम्हा राव के प्रधान मंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने 1992 में बोर्ड को बंद कर दिया। हालांकि उप-समूह ने संसदीय बोर्ड के पुनरुद्धार की सिफारिश की, सीडब्ल्यूसी ने इसे अस्वीकार कर दिया। महिला विंग, एनएसयूआई, सेवा दल और अन्य जैसे मौजूदा पार्टी घटकों को सक्रिय करने के बजाय, कॉन्क्लेव ने पार्टी को लड़ाई के लिए तैयार करने के लिए सार्वजनिक अंतर्दृष्टि, चुनाव प्रबंधन और कैडर प्रशिक्षण के नए विभागों का गठन करने का भी निर्णय लिया। चौथा, राजनीतिक संकल्प ने गठबंधनों के लिए एक दरवाजा खुला छोड़ दिया।

1998 से कांग्रेस अपनी सरकार नहीं बना सकी और क्षेत्रीय शक्तियों के उदय के बाद वह भाजपा का विरोध करने के लिए उनके साथ गठबंधन पर अधिक निर्भर है। कांग्रेस 1989 से यूपी, 1990 में बिहार, 1967 में तमिलनाडु, 1973 में पश्चिम बंगाल, बीजेडी के सत्ता में आने के बाद से ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 2014 से सत्ता में नहीं थी। सोनिया गांधी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को सत्ता में लाई थीं। 2004 और 2009 में। लगभग 180 लोकसभा सीटों पर पार्टी की उपस्थिति लगभग नहीं है। एक कनिष्ठ साझेदार के रूप में भी, उसे एक मजबूत चुनौती देने के लिए गठबंधन बनाने की जरूरत है। विरोधाभास यह है कि कांग्रेस बिना लाभ के सत्ता में नहीं आ सकती, और फिर भी वह अपने सहयोगियों के साथ संघर्ष किए बिना ऐसा नहीं कर सकती।

कांग्रेस को यह पहचानना चाहिए था कि भाजपा कहां कमजोर है और 2024 के लिए गठबंधन के साथ या उसके बिना चुनावी रणनीति तैयार करनी चाहिए। भाजपा लगातार कोशिशों के बावजूद पूर्व और दक्षिण में प्रवेश नहीं कर पाई है। अंतिम लेकिन कम से कम, शिवर ने दिखा दिया है कि पार्टी गांधी के बिना नहीं हो सकती। इस साल, प्रारंभिक परीक्षा गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होगी, और फिर कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में 2023 में चुनाव होंगे। ये प्रमुख राज्य हैं जहां कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन करना है और चुनाव जीतना है। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए। जबकि राहुल ने कहा, 'हम जीतेंगे', सोनिया ने अपने रैप-अप बयान में, पार्टी कार्यकर्ताओं को एक स्पष्ट आह्वान दिया और कहा, 'हम जीतेंगे। हमारी इच्छा शक्ति, वही हमारा संकल्प'।

लेकिन उसके लिए कांग्रेस को एक नए आख्यान, स्पष्ट विचारधारा, सामरिक गठजोड़, नेतृत्व और संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए- इन सभी का उसके पास अभाव है। आगे बढ़ने और आगे बढ़ने के लिए कांग्रेस को बड़ी सर्जरी की जरूरत है, न कि केवल मेकओवर की।

## आप की बात

### गलत इतिहास

**हमें** इतिहास ही गलत पढ़ाया जाता रहा है। वामपंथी लेखकों ने मुस्लिम आक्रांताओं का काफी गुणगान किया, उनके शौर्य की मनघड़ंत कहानियां सुनाई मगर सच कुछ और ही है! आठवीं सदी के बाद से ही भारतीय संस्कृति के मानकों को अपमानित करने का कुचक्र रचा गया। मुस्लिम आक्रान्ताओं ने भारत के वैभव व सम्पत्ति के लालच में भारतभूमि पर खून की होली खेलनी शुरू की और अत्याचारों का सिलसिला शुरू कर दिया। मुस्लिम सुलतान क्रूर लुटेरे थे, जिन्होंने धन, सत्ता की हवस में मंदिरों पर आक्रमण किया, लूट-पाट की और मंदिर तुड़वा कर वहां मस्जिद खड़े कर दिए। बात चाहे काशी विश्वनाथ कि हो या श्रीकृष्ण जन्मभूमि की या अधिकतम मस्जिदों की मूलरूप से वहा मंदिर ही हुआ करते थे। सच पराजित नहीं होता! भारत के मुस्लिम समाज को भी सच को स्वीकारना चाहिए, साथ ही गोरी, गजनी, खिलजी, बाबर, औरंगजेब जैसे आक्रांताओं को अपना पूर्वज या प्रेरणास्त्रोत मानने से भी बचना चाहिए। भारत के मुस्लिम अरब, अफगानिस्तान, ईरान आदि से नहीं आए। वे तो यहीं के लोग थे, जिनके पूर्वज हिंदू थे। यह ठीक है कि उनके पूर्वजों ने अत्याचार से बचने के लिए इस्लाम स्वीकार कर लिया।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### धरोहरों पर शोध एक सामान्य प्रक्रिया

**ऐतिहासिक**, धार्मिक एवं पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण धरोहरों पर शोध की दृष्टि से पड़ताल एवं साक्ष्यों का एकत्रीकरण एक सामान्य प्रक्रिया है जिस पर किसी को आपत्ती नहीं होना चाहिए। हमारे भारतवर्ष में सैकड़ों ऐसे स्थान है जिस के इतिहास के बारे में कई गलतफहमियां है। मथुरा, काशी, अयोध्या एवं ताजातरीन ज्ञानवापी मस्जिद जैसे कई धर्म स्थल है जिनका इतिहास सनातन काल से हिंदुओं की मूल परंपरा एवं आस्था से जुड़ा हुआ है। जन सामान्य को वास्तविक तथ्यों से अवगत करवाना एवं भारत के गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाना सरकार के संस्कृति विभाग का नैतिक दायित्व है। हमारे देश ने पूर्व में सैकड़ों वर्षो तक गुलामी का दंश झेला है। मुगल काल और अंग्रेजों के शासन में हमारी सनातन सभ्यता के प्रतीक मंदिरों, विश्वविद्यालयों, साहित्य एवं विचारधारा को इस्लाम एवं ईसाइयत के रंग में रंगने का कुत्सित प्रयास किया गया है। पुरातात्विक सर्वेक्षण में ऐसे प्रमाण मिल रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद भी एक लंबे अर्से तक हमारे हुक्मरान पुरानी मान्यताओं को ही पल्लवित एवं पोषित करते रहे। वर्तमान सरकार अगर सही तथ्यों को सामने ला रही है तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### भारत-नेपाल संबंध

**महोदय**, यह पत्र 'पी एम मोदी की नेपाल यात्रा के निहितार्थ' से सम्बंधित है। इसमें कोई संदेह नहीं है की नेपाल के साथ भारत के संबंधों की अपनी महत्वता है क्यूंकि जब हम चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से घिरे हों और चीन की रूचि नेपाल में अपने पैर पसारने की हो वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करके तो भारत को तो नेपाल के साथ मधुर द्विपक्षीय सम्बन्धो को रखने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं है। इसके अतिरिक्त नेपाल के लिए भी यह अहम् है की वे इस बात पर विचार करे की चीन ने कैसे श्री लंका को अपने कर्ज के बोझ तले दबाकर उसे बर्बादी की कगार पर ला कर खड़ा कर दिया है। तो नेपाल को अपना अच्छा बुरा सही से समझ आ जाना चाहिए। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ने जो भी भारत विरोधी माहौल खड़ा करने की कोशिश की हो पिछले कुछ वर्षों में उसे भूल कर हमें एक समझदार पड़ोसी की तरह दोबारा से नेपाल के साथ सम्बन्ध सुदृढ़ करने हैं इसमें नेपाल और भारत दोनों का भला निहित है।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भाजपा** को बुलडोजर अभियान चलाने का क्या नैतिक अधिकार है?
– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**यूक्रेन** यह युद्ध जीत सकता है। यूक्रेनी वीरतापूर्वक अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहे हैं।
– **जेन्स स्टोल्टेनबर्ग**
नाटो प्रमुख





**राहुल** भट की हत्या लक्षित है। इसकी जांच एसआईटी करेगी।
– **मनोज सिन्हा**
जम्मू कश्मीर के उप-राज्यपाल

# मिट्टी से निर्मित मटका व कसोरा पेंटिंग कार्यशाला का समापन

## स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर आयोजित हुई 2 दिवसीय कार्यशाला

## सरकारी स्कूल की छात्राओं के साथ जेबीटी छात्राओं ने भी लिया हिस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में शहर के कोट मोहल्ला स्थित स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर आयोजित 2 दिवसीय मिट्टी से निर्मित मटका व कसोरा पेंटिग कार्यशाला का समापन हुआ। इस कार्यशाला में सरकारी स्कूल की 3 दर्जन से अभी अधिक छात्राओं ने आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव के दौरान मनमोहक चित्रकारी कर अपनी कला का परिचय दिया। कार्यशाल का आयोजन राष्ट्रीय कला केंद्र भारत सरकार एवं जिला प्रशासन ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के नेतृत्व में किया गया।

स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय में दो दिवसीय मटका व कसोरा पेंटिंग कार्यशाला के दौरान सरकारी स्कूलों की छात्राएं विभिन्न तरह की चित्रकारी बनाई। जिसमें कुछ छात्राएं जेबीटी की भी शामिल रही। यहां खास बात यह है कि इन सब छात्राओं को खासतौर से कच्ची मिट्टी से बने बर्तनों पर किस तरह से पुराने समय के दौरान चित्रकारी कर सजाया जाता था, वह ज्ञान इनको दिया गया। यहां पर पेंटिंग कर बच्चों में भी अच्छी खासी खुशी देखने को मिली है।



मिट्टी के बर्तनों पर पेंटिंग करती छात्राएं।

अधिकतर जेबीटी छात्रा मीनू और नितिका का कहना था कि उन्होंने संग्रहालय देखने के साथ-साथ मिट्टी के बन बर्तन पर भी चित्रकारी करना भी अब सीख लिया है।

ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी और जिला प्रशासन द्वारा यह उनके लिए एक अच्छा आयोजन किया गया है, जिन्होंने ऐतिहासिक धरोहर संग्रहालय को भी देखा है। इस दौरान सरकारी विद्यालय से पहुंची टीचर भी काफी खुश नजर आई। दीपिका टीचर ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला सरकार प्रशासन को समय-समय पर ऐतिहासिक धरोहरों पर जरूर आयोजित करानी चाहिए, ताकि बच्चों का मानसिक विकास हो सके।

कार्यशाला में खासतौर से जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की गायक टीम ने भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हरियाणा में कम होती लड़कियां कराई जा रही भ्रूण हत्या पर जागरूक रहो बेटियों को बचाओ बेटियां हैं। शक्तिशाली से संबंधित रागिनियों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। यहां पर गर्मी के दौरान ठंडाई और भंडारे का भी आयोजन हुआ।

### ऐतिहासिक विरासत के बारे में समझाया

**दिल्ली** से सोनीपत म्यूजियम में बच्चों की कार्यशाला में उन्हें मार्गदर्शन करने पहुंची सुरुचिका चावला और राष्ट्रीय कला केंद्र से संरक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आंचल पांड्या ने बताया कि 2 दिवसीय स्कूली बच्चों कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों ने खास तौर से मिट्टी से बनने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ बच्चों को संग्रहालय के विषय में बारीकी से बताया गया। सोनीपत जिला में मौजूद ऐतिहासिक विरासत के बारे में समझाया गया है।

## कार का शीशा तोड़ प्रिंसिपल की डिजाइर कार घर से चोरी

**अंबाला छावनी।** अंबाला छावनी के ईदगाह रोड से बीती रात चोर स्विफ्ट डिजायर कार चुराकर फरार हो गये। सुबह उठ सैर से आने पर साहा सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल महेंद्र लांबा ने देखा कि उनकी कार गायब है और वहां पर कांच टूटा पड़ा है ये देख कर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी भी चेक किए। रात करीब दो बजे कार कोई चला कर ले जा रहा है जब कि चोर का चेहरा नजर नहीं आ रहा। टूटा कांच देख कर ऐसा प्रतीक होता है कि चोरों ने खिड़की का शीशा तोड़ कर गाड़ी चोर चाभी से स्टार्ट कर चोरी की है। सुभाष लांबा ने बताया कि रात्रि कार घर के बाहर शिव मंदिर के पास खड़ी की थी। सुबह देखा तो गाड़ी संख्या एचआर 01एबी 9224 गायब थी। यह कार महेंद्र कुमार लांबा के नाम पर है।

## संक्षिप्त-समाचार

### नन्हे बच्चों ने मारकंडेश्वर मंदिर में किए दर्शन



शाहाबाद के मारकण्डेश्वर मन्दिर में दर्शन करते सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नन्हे विद्यार्थी।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा प्री-नर्सरी से दूसरी तक के लगभग 250 विद्यार्थियों को मारकण्डेश्वर मन्दिर में दर्शन करने हेतु ले जाया गया। प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने विद्यार्थियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नन्हें विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने का आह्वान करते हुए धार्मिक विविधता के बारे में बताया। घुम्मन ने बताया कि स्कूल के माहौल से हट कर कभी कभी ऐसा माहौल बनाने से बच्चों में खुशी की भावना बनी रहती है। सभी बच्चों ने मंदिर प्रांगण में विभिन्न देवताओं की मूर्तियों पर शीश नवां कर प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर मन्दिर प्रधान राज ऋषि गंभीर, पंडित भजन लाल, पंडित विकास शर्मा, स्कूल उप-प्राचार्य विरेन्द्र सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन, संजीव, रजनी, सुमन, रूपाली, मोनिका, मेनका, मीरा, डिम्पल, आशा, कल्पना, कल्पना गोयल आदि स्कूल स्टाफ मौजूद था।

### समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन जारी

कुरुक्षेत्र। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर में एक जून से समर कैंप लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए संगीत कला केंद्र के मेंबर जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि कैंप में बच्चों को गिटार, वेस्टर्न डांस, सेमी क्लासिकल डांस कोंगो, डांस, जुंबा सिखाया जाएगा। कैंप 18 जून तक चलेगा। कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। उन्होंने बताया कि कैंप को लेकर बच्चों में खासा उत्साह है। कैंप के लिए लिमिटेड सीटे हैं। जितेंद्र ने कहा कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान लगने वाला कैंप बच्चों के लिए लाभदायक रहेगा। बच्चे अपनी रूचि के अनुसार गायन, डांस आदि का चयन कर सकते हैं।

### भविष्य में जीवन बचाने के लिए जल संरक्षित करना ही होगा

**करनाल।** जीवन के लिए पानी बहुत जरूरी है, आज पानी बचाना हम सबके लिए विकल्प नहीं बल्कि जरूरी हो गया है। पानी का भूमिगत स्तर लगातार नीचे जा रहा है। जिसके कारण हमारा भविष्य आने वाले 30-35 सालों में अंधकारमय नजर आ रहा है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केन्द्र करनाल में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ. विजय कुमार कौशिक ने कही है। पिछले तीन दिनों से डॉ. कौशिक ने जल संरक्षण अभियान के तहत किसानों, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को पानी बचाने के लिए जागरूक करने की मुहिम छेड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि इस पानी का उपयोग लगभग 83 प्रतिशत फसलों की सिंचाई के लिए किया जाता है। खेत में पानी बचाने के लिए धान की जगह दूसरी फसल लगाई जा सकती है या डीएसआर विधि से धान बोया जा सकता है, इससे पानी की बीस से तीस प्रतिशत तक बचत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्षा के पानी का संचय करने के लिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अधिक से अधिक लगवाने होंगे ताकि पृथ्वी के भूजल को रिचार्ज किया जा सके। भूजल का दोहन बहुत जरूरी और जरूरत के अनुसार ही करना होगा। पानी को प्रदूषित होने से भी बचाना होगा। अगर हम सबने मिलकर पानी को बचाना अभी से शुरू नहीं किया तो वो दिन दूर नहीं की पानी के लिए ही त्राहिमाम मच जाएगा। इस स्वच्छ और सिंचाई योग्य जल के संकट से विश्व के लगभग 70 देश पीड़ित है। इसी प्रकार यदि भू-जल का दोहन होता रहा तो अगले 30 सालों में पानी का संकट आने से कोई रोक नहीं पाएगा।

### यूथ रेडक्रॉस ने मीठे जल की छबील लगाई



छबील लगाकर ठंडा मीठा जल वितरित करते यूथ रेडक्रॉस एवं साहित्यिक क्लब के सदस्य।

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद। मारकंडा नेशनल कॉलेज शाहाबाद के यूथ रेडक्रॉस एवं साहित्यिक क्लब के सदस्यों द्वारा ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। तेज धूप एवं तपती गर्मी को देखते हुए राहगीरों की सेवा के लिए कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षक और गैर-शिक्षक सदस्यों ने दान राशि एकत्रित करके ठंडे मीठे जल की यह सेवा की। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने किया। यूथ रेडक्रॉस के संयोजक डॉ. अजय कुमार अरोड़ा की देखरेख में विद्यार्थियों ने सामाजिक जिम्मेदारी एवं सेवा भाव के उत्थान के लिए इस छबील का आयोजन किया। कार्यक्रम में यूथ रेडक्रॉस एवं साहित्यिक क्लब के सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक तथा एनसीसी कडेट्स ने सेवा भाव से अपना योगदान दिया। इस मौके पर डॉ. भूपिन्द्र, डॉ. जवाहर लाल, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ. सुरेश, डॉ. चूहड़ सिंह, डॉ. संदीप श्योरान, डॉ. दिव्या, डॉ. हरीश, कृष्ण लाल, ललित शर्मा, राजेश, चरणजीत, अश्वनी आदि कॉलेज सदस्य मौजूद रहे। छबील वितरण में अंकुश, अभिषेक, हार्दिक, अर्शप्रीत, परवेज, ऋषभ एवं अन्य विद्यार्थियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# स्वतंत्रता संग्राम : प्रदेश के गुमनाम नायकों को खोजेंगे इतिहासकार

## भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने रिसर्च असिस्टेंट के रूप में किया डॉ. राजेश गुप्ता का चयन

### डॉ. राजेश गुप्ता ने संस्कृति मंत्रालय का गौरवमयी कार्य में चयन के लिए जताया आभार

**रणबीर सिंह रोहिल्ला।** सोनीपत

**इतिहासकार** डॉ. राजेश गुप्ता हरियाणा के उन गुमनाम नायकों को खोजने का काम करेंगे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व कुर्बान कर दिया। किंतु इतिहास के पन्नों में उन्हें स्थान नहीं मिल सका। इसके लिए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने डॉ. गुप्ता का चयन किया है। संस्कृति मंत्रालय ने हरियाणा के तीन इतिहासकारों को इस कार्य के लिए चुना है, जिनमें सोनीपत जिला से एकमात्र डॉ. गुप्ता को यह गौरवमयी उपलब्धि मिली है।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों को खोजने का पुनीत कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने ली है। संस्कृति मंत्रालय इसके लिए समर्पित इतिहासकारों को साथ जोड़कर इस कार्य को गति प्रदान कर रहा है। इस कड़ी में हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसीपल एवं इतिहासकार डॉ. राजेश गुप्ता को भी शामिल किया है, जिन्हें संस्कृति मंत्रालय ने रिसर्च असिस्टेंट के रूप में नियुक्त किया है। इनके अलावा कैथल से कविता और भिवानी से डॉ. रविप्रकाश को भी शामिल किया गया है। डॉ. राजेश गुप्ता ने अपने चयन के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का विशेष आभार प्रकट किया है।



इतिहासकार डॉ. राजेश गुप्ता।

### डॉ. गुप्ता हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसीपल पद को कर रहे सुशोभित

उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देशभर के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल रहे गुमनाम नायकों का रिकॉर्ड एकत्र कर एक जगह संस्कृति मंत्रालय के माध्यम से प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है। इस कड़ी में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी में विभागाध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश को विशेष दायित्व सौंपा है, जिनके साथ मिलकर वे भी गुमनाम नायकों को खोजेंगे।

गौरतलब है कि डॉ. राजेश गुप्ता की द्वारा लिखित पुस्तक - भारत का स्वतंत्रता आंदोलन और हरियाणा का वैश्य समाज (1919 से 1947) प्रकाशित हो चुकी है। उनकी दूसरी पुस्तक - 1857 की क्रांति तथा दिल्ली के आसपास का वैश्य समाज की भूमिका प्रकाशन की ओर अग्रसर है। उनके लेख भी अनेक शोध पुस्तकों में प्रकाशित हो चुके हैं। अब वे पूर्ण ईमानदारी, कर्मठता व समर्पण के साथ गुमनाम नायकों को खोजने में जुट रहे हैं। डॉ. राजेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह बेहतरीन पायलट परियोजना है कि ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों को खोजने का काम किया जा रहा है, जिनको इतिहास में स्थान नहीं मिला। पहले इस तरह का प्रमाणित रिकॉर्ड सूचीबद्ध नहीं किया। ऐसा पहली बार किया जा रहा है, जिससे आजादी के नायकों की एक अलग पहचान बनेगी। रिकॉर्ड तैयार होने के बाद गुमनाम नायकों के परिजन तथा देश का कोई भी नागरिक उस रिकॉर्ड को संस्कृति मंत्रालय में देख सकेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी जन के पास इस प्रकार की कोई जानकारी हो तो वह उनके साथ साझा कर सकते हैं।

## दिव्यांगजनों तक सुविधाएं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें अधिकारी



डीसी अधिकारियों के साथ मीटिंग कर दिशा निर्देश देते हुए।

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिन दिव्यांगजनों ने अभी तक यूडीआईडी कार्ड नहीं बनवाएं हैं। वे सीएससी सेंटर पर जाकर अपना कार्ड अवश्य बनवाएं ताकि उन्हें सुविधाओं का लाभ उठाने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम को जिला में सही तरीके से लागू किया जाए और दिव्यांगजनों तक उनके अधिकार तथा सुविधाएं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड़ ने जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की बैठक में एजेंडा प्रस्तुत किया और कहा कि सभी दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सेमिनार का आयोजन करवाया जाना है। इस पर उपायुक्त ने कहा कि तपन पुनर्वास सोसाईटी, जिला शिक्षा अधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में इस सेमिनार का आयोजन किया जाए और इसका व्यापक स्तर पर पर प्रचार-प्रसार हो। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय दिव्यांग समिति के सदस्य डा. योगेश कुमार, मनोरोग वैज्ञानिक डॉ. मनन गुप्ता, जिला न्यायवादी पंकज, तपन पुनर्वास सोसाइटी की निदेशक डॉ. सुजाता और दिव्यांग नरेश कुमार के अलावा जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, उप सिविल सर्जन डॉ. कुलबीर आदि अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में भी चल रही आप की लहर : प्रवीण चौधरी



ग्रामीणों को संबोधित करते आम आदमी पार्टी के पंचायती राज के उत्तरी जोन संयोजक प्रवीण चौधरी।

### आम आदमी पार्टी की ब्रह्मसरोवर पर 29 मई को होने वाली रैली का दिया न्योता

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के पंचायती राज के उत्तरी जोन संयोजक व पूर्व जिला परिषद चेयरमैन प्रवीण चौधरी ने गांव तिगरी और बारवा में जनसभा कर आम आदमी पार्टी की 29 मई को कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली का न्योता दिया।

प्रवीण चौधरी ने कहा कि दिल्ली व पंजाब के बाद अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की लहर चल रही है जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग रोजाना पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 29 मई को ब्रह्मसरोवर पर होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली में राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल हरियाणा में राजनीति के बदलाव की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली व पंजाब में ऐतिहासिक जीत के बाद अब हरियाणा के लोग भी प्रदेश में बदलाव लाना चाहते हैं। प्रवीण चौधरी ने कहा कि प्रदेश के लोग बेहतर स्कूल, अच्छे अस्पताल और सस्ती व 24 घंटे बिजली चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद पंजाब और अब हरियाणा में जनता को आम आदमी पार्टी एक बेहतर विकल्प के रूप में जनता के सामने है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में जो काम करके दिखाया, उसे पूरे विश्व ने सराहा है।

आम आदमी पार्टी पंजाब में दिल्ली मॉडल को लेकर चुनावी मैदान में उतरी थी, जिसपर जनता ने मोहर लगाई। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मेवाराम आर्य ने कहा कि रैली में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल हरियाणा प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी बताएंगे। इससे पहले ग्रामीणों ने गांव में पहुंचने पर प्रवीण चौधरी व जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया। मौके पर संजय चौधरी, रमेश, सतपाल, ईशम सिंह, विकी, अंग्रेज और दिलभाग मौजूद रहे।

## कार में बैट्रियां और इनवर्टर लेकर ठग फरार

**अंबाला।** गत दिवस एक शातिर ठग ने नसीरपुर में स्थित जोत बैट्री के संचालक नरेंद्र कुमार को हजारों रुपये का चूना लगा दिया। दरअसल पंजाब नंबर की एक टैक्सी गाड़ी में एक युवक सबसे पहले कचहरी रोड पर भगत सिंह मार्केट में स्थित राजेश की बिजली की दुकान पर गया और इनवर्टर बैट्री के बारे में पूछा तो राजेश कुमार ने उस ठग को कहा कि उनका बिजली का काम है, यदि इनवर्टर बैटरी चाहिए तो नसीरपुर में जोत बैटरी पर चला जाए। उसके बाद वह युवक जोत बैट्री की शॉप पर गया तो वहां उस ठग ने कहा कि उसे दो इनर्वटर बैटरी सेट चाहिए, जोकि लोहसिंबली में लगाना है। दुकानदार नरेद्र ने गाड़ी में दो इनवर्टर बैट्रियां रखवा दी और उसके साथ गाड़ी में बैठ गया। मोती नगर से आगे लोहसिंबली के पास उस ठग ने बहाने से दुकानदार नरेंद्र को उतार दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गया।

# मीड-डे मिल वर्कर्स को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए : शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मिड** डे मील वर्कर्स यूनियन की ब्लाक कमेटी सोनीपत की मीटिंग पंचायत भवन में रोशनी की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन सीमा ने किया। मीटिंग में मुख्य रूप से सीटू के जिला प्रधान आनंद शर्मा शामिल हुए। उन्होंने मीड-डे मील वर्करों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है, लेकिन बेटियों से फ्री में काम लिया जा रहा है। स्कूलों में खाना बनाने वाली मिड-डे मील वर्कर्स को मात्र 35 सौ रुपये मानदेय दिया जा रहा है। मानदेय कई-कई महीने तक लटका कर रखा जाता है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार जो अपने सरकारी विभाग में भी न्यूनतम वेतन अधिनियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जब रेगुलर काम है, तो मीड-डे मिल वर्कर्स को पक्के कर्मचारी का दर्जा क्यों नहीं दिया जाता। जब तक पक्का नहीं किया जाता, कम से कम न्यूनतम वेतन दिया जाए और न्यूनतम वेतन 24000 घोषित किया जाए।

देश के संविधान एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार भी समान काम समान वेतन अभी तक मिड-डे मील वर्कर्स पर लागू नहीं किया गया है। सरकारी टूरिज्म के होटलों में खाना बनाकर परोसने वाले कर्मचारियों के समान वेतन मिड-डे मील वर्कर्स को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार मिलना चाहिए, लेकिन केंद्र व हरियाणा सरकार गरीब महिलाओं का शोषण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 30 मई को सीटू का स्थापना दिवस पंचायत भवन सोनीपत में मनाया जाएगा।



मिड-डे मील वर्कर्स की बैठक के बाद यूनियन नेता के साथ यूनियन की सदस्य।

# केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने किया डॉ. कृष्णा सक्सेना की पुस्तक 'लाइफ' का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने विख्यात लेखिका एवं समाजधर्मी डॉ. कृष्णा सक्सेना की पुस्तक 'लाइफ' का विमोचन किया।कार्यक्रम में प्रभात प्रकाशन के प्रभात कुमार, पूजा, मंगला और रेनू मौजूद रहीं।

प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित, अंग्रेजी भाषा की पुस्तक 'लाइफ' में डॉ. कृष्णा सक्सेना ने विभिन्न पहलुओं द्वारा जीवन के उतार-चढ़ावों का बहुत ही सरल भाषा में वर्णन किया है। यह पुस्तक जीवन की गुणवत्ता पर उनके प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए कई आकर्षक उपाख्यानों के साथ प्रेम, दया, कृतज्ञता और आध्यात्मिकता का बोध भी कराती है। इस पुस्तक में डॉ. सक्सेना ने अपनी राय थोपने का प्रयास नहीं किया है, बल्कि पाठकों को निष्कर्ष तलाशने का अवसर प्रदान किया है। लेखिका का कहना है कि जैसे एक तसवीर हजार शब्दों के बराबर होती है, वैसे ही जीवन की एक सत्य घटना हजार उद्धरण के समान होती है। पंकज चौधरी ने कहा, यह मेरे लिए गौरवपूर्ण पल है, कि हमारे उत्तर प्रदेश से 1955 में लखनऊ विश्वविद्यालय से पहली महिला पीएचड करने वाली डॉ. कृष्णा सक्सेना की किताब लाइफ का विमोचन करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा, कि 93 वर्ष की उम्र में लोग रिटायर होने के बाद घर पर आराम करते हैं, और डॉ. कृष्णा सक्सेना किताब के जरिए लोगों को जिंदगी जीने की राह दिखा रही हैं। पंकज चौधरी ने उनके जज्बे को सलाम करते हुए कहा, कि डॉ. सक्सेना ने 83 पेज की इस किताब में कम शब्दों में जीवन का सार समाहित करने का काम किया है, जीवन के जो खट्टे मीठे मोती रहे हैं, उनको कहीं न कही दिल्लगी तरह शब्दों में पिरोने का काम किया है। आसान शब्दों में उन्होंने सदा खुश रहने का मंत्र बताया है।

## माता चिटाने वाली के पवित्र तालाब में मछली ठेका रद्द करने की मांग

**सोनीपत।** मंदिर श्रीदेवी जी चिट्ठाने वाली मां (सिद्ध पीठ) ट्रस्ट के प्रधान शशिकांत भारद्वाज ने माता के मंदिर के पवित्र तालाब के मछली के ठेके को रद्द करने की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन दिया। प्रधान शशिकांत भारद्वाज ने बताया कि चिट्ठाने गांव में माता का ऐतिहासिक मंदिर है। इस मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक है। इसी पवित्र तालाब में माताजी की मूर्ति निकली थी। अत: इस पवित्र तालाब में पलने वाले जीव को बेचकर उसकी हत्या होती है, इसलिए यह पूर्णतया पाप का कार्य है। इसीलिए ट्रस्ट व गांव वासियों की मांग है कि इस पवित्र तालाब में जिसमें माताजी स्वयं प्रकट हुई थीं में पलने वाले जीव की रक्षा की जाये। इस तालाब से मछली पकड़ने के ठेके को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाये। इस अवसर पर संजय सिंगला, जोगिंदर कुहाड़, अनिल कुहाड़, बिजेंद्र लाकड़ा, जितेंद्र सोलंकी, दीपक पुजारी, रामचंद्र भारद्वाज, रिंकु, प्रदिप, संदीप आशीष, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# अब रोहतक में जोया की रेयर ज्वेलरी का एक्सक्लूसिव शोकेस

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**ज्वैलरी** लवर्स कृपया ध्यान दें! आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए रोहतक में एक बहुत ही खास इवेंट होने जा रहा है। टाटा हाउस का उत्तम डायमंड बुटीक, जोया एक ट्रंक शो में बेहतरीन ज्वेलरी का अपना अनोखा कलेक्शन प्रस्तुत कर रहा है। शो का आयोजन 20-22 मई तक जे स्क्वायर काम्प्लेक्स, मानसरोवर पार्क के पास तनिष्क शोरूम में किया जाएगा। देश-दुनिया में अलग पहचान बनाने के साथ ही ग्लैमरस शोकेस उन महिलाओं के लिए एक शानदार अवसर है, जो श्रेष्ठता को सर्वोपरि रखती हैं और अपनी सुंदर ड्रेसेस को और भी अधिक खूबसूरत बनाने के लिए आर्टिस्टिक प्रोडक्ट्स की अनोखी डिजाइंस पर विश्वास करती हैं।

लाजवाब आर्ट के साथ बारीक डिजाइंस की अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध, ब्रांड अपने सफर के अनगिनत पहलुओं में शानदार और अनोखे कलेक्शंस के डिजाइन से प्रेरित है। वह महिला, जो दुनियाभर की कला, इतिहास और संस्कृति को पसंद करती है, जोया के अद्भुत कलेक्शंस उसे अपने आप से जुड़ने में मदद करते हैं। प्रेरणाओं को जोया की ज्वेलरी यानी कंटेम्पररी और क्लासिक स्टाइल्स में बेहद खूबसूरती से पिरोया गया है।

जब बात आपके व्यक्तित्व से मेल खाने वाली वस्तुओं को खोजने की आती है, तो इसका उत्तर कहीं न कहीं ज्वेलरी में निहित होता है, जो इसे बखूबी बयान करता है। जोया का सामवे, भारत की प्राचीन बावड़ियों से प्रेरित रोज और व्हाइट गोल्ड का एक आकर्षक कलेक्शन है। इस ऑटोग्राफ कलेक्शन के साथ लक्जरी एटेलियर अपना पहला, रजिस्टर्ड पेटेंट जोया बावली प्रस्तुत कर रहा है। डिजाइन इनोवेशन और उन्नत तकनीकी विशेषज्ञता की अपनी अद्वितीय विरासत को आगे बढ़ाते हुए, जोया के मार्की कलेक्शन एतेर्ना में 2 नए पेटेंट स्टोन कट्स की पेशकश की गई है। उक्त कलेक्शन को स्टाइलिंग में सुंदर प्रतिभा के लिए डिजाइन किया गया है, जिसे व्यक्तिगत रूप से स्टैक किया जा सकता है या पहना जा सकता है, इसके साथ ही अन्य ड्रेस पहनने के दौरान भी खूब जचता है। बारीक काम के साथ, एतेर्ना एक जीवंत और स्टाइलिश कलेक्शन है। जोया का रूटेड भरा पूरा और रंगीन कलेक्शन है, जो अपनी श्रेणी का उत्तम दर्जे का कलेक्शन है। जबकि लाइबेरा एक सुंदर और अलंकृत कलेक्शन है, जिसके हर एक पीस की बनावट किसी महिला को आकर्षित करने के लिए काफी है।

इस इवेंट के माध्यम से अपने साथ कुछ विशेष समय बिताएं और खुद की पसंद से रूबरू हों, जो कि लक्जरी ब्रांड के उत्कृष्ट कलेक्शंस से प्रेरित है। जोया के विशेषज्ञ ज्वेलरी सलाहकारों को एक कप चाय या कॉफी के साथ आपको सुंदर कलेक्शंस की इस दुनिया की सैर कराने में खुशी होगी। तो चलिए, जोया की इस अनोखी दुनिया की सैर पर चलते हैं, एक ऐसा ब्रांड, जिसकी हर एक ज्वेलरी आपको खुद से रूबरू कराने और आपके हर दिन को सुंदर बनाने के लिए तैयार की गई है।



# कृषि के साथ सिनेमा में भी अव्वल होगा हरियाणवी सिनेमा : सुनील ढींगड़ा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कृषि** प्रदेश कहे जाने वाले प्रदेश में फिल्मों को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव करना यह बताता है कि प्रदेश कृषि क्षेत्र में तो अव्वल है साथ ही आने वाले समय में सिनेमा क्षेत्र में भी अव्वल होगा ऐसी मेरी कामना है। ये कहना यूआईटी निदेशक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. सुनील ढींगड़ा का जो हरियाणा कला परिषद और सोसायटी फॉर आर्ट एंड कल्चर डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वाधान में कला कीर्ति भवन में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पांचवें हरियाणा अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह के छह दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिवस पर भरतमुनि रंगशाला में विशिष्ट मुख्यातिथि के अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद समाज एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में लौट रहा है और इस कड़ी में फिल्म समारोह से माध्यम लोग को बेहद आंनद महसूस करें क्योंकि सिनेमा ही एक ऐसा माध्यम है जो समाज को आपस में विभिन्न संस्कृतियों के लोगों में प्रेम भाव सिखाने का कार्य करता हैं। इस अवसर पर फिल्म महोत्सव की आयोजक निदेशक



यूआईटी निदेशक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुनील ढींगड़ा को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

धर्मेंद्र दांगी एवं सचिव तान्या रोहिला, नकुल कुमार, हिरमी के निदेशक निशांत बतान, उपनिदेशक विक्रद, डॉ. संतलाल विधि विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, सौरभ चौधरी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, पूर्व लोक संपर्क अधिकारी देवराज सिरोहीवाल, अरविंद स्वामी, फिल्म निमार्ता, सुरेश सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर ढांडा, लांयस क्लब के सदस्य कृष्ण कुमार, आर्टिस्ट इंडिया एंडवेचर्स पार्क की निदेशिका रीना पंनजेटा इत्यादि मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों ने सिनेमा के माध्यम से देखा समाज का आईना

हरियाणा फिल्म फेस्टिवल का दूसरा दिन स्कूली बच्चों के नाम रहा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलहेड़ी एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र और मिलेनियम स्कूल कुरुक्षेत्र से आए स्कूली बच्चों ने फिल्मों का भरपुर आंनद उठाया। मंच संचालक डॉक्टर आबिद अली और सीमा गुप्ता ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मिलेनियम स्कूल कुरुक्षेत्र के अध्यापकों जितेंद कुमार, रिंकी शेठी, मोनिका ने बताया अगले दो दिन और बच्चों लेकर आएंगे क्योंकि सिनेमा के माध्यम से समाज को रूबरू करवाना अहम है। इसी के साथ पहली शॉर्ट फिल्म आर यू वॉलीबॉल को बच्चों ने बहुत पसंद किया।

# योग भारत की विश्व को एक मानवतावादी देन : स्वामी ज्ञानानंद

### लगभग सात सौ साधकों ने कार्यशाला में लिया भाग

### पुरुषोत्तमपुरा बाग में योग उत्सव आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आयुष** मंत्रालय, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान एवं भारतीय योग संस्थान द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 33 दिन शेष पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के पवित्र ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तम पुरा बाग में विश्व स्वास्थ्य के लिए योग उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, संस्थान के राष्ट्रीय प्रधान देसराज, राष्ट्रीय महामंत्री ललित गुप्ता, सांसद कुरुक्षेत्र नायब सिंह सैनी, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य व संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओम प्रकाश ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ.श्रीप्रकाश मिश्र, हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डॉ. हरीश चंद्र, जिला शिक्षा अधिकारी अरुण आश्री, श्री कृष्ण आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र खुराना इत्यादि अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पधारे। संस्थान के राष्ट्रीय प्रधान देसराज एवं महामंत्री ललित गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कॉमन प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। संस्थान की टेक्निकल टीम के अतिरिक्त केंद्रीय कार्यकारिणी के कुछ सदस्य, हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी के सभी प्रांतीय अधिकारी, चंडीगढ़, पंजाब व दिल्ली के कुछ साधक, हरियाणा प्रांत के लगभग सभी जिलों के साधक भी इस उत्सव में उपस्थित थे। संस्थान की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्या डॉ. मीनू गुप्ता ने सुंदर मंच संचालन किया। मुख्य अतिथि स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि योग भारत की विश्व को एक मानवतावादी देन है तभी तो विश्व ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में स्वीकार किया है। सांसद नायब सिंह सैनी ने बताया कि कोरोना काल में उन्होंने स्वयं योग के महत्व को अनुभव किया है। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां हरियाणा योग आयोग के प्रयास से योग को स्कूली शिक्षा में अनिवार्य कर दिया गया है।

अन्य विभागों एवं संस्थाओं जैसे पतंजलि योग समिति, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आर्ट ऑफ लिविंग, मानव उत्थान सेवा समिति, गायत्री परिवार, आर्य समाज, आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड इत्यादि के साधकों ने भी उत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।





ब्रह्म सरोवर पर योगाभ्यास करते हुए भारतीय योग संस्थान के साधक गण। दूसरे चित्र में योग उत्सव में दीप जलाते हुए स्वामी ज्ञानानंद व अन्य।

## स्वामी चिदानंद ने ज्ञानयोग एवं भक्तियोग का दिया संदेश

**उत्सव** के दूसरे चरण में संस्थान के मिजार्पुर स्थित योगाश्रम में अर्ध दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती ने अपने ऑनलाइन आशीर्वचन में निष्काम कर्म योग, ज्ञान योग एवं भक्ति योग का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महाभारत की धरती कुरुक्षेत्र से भारत को महाभारत बनाने की आवश्यकता है। आत्म तत्व का ब्रह्म तत्व में विलय ही योग है। योग को सनातन संजीवनी बूटी बताते हुए उन्होंने साधकों को आह्वान किया कि योग करें, रोज करें, मौज करें। आयुष विभाग, भारत सरकार के निदेशक विक्रम सिंह ने अपने ऑनलाइन संदेश में यह उत्सव मनाने के लिए भारतीय योग संस्थान की भूरी भूरी प्रशंसा की। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक डॉ. ईश्वर वी बिसवारेड्डी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व से प्रतिदिन एक संस्था द्वारा एक धरोहर स्थल पर योगाभ्यास करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण ही सच्चा योग है। संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री ललित गुप्ता ने प्राणायाम के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि योग शरीर, मन व आत्मा को जोड़ने का सरल व प्रभावशाली साधन है। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कुरुक्षेत्र में इतना सुंदर एवं भव्य योगाश्रम बनाने के लिए भारतीय योग संस्थान को धन्यवाद देते हुए संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना की। लगभग 700 साधक साधिकाओं ने इस कार्यशाला में भाग लिया। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने सभी का धन्यवाद किया।

## मोरनी में तैनात 72 अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति रद्द

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने पंचकूला जिला के मोरनी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर भेजे गए सभी 72 शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति आदेशों को तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया है। मेवात कैडर के लिए भेजे गए सभी 550 शिक्षकों के आदेश यथावत रहेंगे। अब इस विषय पर बाद में विचार किया जाएगा।

शिक्षा विभाग की तरफ से जारी आदेशों में कहा गया था कि विभाग ने मेवात और मोरनी में 622 शिक्षकों के तबादला आदेश जारी कर दिए हैं। इन दोनों ब्लॉक के कुछ स्कूलों में शिक्षकों की कमी थी। जिसके लिए विभाग ने अतिरिक्त सुविधाएं देते हुए वहां नौकरी करने के इच्छुक शिक्षकों से आवेदन मांगे गए थे। इसके तहत अब 622 शिक्षकों का चयन किया गया है। स्थायी नियुक्ति केवल मेवात कैडर के लिए की गई है जबकि मोरनी ब्लॉक के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर शिक्षकों को भेजा गया है। साथ ही अतिरिक्त वेतन और भत्ते सुविधाएं दिए जाने का प्रावधान भी किया गया है। चयनित शिक्षक अस्थायी प्रतिनियुक्ति पर मेवात और मोरनी ब्लॉक के लिए चयनित किये गए हैं उनका कार्यकाल एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक रहेगा। शिक्षक स्थायी तौर पर मेवात के लिए चयनित किये गए हैं,उनको अपने वर्तमान काडर में वरिष्ठता छोडऩी होगी और मेवात काडर के मुताबिक वरिष्ठता ग्रहण करनी होगी। इसके बारे में शिक्षक को एक एफिडिवेट भी विभाग को देना होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### दो दिवसीय नवाचार शैक्षिण सम्मेलन का हुआ शुभारंभ


सम्मेलन में मौजूद विभिन्न प्रदेशों से आए शिक्षक।

**कुरुक्षेत्र।** जयराम विद्यापीठ के सभागार में दो दिवसीय नवाचार शैक्षिण सम्मेलन का शुभारंभ वीरवार को हुआ। सम्मेलन में देश के 17 राज्यों से करीब 150 शिक्षक ड्रॉपआउट्स पर मंथन करेंगे। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों ने बाल रक्षक प्रतिष्ठान के तत्वाधान में स्कूल से वंचित शिक्षा से दूर उन बच्चों को शिक्षा से कैसे जोड़ा जाए इस विषय पर नवाचार शैक्षिण सम्मेलन में चर्चा की। इसके अलावा शैक्षिणिक नवाचार संभावनाएं और चुनौतियां, नवाचारी शैक्षणिक क्षेत्र में शिक्षक की भूमिका, बदलते परिदृश्य में नवाचारी शिक्षा प्रणाली, नवाचारी शिक्षा पद्धति हेतु शिक्षकों के विचारों का आदान-प्रदान किया गया। इस मौके पर मदन लाल द्वारा पुस्तक का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन को डॉ. कुलदीप सिंह, हरिदास शर्मा, बिहार, सुभाष सैनी ने संबोधित किया। सम्मेलन में बाल रक्षक प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज दादा, नरेश दादा, डॉ. कुसुम लता, डॉक्टर अभिलाषा गौतम, ज्योति सरोहा, मदनलाल, वनिता सरोहा, मीनाक्षी शर्मा, पूनम शर्मा, रीना, पिंकी, उज्जवल, गीता देवी, दुर्गा देवी, गुलाब कोर, राधेश्याम, सुरेंद्र कुमार अत्रे, प्रवीन तायल मौजूद रहे।

### बायजूस एप स्पर्धा में बच्चों ने जीत हासिल की



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** माता रुकमणि राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई बायजूस एप द्वारा प्रतियोगिता में विद्यालय के 3 विद्यार्थियों ने अधिकाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सब जूनियर वर्ग में कक्षा 4 से पवनीत कौर, जूनियर वर्ग में कक्षा 7वीं से कृष कुमार और सीनियर वर्ग में कक्षा 8वीं से स्पर्श तंवर ने जीत का मुकाम हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर अध्यापकगण एवं अभिभावकों का मान सम्मान बढ़ा है। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दिव्या कौशिक ने बच्चों को उनकी इस उपलब्धि पर इनाम देकर उनका हौसला बढ़ाया और भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने रहने की हिदायत दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक कमेटी द्वारा प्राचार्य दिव्या कौशिक को बधाई दी गई। सम्मान स्वरूप बच्चों को स्कूल बैग, वाटर बोटल और तीन महीने तक की ऑनलाइन क्लास के सिम प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल के सह-प्राचार्य संजय ठुकराल संयोजक प्रोमिला शर्मा एवं स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

# शुगर मिल प्रबंधन ने कहा, कांग्रेस जिला संयोजक के आरोप आधारहीन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**शुगर** मिल प्रबंधन पर जिला कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों के एक दिन बाद मिल प्रबंधन ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है। मिल एमडी अदिति ने बताया कि मिल को नियम अनुसार ही चलाया गया है, जो आरोप लगाए हैं, वे तथ्यहीन ओर मिल की छवि धूमिल करने के लिए लगाए है।

प्रबंध निदेशक अदिति ने बताया कि नये प्लांट का कार्य नवम्बर 2019 में शुरू हुआ था, इसे अक्टूबर 2020 तक पूरा किया जाना था। पिराई सत्र 2021-21 से पुराने प्लांट को ही शुरू किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों व मैसर्ज आईएसजीईसी ने प्लांट को पिराई सत्र में 31 मार्च 2021 तक पूरा कर ट्रालय का लक्ष्य रखा गया। इसके लिए करीब सात लाख क्विंटल गन्ना भी ऑफर में रखा गया। यदि नए प्लांट का ट्रायल पिराई सत्र के दौरान न किया जाता तो पुरानी मिल को अगले सत्र के लिए फिर से रख-रखाव किया जाता। जिसमें तीन से 4 करोड़ का खर्च आता। क्योंकि नए प्लांट का सफल ट्रायल होना अति आवश्यक है, अन्यथा अगले पिराई सत्र में नए के साथ पुराने प्लाट का भी रिपेयर करना मजबूरी होता और अतिरिक्त खर्च करना पड़ता।

### पर्यावरण अनुमति लेने के बाद मिल चलाया

बताया कि प्रदूषण बोर्ड ने पुराने करनाल मिल ने दो 2200 टीसीडी प्लांट पर आधुनिक प्रदूषण संयंत्र न होने पर कुछ आपत्तियां लगाई थीं, जिसका निराकरण किया गया। परंतु पुराने प्लाट पर बंद नोटिस एवं 33 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, अंडर प्रोटेस्ट जुर्माना भरा गया तथा यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। नए प्लांट पर किसी तरह का कोई जुर्माना नहीं लगाया गया। वह सभी प्रकार की पर्यावरण अनुमति लेने उपरांत ही प्लाट चलाया गया।

## स्कॉउट्स ने विपत्ति के समय में लोगों की मदद की : दत्तात्रेय

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश में किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति होने पर मैं हूं, कहने वाले एनसीसी, पुलिस और स्कॉउट्स कैंडिडेट्स ही है, जोकि लोगों की हर संभव सहायता करते हैं।

राज्यपाल ने गुरुवार को चंडीगढ़ राजभवन में हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स हरियाणा के सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा कि स्काउट्स ने हमेशा विपत्ति के समय में लोगों की मदद करके 'नर सेवा, नारायण सेवा' के अपने स्लोगन को चरितार्थ किया है। राज्यपाल ने आज राज्य के सभी जिलों के 47 स्कॉउट्स को सम्मानित किया। इन्होंने गत 2 वर्षों के दौरान स्वच्छता, रक्तदान, आजादी का अमृत महोत्सव, कोरोना काल में मरीजों की सेवा करने तथा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कृत किया गया।

# हरियाणा को अडानी ग्रुप से जल्द मिलेगी पांच सौ मेगावाट बिजली

## सरकार का दावा तापमान 48.3 डिग्री, नहीं लगे बिजली कट

### चीन से हरियाणा पहुंचे खेदड़ प्लांट के लिए नए रूटर

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा है कि अडानी ग्रुप से 500 मेगावॉट अतिरिक्त बिजली मिलनी आरम्भ हो गई है और इससे 500 मेगावाट और बिजली शीघ्र मिलने लग जाएगी। बेहतर प्रबंधन के बल पर हरियाणा में बिजली आपूर्ति के हालात अब सामान्य होते जा रहे हैं।

बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में करते हुए कहा कि तापमान 48.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बावजूद हरियाणा ही एक ऐसा राज्य है, जहां बिजली के कट नहीं लगे और उपलब्धता से अधिक बिजली की मांग को पूरा किया।

बिजली मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली मई से निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा रही है और पिछले पांच दिनों से रात्रि में कोई भी बिजली के कट नहीं लगे है। किसी प्रकार की तकनीकी खराबी को छोड़कर गुरुग्राम व फरीदाबाद जैसे बड़े औद्योगिक शहरों में भी औद्योगिक क्षेत्रों को भी पूरी बिजली दी गई।

बिजली मंत्री ने बताया कि अदानी ग्रुप से 1424 मैगावाट, छत्तीसगढ़ से 350 मेगावाट, मध्यप्रदेश से 150 मैगावाट, सिक्कम से हाइड्रो-पावर से 500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली खरीद के प्रबंध किए गए हैं। खेदड़ प्लांट की 600 मेगावाट की एक इकाई का रुटर खराब हो गया था जो चीन से मंगवा लिया गया है, इसको बदलने में कुछ समय लगेगा, संभावना है कि इस माह के अंत तक इससे भी 600 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलने लग जाएगी। इस प्रकार कुल 3024 मैगावाट अतिरिक्त बिजली के प्रबंध किए गए हैं। बिजली मंत्री ने कहा कि 18 मई को प्रदेश में सभी संसाधनों से 7050 मेगावॉट बिजली उपलब्ध थी, जबकि बिजली की लगभग 9774 मेगावॉट प्रतिदिन की मांग को पूरा किया गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 45.11 प्रतिशत की खपत अधिक थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीक आवर की अवधि 15 जून से 20 जुलाई तक मानी जाती है।

रणजीत सिंह ने कहा कि अप्रैल माह में 12 रुपये प्रति यूनिट की दर से महंगी बिजली खरीदी अब बाजार में भी चार से छह रुपये प्रति यूनिट बिजली उपलब्ध है।

कृषि क्षेत्र को धान के मौसम के दौरान आठ घंटे बिजली आपूर्ति की गई क्योंकि उस समय पानी की अधिक जरूरत होती है अब कपास का सीजन है इसलिए पांच घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर में 700 मेगावाट का एक नया प्लांट लगाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। भाखड़ा से 22 मई से हाइड्रो-पावर भी मिलने लग जाएगी।



### सौर ऊर्जा नलकूप पर किसानों को केवल 25 प्रतिशत की राशि देनी होगी

बिजली मंत्री ने बताया कि प्रदेश में सौर-ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने हरियाणा को 15 मैगावाट सौर उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था परन्तु हम 50 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहे है। सरकारी भवनों, इंजीनियरिंग कॉलेजों व अन्य बड़े भवनों पर सौर-ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। सौर-ऊर्जा नलकूपों के लिए सब्सिडी के रूप में केन्द्र सरकार की ओर से 30 प्रतिशत तथा हरियाणा सरकार की ओर से 45 प्रतिशत राशि दी जाती है। किसान को तो केवल 25 प्रतिशत राशि वहन करनी होती है।

# सड़क पर हो या बंगले में, बच्चा देश की धरोहर है : उपायुक्त

### कैंप में 26 बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों से जोड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**सड़क** पर हो या आलिशान बंगले में, बच्चा तो बच्चा है, देश की धरोहर है। इसी सोच को लेकर जिला प्रशासन करनाल द्वारा निराश्रित, बेसहारा, भिक्षावृति व बालश्रम जैसी परिस्थितियों में सड़क पर रह रहे बच्चों के पुनर्वास के लिए अनूठी पहल की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला उपायुक्त अनीश यादव के मार्गदर्शन में गुरुवार को शहर के सेक्टर-16 स्थित पॉलीक्लीनिक भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इस अभियान का दूसरा शिविर आयोजित किया गया। उपायुक्त के निर्देश पर कैम्प की कारगुजारी देखने के लिए इन्द्री के उप मण्डलाधीश डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने पॉलिक्लीनिक का दौरा किया।

एसडीएम डॉ. आनंद कुमार शर्मा के अनुसार शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम कविता रानी ने 68 बच्चों को हैल्थ स्क्रीनिंग की, 21 बच्चों को कोविड विरोधी वैक्सीन दी और राष्ट्रीय बाल सुरक्षा का कार्ड जारी किया। एनआईसी के सोहन लाल ने 29 बच्चों के आधार नम्बर जारी करने की प्रक्रिया की, जबकि एडीसी कार्यालय के जोनल मैनेजर बलराम गुप्ता ने 13 बच्चों की फैमिली आईडी जारी की।



सेक्टर-16 स्थित पॉलीक्लीनिक भवन में लगे शिविर में बच्चों की स्क्रीनिंग करते हुए।

### स्कूलों में दाखिला की प्रक्रिया पूरी

शिक्षा विभाग के डिप्टी डीईओ महावीर सिंह की ओर से स्कूल छोड़ चुके 38 बच्चों को स्कूलों में दाखिला देने की प्रक्रिया पूरी की तथा 26 बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों से जोड़ा गया। काउंसलिंग टीम की ओर से डॉ. पुनम शर्मा ने 68 बच्चों की काउंसलिंग की, जबकि सिविल अस्पताल के डॉ. हवा सिंह और उनकी टीम ने कुल बच्चों का एनीमिया चैक किया और उन्हें अच्छे-बुरे स्पर्श की पहचान बताई। बलकार व कविता रानी की ओर से ऐसे बच्चों को 1098 हैल्पलाइन नम्बर की भी जानकारी दी गई।

### चालीस बच्चों को मिलवाया उनके अभिभावकों से

**शिविर** में मौजूद एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की क्राइम ब्रांच के एएसआई संदीप सिंह ने बताया कि उनकी ब्रांच गुप्त सूचना के आधार पर बच्चों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करता है। ऐसे बच्चों का पता लगाकर उनका रेस्क्यू करते हैं और फिर काउंसलिंग के लिए बाल संरक्षण समिति के पास पेश करते हैं। तस्करी में लिप्त दोषी व्यक्तियों के खिलाफ जेजे एक्ट और आईपीसी में कार्रवाई की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि चालू केलैंडर वर्ष में अब तक इस शाखा द्वारा 105 बच्चों को रेस्क्यू करके उनके अभिभावकों से मिलाया गया। इनमें 40 बच्चे ऐसे थे, जिनकी पुलिस विभाग में फाइलें बंद हो गई थी, फिर भी उनका रेस्क्यू करके उनके अभिभावकों से मिलाया गया।

# कोस रेसलिंग में समर्थ और समनीत ने जीता गोल्ड


स्कूल प्राचार्या स्नेह राजपाल विजेता खिलाड़ियों के साथ।

कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**छत्तीसगढ़** ट्रेडिशनल रेसलिंग एसोसिएशन की तरफ से रायपुर में आयोजित 3 दिवसीय राष्ट्रीय रेसलिंग प्रतियोगिता में विश्वास स्कूल शाहाबाद के खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड, दो सिल्वर तथा एक ब्रांज मैडल प्राप्त किया है।

इस चैंपियनशिप में कोस रेसलिंग में समर्थ और समनीत ने गोल्ड, आरुष ने सिल्वर तथा प्रतीक ने ब्रांच मेडल प्राप्त किया है। खपसगाई प्रतियोगिता में समर्थ, समनीत, प्रत्यक्ष तथा आरुष ने स्वर्ण पदक तथा प्रतीक ने रजत पदक प्राप्त किया। कजाख कुरैशी प्रतियोगिता में टीम के कोच अमित धारीवाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विश्वास स्कूल शाहाबाद पहुंचने पर इन विजेताओं का शानदार स्वागत किया गया। स्कूल की प्राचार्या स्नेह राजपाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करके पदक हासिल करना स्वयं में सर्वोपरि है, जिसके लिए न केवल सभी खिलाड़ी बल्कि उनके कोच भी बधाई के पात्र हैं। प्रबंधक समिति से ऋषि विशुभ विश्वास ने भी अपना बधाई संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लेने से खिलाड़ी अपनी, अपने माता-पिता, स्कूल तथा क्षेत्र की पहचान बनाते हैं और उनका नाम रोशन करते हैं। स

कूल में इन सभी विजेताओं के सम्मान में सभी विद्यार्थियों और कर्तल ध्वनि से हौसला बढ़ाया। स्नेह राजपाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर इन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर हरप्रीत कौर, जगदीप कौर, जसवीर सिंह, नेहा, लखबीर कौर ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### राष्ट्रीय रेसलिंग प्रतियोगिता में विश्वास स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

# उच्चतम न्यायालय ने सपा नेता आजम खान को अंतरिम जमानत दी

## न्यायालय ने कहा, नियमित जमानत की याचिका पर फैसला आने तक आजम रहेंगे अंतरिम जमानत पर

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने धोखाधड़ी के एक मामले में जेल में कैद समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को बृहस्पतिवार को अंतरिम जमानत दे दी। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उसे (न्यायालय को) मिले विशेषाधिकार का उपयोग करने के लिए यह एक उपयुक्त मामला है।

न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने खान को दो सप्ताह के भीतर नियमित जमानत के लिए याचिका दायर करने का निर्देश दिया। निचली अदालत से कहा कि वह शीर्ष न्यायालय की किसी भी टिप्पणी से प्रभावित हुए बगैर याचिका के गुण-दोष के आधार पर इस पर निर्णय करे। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि नियमित जमानत के लिए याचिका पर फैसला आने तक खान अंतरिम जमानत पर रहेंगे।

पीठ ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिले विशेषाधिकार का उपयोग करने के लिए यह एक उपयुक्त मामला है और याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत दी जाती है। आजम खान, उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में जमीन हड़पने सहित कई अन्य मामलों में सीतापुर जेल में कैद हैं।

संविधान का अनुच्छेद 142 उच्चतम न्यायालय के अपने अधिकार क्षेत्र का उपयोग करने और अपने समक्ष लंबित किसी भी मामले या मामलों में पूर्ण न्याय करने के लिए आदेश जारी करने की शक्ति से संबंधित है। इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार ने खान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए उन्हें भूमि कब्जा करने वाला और आदतन अपराधी बताया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने न्यायालय से कहा था कि खान ने जमीन हड़पने के मामले में जांच अधिकारी को कथित रूप से धमकी दी थी। शीर्ष न्यायालय ने 17 मई को मामले पर सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने इससे पहले खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई में देरी पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह न्याय का मजाक उड़ाने जैसा है।

प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया था कि देश के विभाजन के दौरान इमामुद्दीन कुरैशी नामक एक व्यक्ति पाकिस्तान चला गया था और उसकी जमीन को शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज किया गया था, लेकिन खान ने अन्य लोगों की मिलीभगत से भूखंड पर कब्जा कर लिया। भारतीय दंड संहिता और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान रोकथाम कानून के तहत रामपुर के अजीम नगर थाने में खान और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### यूपी सरकार ने बताया था भूमि कब्जाने वाला और आदतन अपराधी

### शत्रु संपत्ति हड़पने जमानत याचिका पर आदेश रखा था सुरक्षित

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परियोजना के लिए शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में खान की जमानत याचिका पर पांच मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। खान और अन्य के खिलाफ कथित तौर पर शत्रु संपत्ति हड़पने और करोड़ों रुपये से अधिक के सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।



# भारत आज दुनिया की नई उम्मीद के रूप में उभरा : मोदी

## गुजरात के वडोदरा में युवा शिविर को वीडियो कांफ्रेंस से संबोधित कर कहा

### भारत आज पूरी मानवता को योग और आयुर्वेद की ताकत से परिचित करवा रहा

एजेंसी। वड़ोदरा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कोविड महामारी और वैश्विक अशांति व संघर्षों के बीच एक सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश आज दुनिया की नई उम्मीद के रूप में उभरा है और वह समस्याओं का समाधान पेश कर रहा है।

गुजरात के वड़ोदरा शहर में कुंडलधाम स्थित स्वामीनारायण मंदिर और करेलीबाग के स्वामीनारायण मंदिर द्वारा आयोजित युवा शिविर को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह एक ऐसे नए भारत के निर्माण में जुटे हैं। जिसकी पहचान नई हो, जो भविष्य की ओर देखता हो लेकिन उसकी परम्पराएं प्राचीन हों। उन्होंने कहा, ऐसा नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़े, पूरी मानवजाति को दिशा दे।

जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा है। मोदी ने कहा, कोविड महामारी के संकट के बीच दुनिया को टीके और दवाइयां पहुंचाने से लेकर बिखरी हुई आपूर्ति श्रृंखला के बीच आत्मनिर्भर भारत की उम्मीद तक, वैश्विक अशांति और संघर्षों के बीच शांति के लिए एक सामर्थ्यवान राष्ट्र की भूमिका तक, भारत आज दुनिया की नई उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन के खतरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत ही है जो इसके समाधान को नेतृत्व दे रहा है।

### सफलताओं का श्रेय युवाओं के सामर्थ्य को

**मोदी** ने कहा, हम सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस तक, एक नए भविष्य के लिए तत्पर देश के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने भारत की इन सफलताओं का श्रेय देश के युवाओं के सामर्थ्य को दिया और बढ़ती जनभागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि पहले जो लक्ष्य असंभव माने जाते थे, भारत उन क्षेत्रों में आज बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है।



### भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम

**इस कड़ी** में प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप का उल्लेख किया और कहा कि इस क्षेत्र में भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है और इसका नेतृत्व भी देश के युवा ही कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत आज पूरी मानवता को योग का रास्ता दिखा रहा हैं और उसे आयुर्वेद की ताकत से परिचित करवा रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक इस युवा शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में शामिल करना है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मानिर्भर भारत, स्वच्छ भारत जैसी पहल के माध्यम से युवाओं को एक नए भारत के निर्माण में भागीदार बनाना है।

# ज्ञानवापी में शिवलिंग मिलने का दावा झूठा प्रचार : सपा सांसद

### सांसद बर्क ने कहा, बाबरी मस्जिद हमसे छीनकर इसकी जगह राम मंदिर बना दिया



एजेंसी। संभल (उप्र)

**समाजवादी** पार्टी के स्थानीय सांसद डॉ. शफीकुर रहमान बर्क ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में एक शिवलिंग की बरामदगी के दावों को झूठा प्रचार करार देते हुए सभी बुद्धिजीवियों और विपक्षी दलों से इसकी प्रभावी जांच के लिए आगे आने को कहा।

सांसद बर्क ने कहा कि बाबरी मस्जिद हमसे छीन ली गई और इसकी जगह राम मंदिर बना दिया गया। उन्होंने कहा कि यह नाइंसाफी कम नहीं थी, लेकिन अब ज्ञानवापी मस्जिद का मामला सामने है। सांसद ने सवाल किया कि मुसलमान कोई अपनी मस्जिद बनाएगा, तो गैर इस्लामिक काम क्यों करेगा? उन्होंने कहा, इस्लाम मूर्ति पूजा के खिलाफ है, यहां तक हुक्म है कि हम मस्जिद को जबरदस्ती किसी की जमीन पर कब्जा करके नहीं बना सकते। ज्ञानवापी मस्जिद की हौज मैं शिवलिंग होने का झूठा प्रचार किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि इस नफरत की आग को नहीं बुझाया गया, तो मुल्क झुलस जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम या विभिन्न विपक्षी दलों से संबंधित हों, इस गलत और नापाक प्रचार को रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है, क्योंकि मुसलमानों की हर मस्जिद और पवित्र स्थान को संदेह की नजर से देखा जा रहा है। बर्क ने लोगों से कहा कि मुसलमानों पर जो जुल्म हो रहा है, उसे रोकने में मदद करें और उनके साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि अगर लोगों ने ऐसा नहीं किया, तो मुसलमान ही नहीं बल्कि देश भी बरबाद हो जाएगा, इसलिए मुल्क को बचाने के लिए आगे आएं।

### मदरसों में गलत हो रहा तो जांच कराए सरकार

सपा सांसद ने नए मदरसों को अनुदान नहीं देने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले पर भी सवाल उठाया। अगर कहीं कुछ गलत हो रहा है, तो सरकार को इसकी जांच कराकर सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि मदरसों को खोलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मुसलमानों को चोट पहुंचाने की साजिश का नतीजा है, यह एक दुष्प्रचार है ताकि मुसलमानों को शिक्षा न मिल सके।

# ज्ञानवापी : सर्वेक्षण रिपोर्ट वाराणसी अदालत को सौंपी

### वीडियो और स्टिल फोटो के साथ दस्तावेज भी जमा किए

एजेंसी। वाराणसी (उप्र)

**विशेष** अधिवक्ता आयुक्त (स्पेशल एडवोकेट कमिश्नर) ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में किए गए आयोग के सर्वेक्षण कार्य की रिपोर्ट अदालत को सौंप दी है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिले की एक अदालत द्वारा नियुक्त विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने 14, 15 और 16 मई को किए गए सर्वेक्षण कार्य की रिपोर्ट जिला सिविल न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की अदालत में पेश की। यादव ने बताया कि अदालत द्वारा हटाए गए अधिवक्ता आयुक्त अजय मिश्र ने छह और सात मई को की गई ज्ञानवापी परिसर की सर्वेक्षण रिपोर्ट बुधवार देर शाम अदालत को सौंप दी थी। विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने रिपोर्ट पेश करने के बाद पत्रकारों से कहा, मैंने 14, 15 और 16 मई की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत कर दी है। रिपोर्ट में क्या है यह मुझे बताने का अधिकार नहीं है। अब रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही अदालत करेगी। विशाल सिंह ने कहा कि वीडियोग्राफी और स्टिल फोटोग्राफी के साथ दस्तावेज भी जमा किए गए हैं। कहा, यह मेरी तरफ से अंतिम रिपोर्ट है। अगर अदालत को लगता है कि यह पर्याप्त है तो ठीक है, अन्यथा किसी और आवश्यकता के लिए अदालत के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

### देश में 30 करोड़ ओटीटी उपयोगकर्ता बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि भारत का ओटीटी बाजार हर साल 21 प्रतिशत की दर से वृद्धि कर सकता है। उन्होंने विदेशी निर्माताओं को देश में फिल्मों की शूटिंग के लिए आमंत्रित किया। कान में इंडिया फोरम को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि सरकार दुनियाभर से सह-निर्माण को गति प्रदान करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी तथा फिल्मों की शूटिंग के लिए देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान भी उपलब्ध कराएगी।

# कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा में 125 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा

एजेंसी। अहमदाबाद

**गुजरात** में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस ने राज्यसभर में कई कार्यक्रम करने की योजना बनाई है। साथ में विधानसभा की कुल 182 सीटों में से 125 जीतकर अगली सरकार बनाने का लक्ष्य रखा है।

पार्टी गुजरात में आंतरिक कलह से जूझ रही है जो प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल के इस्तीफे से सामने आई है। हालांकि अब पार्टी चुनावी मोड में आ गई है और चुनाव से पहले होने वाले कार्यक्रमों में शीर्ष नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा को लाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस भाजपा शासित गुजरात में करीब तीन दशक से सत्ता से बाहर है। गुजरात कांग्रेस



प्रभारी रघु शर्मा ने कहा कि पार्टी ने आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करने के लिए बृहस्पतिवार को राजकोट में सौराष्ट्र क्षेत्र की बैठक बुलाई थी, खासकर हर बूथ पर 25 नए कार्यकर्ता जोड़ने के लिए।

राज्य में 52000 बूथ हैं। बैठक के बाद शर्मा ने कहा कि पार्टी ने 182 सदस्ईय गुजरात विधानसभा में 125 से अधिक सीटें जीतकर अगली सरकार बनाने का संकल्प लिया है। 2017 में, कांग्रेस ने राज्य में 77 सीटें जीती थीं।

# कोविड-19 : चीन के शंघाई में पाबंदियों पर दी जाएगी ढील

**बीजिंग।** कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बाद लगाई गई पाबंदियों में चीन अब धीरे-धीरे ढील दे रहा है। महानगर शंघाई में रविवार से 20 मेट्रो लाइन में से चार को फिर से शुरू किया जाएगा। शहर के अधिकतर लोग छह सप्ताह से अधिक समय से गैर-जरूरी काम के लिए घर से नहीं निकाल पा रहे हैं। शंघाई परिवहन आयोग के निदेशक यू फूलिन ने वैश्विक महामारी पर बृहस्पतिवार को बताया कि प्रमुख शहरी केंद्रों, हवाई अड्डों, ट्रेन स्टेशन और अस्पतालों को जोड़ने वाली 273 बस लाइन पर सेवाएं फिर से शुरू की जाएंगी, क्योंकि वे अंतर-जिला सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बहाल कर रहे हैं। अभी तत्काल स्पष्ट नहीं है कि बस सेवाएं कितने समय के अंतराल पर उपलब्ध होंगी।

# हिंसा के दौरान देखते ही गोली मारने का आदेश नहीं दिया था : विक्रमसिंघे

### श्रीलंका विवाद

### कहा, लिखित में ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया

एजेंसी। कोलंबो



**श्रीलंका** के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को संसद को बताया कि सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने का कोई आदेश रक्षा मंत्रालय को नहीं दिया गया था।

श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने देश में चल रहे आर्थिक और राजनीतिक संकट को लेकर हिंसक विरोध के बीच थल सेना, वायु सेना और नौसेना के कर्मियों को सार्वजनिक संपत्ति लूटने या दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति पर गोली चलाने का 10 मई को आदेश दिया।

यह आदेश तब दिया गया, जब भीड़ ने राजपक्षे परिवार और उनके करीबी लोगों की संपत्ति पर हमला किया। पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के करीबी लोगों की संपत्ति पर हमला उनके समर्थकों द्वारा कोलंबो में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हमला करने के बाद किया गया। विक्रमसिंघे ने कहा कि लिखित में ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पुलिस अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल कर सकती है और जरूरत पड़ने पर गोली भी चला सकती है।

# पाकिस्तान ने भारतीय दूतावास प्रभारी को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारतीय दूतावास प्रभारी को यहां विदेश मंत्रालय में तलब कर उन्हें आपत्ति संबंधी एक दस्तावेज (डिमार्शे) सौंपा है, जिसमें कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाए जाने की कड़ी निंदा की गई है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि कश्मीरी हुर्रियत नेता मलिक फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैद है। बयान में कहा गया भारतीय दूतावास को पाकिस्तान की गंभीर चिंता से अवगत कराया गया कि भारत सरकार ने कश्मीरी नेतृत्व की आवाज को दबाने के लिए उन्हें (मलिक को) फर्जी मामलों में फंसाया है। इसमें कहा गया है कि भारतीय पक्ष को 2019 से अमानवीय परिस्थितियों में तिहाड़ जेल में मलिक के बंद होने पर पाकिस्तान की चिंता से भी अवगत कराया गया।

# कांग्रेस के चिंतन शिविर से घबराकर जयपुर में बैठक कर रही है भाजपा : गहलोत

एजेंसी। जयपुर

### राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा, ये घबराहट का नतीजा है कि भाजपा का कुनबा इकट्ठा हो रहा

### कहा, जनता एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उसे सत्ता सौंपेगी

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के हालिया नव संकल्प चिंतन शिविर से डरी भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक जयपुर में कर रही है। भाजपा की यह तीन दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार शाम यहां शुरू हो रही है। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, जैसे ही उदयपुर में हमारे चिंतन शिविर की घोषणा हुई, साथ-साथ में इनका चिंतन शिविर आ गया जयपुर के अंदर, इतने घबराए हुए लोग हैं। ये घबराहट का नतीजा है कि आज ये कुनबा (भाजपा का) इकट्ठा हो रहा है। कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर हाल ही में उदयपुर में संपन्न हुआ था। गहलोत ने इसके साथ ही विश्वास जताया कि राज्य की जनता एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उसे सत्ता सौंपेगी।

भाजपा पर निशाना साधते हुए गहलोत ने कहा, मैं बार-बार बोलता हूं कि देश किस दिशा में जा रहा है,



किस दिशा में जाएगा, ए किसी को नहीं मालूम है क्योंकि जो लोग सत्ता में बैठे हुए हैं, इनको जनता का भय नहीं है। वो हिंदू धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। इनको ये घमंड आ गया है कि सब हिंदू हमारे साथ में हैं, कौन हमारा क्या बिगाड़ लेगा? मुख्यमंत्री ने आगे कहा, इनको लोगों की परवाह नहीं, ये लोकतंत्र के लिए खतरा है। ये आम जनता को समझना पड़ेगा कि हिंदुत्व के नाम पर आपको जो भ्रमित कर रहे हैं, ये देशवासियों के लिए उल्टा पड़ेगा। ये जनहित में नहीं है, आम लोगों के हित में नहीं है, ये समझना पड़ेगा।

गहलोत ने राज्य के करौली में दो अप्रैल को हुई हिंसा को पूर्व नियोजित करार देते हुए कहा कि ये लोग राज्य की कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का एजेंडा लेकर चल रहे हैं। गहलोत ने कहा, करौली में एक घंटे में दुकानें जला दी गईं क्योंकि योजनाबद्ध तरीके से वो काम हुआ था। भाजपा के बड़े नेता मुख्य आरोपी हैं वहां पर, परंतु 20 दिन तक देशभर में करौली-करौली चलता रहा क्योंकि इनके एजेंडा में है कि राज्य में चुनाव आ रहे हैं, उनको (सरकार को) बदनाम कैसे करो? ये इनका एजेंडा है। उन्होंने दोहराया कि जनता का ध्यान महंगाई और बेरोजगारी के असली मुद्दों से भटकाया जा रहा है। गहलोत ने यह भी कहा कि अपराधों में वृद्धि, पेपर लीक की घटनाएं आदि बेरोजगारी का परिणाम हैं और युवाओं को रोजगार प्रदान करना केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की जिम्मेदारी है।

### महंगाई-बेरोजगारी पर चर्चा से बचने को जाति के नाम पर तनाव बना रहे

**गहलोत** ने ट्वीट किया, देश में थोक महंगाई दर 15.08 प्रतिशत के रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। पिछले एक साल से थोक महंगाई दर 10 प्रतिशत से अधिक है। महंगाई ने आमजन का जीवन मुश्किल कर दिया है, परन्तु राजग सरकार धर्म, जाति के नाम पर आपस में तनाव बनाए रखना चाहती है। जिससे महंगाई और बेरोजगारी पर कोई चर्चा ना हो सके। गहलोत के अनुसार, ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियां विफल हो चुकी हैं एवं इनके पास महंगाई को काबू करने की कोई योजना नहीं है। प्रधानमंत्री व राजग सरकार को देश का ध्यान मंदिर-मस्जिद के मुद्दों पर भटकाने की बजाय अपना ध्यान बेरोजगारी की समस्या को हल करने एवं महंगाई पर काबू पाने पर लगाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिजेट ब्रिंक यूक्रेन की नई अमेरिकी राजदूत नियुक्त

**वाशिंगटन।** संसद ने बुधवार देर रात ब्रिजेट ब्रिंक को यूक्रेन में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किए जाने की पुष्टि कर दी। अमेरिका ने अपने राजनयिकों को फिर से कीव भेजने की योजना बनाई है जिन्हें यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्रवाई के बीच वापस बुला लिया गया था। पूर्व सोवियत संघ के साए में अपने करियर का बड़ा समय व्यतीत करने वालीं, विदेश सेवा की वयोवृद्ध अधिकारी को पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस पद के लिए नामित किया था। औपचारिक मतदान के बिना ससंद में सर्वसम्मति से उनके नाम की पुष्टि की गई। तीन महीने पहले यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्वाई युद्ध शुरू होने पर अमेरिकी राजदूत कीव से वापस लौट आए थे। लेकिन अमेरिका ने बुधवार से दूतावास को फिर से खोल दिया।

### कोर्ट ने दिल्ली की सीएम घर-घर राशन योजना रद्द की

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा शुरू की गई घर-घर राशन पहुंचाने की योजना को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री घर-घर राशन योजना को चुनौती वाली राशन डीलरों की दो याचिकाओं को मंजूरी दी थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन संघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि घर-घर चीजें पहुंचाने के लिए दिल्ली सरकार कोई और योजना लाने के लिए स्वतंत्र है ,लेकिन वह केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए अनाज का इस्तेमाल घर-घर पहुंचाने की योजना के लिए नहीं कर सकती। दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ और दिल्ली राशन डीलर्स यूनियन की ओर से दायर याचिकाओं पर उच्च न्यायालय ने 10 जनवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### बाइडन क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए जापान जाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जापान जाएंगे और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्वाड में भारत,आस्ट्रेलिया,जापान और अमेरिका शामिल हैं। सुलीवन ने व्हाइट हाउस में नियमित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, हमारा मानना है कि यह सम्मेलन यह प्रदर्शित करेगा कि लोकतंत्र काम करता है तथा साथ मिलकर काम कर रहे ये चार देश खुले एवं स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के सिद्धांत की रक्षा करेंगे और उसे बरकरार रखेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि बाइडन तोक्यो में एक नई एवं महत्वाकांक्षी आर्थिक पहल की नींव भी रखेंगे। नई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए हिंद-प्रशांत आर्थिक मसौदा (आईपीईएफ) लाया जा रहा है।

### राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस पहुंचे

**किंग्सटाउन।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो कैरेबियाई देशों की यात्रा के अपने दूसरे चरण में सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस पहुंचे। कोविंद के बुधवार को अर्गिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के प्रधानमंत्री राल्फ गोंजाल्वस और गवर्नर जनरल डेम सुसान डोगन ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर और 21 तोपों की सलामी दी गई। राष्ट्रपति कोविंद अपनी पत्नी सविता कोविंद के साथ यहां पहुंचे हैं। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की यह सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस की राजधानी किंग्सटाउन पहुंचे। गवर्नर जनरल डेम सुसान डोगन ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की यह सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस की पहली यात्रा है। सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति कोविंद सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस की अपनी समकक्ष गवर्नर-जनरल सुसान डोगन से मुलाकात करेंगे। वह देश के प्रधानमंत्री राल्फ गोंजाल्वस और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे। राष्ट्रपति कोविंद देश की संसद को भी संबोधित करेंगे।

### टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल से सीबीआई ने की पूछताछ

**कोलकाता।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में मवेशियों की तस्करी के मामले की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को यहां तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल से पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीरभूम जिला अध्यक्ष सुबह करीब नौ बजकर 45 मिनट पर निजाम पैलैस में स्थित सीबीआई दफ्तर पहुंचे। अधिकारी ने बताया, मामले में जांच अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। उनसे इस घोटाले में कथित संलिप्तता के संबंध में हमारे अधिकारियों द्वारा बनाए करीब 24 सवालों के सेट पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंडल पूछताछ में सहयोग कर रहे हैं। सीबीआई ने पूछताछ के लिए मंडल को पूर्व में कई बार समन भेजा था, लेकिन खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए वह जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे।

### एससी हेमंत सोरेन के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों तथा साथियों द्वारा चलाई जा रही कुछ छद्म कंपनियों को खनन पट्टों की कथित मंजूरी को लेकर सीबीआई तथा प्रवर्तन निदेशालय की जांच से जुड़ी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी की दलीलों पर गौर किया कि यह एक गंभीर मामला है, जिसमें जांच एजेंसी नोटिस जारी करने से पहले झारखंड उच्च न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में दस्तावेज दाखिल कर रही है। उन्होंने दलील दी कि जांच एजेंसी दूसरे पक्ष को भी यह दस्तावेज नहीं दे रही है। इस पर पीठ ने कहा, हम इसे कल सूचीबद्ध करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं में से एक ने कहा, यह गंभीर मामला है। झारखंड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है जिसे अभी स्वीकार नहीं किया गया है। उच्च न्यायालय मुख्यमंत्री तथा उनके परिवार के सदस्यों और साथियों द्वारा चलाई जा रही कुछ छद्म कंपनियों को कथित तौर पर दिए गए खनन पट्टों की सीबीआई तथा ईडी से जांच कराने का अनुरोध वाली दो जनहित याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को सुनवाई जारी रखेगा।

# भाजपा या आप में शामिल होने का अभी कोई निर्णय नहीं लिया : हार्दिक पटेल

एजेंसी। अहमदाबाद



### कहा, पार्टी के शीर्ष नेताओं का ध्यान अपने मोबाइल में लगा रहता

### आरोप, गुजरात कांग्रेस में होती है जातीय राजनीति बहुत ज्यादा

**कांग्रेस** से इस्तीफा देने के एक दिन बाद पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। पटेल (28) ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस का कोई दृष्टिकोण नहीं है और पार्टी के नेता गुजराती लोगों से पक्षपात करते हैं।

गुजरात में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और पटेल ने बुधवार को यह कहते हुए कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं का ध्यान अपने मोबाइल फोन में लगा रहता है और गुजरात कांग्रेस के नेता उनके लिए चिकन सैंडविच का प्रबंध करने में लगे रहते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भारतीय जनता पार्टी या आप में शामिल हो सकते हैं, पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा, मैंने अभी तक किसी राजनीतिक दल में शामिल होने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है चाहे वह भाजपा हो या आप। कांग्रेस की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी कभी हिंदुओं के मुद्दों, जैसे कि सीएए या वाराणसी की मस्जिद में मिले शिवलिंग आदि पर कुछ नहीं बोलती। पटेल ने कहा, इसके अलावा गुजरात कांग्रेस में जातीय राजनीति बहुत ज्यादा होती है। मैंने पार्टी में तीन साल बर्बाद किए। पटेल को जुलाई 2020 में गुजरात प्रदेश कांग्रेस का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था।

# वैचारिक संघर्ष का अखाड़ा नहीं बनें विश्वविद्यालय : अमित शाह




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विश्वविद्यालयों को विचारों के आदान-प्रदान का मंच होना चाहिए, इन्हें वैचारिक संघर्ष का अखाड़ा नहीं बनने देना चाहिए।

यदि कोई विशेष विचारधारा संघर्ष का कारण है, तो यह कोई विचारधारा नहीं है और निश्चित रूप से देश की विचारधारा नहीं है। दिल्ली विश्वविद्यालय को स्थापना के 100 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में वह अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस कड़ी में डीयू प्रशासन की ओर से बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शाह ने यह बात कही। अमित शाह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, नालंदा और तक्षशिला के विश्वविद्यालयों को नष्ट करने वालों को कोई याद नहीं करता। कहा जाता है कि नालंदा विश्वविद्यालय का पुस्तकालय महीनों तक जलता रहा। लेकिन उन विश्वविद्यालयों के विचार आज भी जीवित हैं। उन्होंने युवाओं को देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने की भी सलाह दी और भारत की रक्षा नीति के बारे में बताया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से पहले भारत के पास कोई रक्षा नीति नहीं थी और अगर थी भी तो वह विदेश नीति की एक परछाई मात्र थी। आतंकी ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि इन कार्रवाइयों ने दिखाया है कि भारत के लिए रक्षा नीति का क्या मतलब है। पहले आतंकवादी हमला करने के लिए भेजे जाते थे और उरी तथा पुलवामा हमलों में भी ऐसा ही करने की कोशिश की गई, लेकिन मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले से दिखा दिया कि उसकी रक्षा नीति के क्या मायने हैं। गृह मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत शांति का पुजारी है। शांति चाहता है और दुनिया के हर देश के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखता है। भारत एक भू-सांस्कृतिक देश है और लोग भारत के विचार को तब तक नहीं समझेंगे जब तक वे इसे नहीं समझेंगे।

शाह ने कहा, कुछ लोग भारत को समस्याओं का देश कहते हैं, लेकिन वह मानते हैं कि देश के पास लाखों समस्याओं का समाधान करने की क्षमता है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पांच अगस्त 2019 को एक झटके में अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए को समाप्त कर दिया। जिन लोगों ने कहा था कि खून की नदियां बह जाएंगी, वे पथराव तक नहीं कर सके। पीएम मोदी ने दिखाया है कि अगर कोई देश को प्राथमिकता देता है तो बदलाव कैसे आता है।

भारत का हमारा विचार भी सुरक्षित भारत के इर्द-गिर्द घूमता है। गृह मंत्री ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की और कहा कि यह पहली ऐसी पहल है जिसका सभी ने स्वागत किया और किसी ने इसका विरोध नहीं किया। एनईपी की योजनाओं का जिक्र करते हुए, बताया कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि पहले पांच वर्षों में बच्चों को उनकी मातृभाषा सिखाई जाए उनके लिए यह गर्व की बात है कि डीयू ने उन्हें अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया है। वह कुछ मिनटों के लिए दुविधा में थे कि उन्हें जाना चाहिए या नहीं, लेकिन फिर उन्होंने फैसला किया कि जाना चाहिए और लोगों से बात करनी है। यह एक बड़ी उपलब्धि है कि डीयू 100 साल से अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने में कामयाब रहा है। वह हरि सिंह गौर (डीयू के पहले कुलपति) से लेकर योगेश सिंह तक को वह बधाई देते है।

### गृहमंत्री ने डीयू में स्वराज से नवभारत तक भारत के विचारों का पुनरावलोकन विषय पर रखे विचार

## एक्सप्रेसवे पर नहीं चलने दिए ऑटो

नोएडा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर एक दिन पूर्व हुए हादसे में साइकिलिंग ग्रुप के पांच सदस्य घायल हो गये थे। जिसके बाद बुधवार से इस एक्सप्रेस वे पर सख्ती की गई। एक्सप्रेस वे पर पुलिस ने किसी भी ऑटो को नहीं जाने दिया। एक्सप्रेस वे पर चलने वाले सात ऑटो के चालान किए गये और एक ऑटो सीज किया गया।

डीसीपी ट्रैफिक के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की थी कि एक्सप्रेस वे पर वाहन तेज गति से चलते हैं और वहां पर कोई साइकिल ट्रैक नहीं है, इसलिए लोग एक्सप्रेस वे पर साइकिल से ना जायें, वह साइकिल से सर्विस रोड पर सफर कर सकते हैं। इसके साथ ही एक्सप्रेस वे पर ऑटो, रिक्शा और बैलगाड़ी प्रतिबंधित हैं, जिन्हें यहां पर नहीं चलाया जा सकता। बुधवार को एक्सप्रेस वे के दोनो ही किनारों पर ट्रैफिक पुलिस की टीमें तैनात रही और उन्होंने किसी भी ऑटो को एक्सप्रेस वे पर नहीं जाने दिया। जिसको लेकर कुछ ऑटो वालों से पुलिसकर्मियों की नोंकझोंक भी हुई।

## बकाएदार बिल्डर का प्राधिकरण ने भूखंड आवंटन किया रद्द

### नोएडा अथॉरिटी ने यूनिटेक को फिर दिया झटका



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने एकबार फिर से सबसे बड़े बकायादार यूनिटेक को तगड़ा झटका दिया है। अथॉरिटी ने शहर में यूनिटेक के ग्रुप हाऊसिंग प्रोजेक्ट का भूखंड आवंटन रद्द कर दिया है।

दरअसल, इन भूखंडों का पूर्व में आवंटन रद्द किया गया था लेकिन कोर्ट के आदेश पर रिस्टोर करना पड़ा था। उसका आवंटन बुधवार को नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर से रद्द कर दिया है। यह जानकारी नोएडा अथॉरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने दी है।

सीईओ ने बताया कि रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक को वर्ष 2006 से 2011 के बीच शहर में पांच भूखंड आवंटित किए गये थे। इन जमीन की एवज में कंपनी ने पैसा नहीं चुकाया। यूनिटेक पर प्राधिकरण के करीब 9678 करोड़ रुपये बकाया हैं। इनमें से सेक्टर-113 ग्रुप हाउसिंग भूखंड का नोएडा प्राधिकरण ने फिर से आवंटन रद्द कर दिया गया है।

सीईओ ने बताया कि सेक्टर-113 में ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर-1 में यूनिटेक को 143109 वर्गमीटर जमीन आवंटित की गई थी। कंपनी पैसा नहीं चुका रही है। इसका आवंटन पहले भी रद्द किया गया था, लेकिन कोर्ट के आदेश पर इसे दोबारा री-स्टोर किया गया। अब फिर से इस भूखंड आवंटन को रद्द कर दिया गया है।

## किसानों को मिलेगा अतिरिक्त मुआवजा

### 225 याचिकाओं पर शीर्ष अदालत ने सुनाया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर के किसानों के हक में सर्वोच्च न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। करीब 225 किसानों की याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, किसानों को उनकी जमीन के बदले 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देना वैधानिक है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट से जुड़े विवाद को लेकर वर्ष 2011 में पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट ने किसानों के हक में यह फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट की संवैधानिक बेंच ने फैसला सुनाया था कि किसानों को पूर्व में जिस दर पर मुआवजे का भुगतान किया गया है, उस पर 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा दिया जाए। साथ ही आबादी के लिए दिए जाने वाले 5 या 6 फीसद भूखंडों का क्षेत्रफल बढ़ाकर 10 फीसद किया जाए। बाद में इस मामले को लेकर तमाम तर्क और वितर्क होते रहे। स्थिति साफ करने के लिए 225 किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर गुरुवार को यह फैसला सुनाया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण से जुड़े मामले में 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश दिया था। बाद में यह फैसला नोएडा अथॉरिटी और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने भी मान लिया था। लेकिन बाद में किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने से इनकार कर दिया। इससे क्षुब्ध होकर करीब 225 किसानों ने यमुना अथॉरिटी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लंबी सुनवाई के बाद 26 अप्रैल 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला सुरक्षित कर लिया था। आज अदालत ने फैसला सुनाया है। जिसमें अदालत ने साफतौर पर प्राधिकरण को आदेश दिया है कि सभी किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा दिया जाए। किसी किसान को बढ़े लाभ देना और किसी को नहीं देना, गलत है। यह व्यवस्था सभी के लिए बराबर लागू होनी चाहिए।

## नई तकनीक व कौशल से अपना वजूद स्थापित कर रहे हैं : बिरला



### कोरोना की चुनौतियों के दौरान भी दुनिया के विकसित देशों के साथ कार्य : स्पीकर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा नई तकनीक और कौशल भारत सहित पूरे दुनिया का विकास कर रहे हैं। इसकी मदद से दुनिया के सामने अपना वजूद स्थापित कर रहे हैं। कोरोना की चुनौतियों के दौरान भी दुनिया के विकसित देशों के साथ कार्य किया।

नौजवानों ने कई स्टार्टअप भी इस दौरान विकसित किए बदलते बाजार के परिपेक्ष में वह यह कह सकते हैं कि हम सबका साथ सबका विकास के साथ नई संस्कृति की दिशा दिए हैं इस बदलते परिपेक्ष में भारत की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक आत्मनिर्भर भारत की दिशा को और कदम बढ़ाया है। बिरला ने यह बात बृहस्पतिवार को एक बेहतर कार्य संस्कृति के लिए रणनीति, नए युग के रास्ते विषय पर आईएफटीडीओ विश्व सम्मेलन और प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कही।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सम्मेलन देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। वह किस प्रकार से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के विकास, कार्य क्षमता, कार्यबल को बढ़ा सकेंगे इस बात पर चर्चा करेंगें। इसके साथ ही वह मानव विकास के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय योजना पर कार्य कर सकेंगें।

केंद्रिय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कुछ कंपनियां डिजिटल काम को तेजी से अपना रही थीं लेकिन अधिकांश कंपनियों को नए मॉडल का सामना करने में सक्षम होने में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। देश ट्रेनिंग और डेवलपमेंट में तेजी से निवेश कर रहा है। आज हम 5जी, इलेक्ट्रिक वाहन सहित कई क्षेत्रों में तेजी से विकास कर रहे है।

## कोविड-19 के 520 नए मामले, 1 मरीज की मौत

नई दिल्ली। कोविड-19 के 520 नए मामले सामने आए और संक्रमण से एक मरीज की मौत हुई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण दर 2.09 प्रतिशत दर्ज की गई।

कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों के सामने आने के साथ ही दिल्ली में कोविड महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 19,02,180 हो गई, जबकि महामारी से मरने वालों का आंकड़ा 26,199 पर पहुंच गया।

स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली में बीते 24 घंटे के दौरान 24,918 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई। इससे पहले बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के 532 नए मरीज मिले थे। दिल्ली कोरोना के रफ्तार कम हो रहा है।




युवक को कोविड रोधी टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: रंजन डिमरी

## मुठभेड़ के बाद तीन शार्पशूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी टिल्लू ताजपुरिया - परवेश मान और नीरज बवाना गिरोह के शार्प शूटर हैं। उन्होंने बताया कि तीनों अपने प्रतिद्वंद्वियों एवं उनके परिवार के लोगों पर एक बड़ा हमला करने की साजिश रच रहे थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से दो अर्द्ध स्वचालित पिस्तौल, दो देसी पिस्तौल और 19 कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपियों की पहचान वाले पवन सहरावत (30), आशु (21) एवं गौरव त्यागी (27) के रूप में की गई है।

## कोर्ट के अगले आदेश तक नहीं काटे जाएगा पेड़

### शहर में प्रदूषण कम करने को कोई अन्य तरीका नहीं : न्यायमूर्ति



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने पेड़ कटान पर सख्त टिप्पणी की है।

न्यायमूर्ति ने अपने आदेश में कहा है कि शहर का प्रदूषण कम करने के लिए कोई अन्य विकल्पिक रास्ता नहीं है। अगली सुनवाई तक दिल्ली में एक भी पेड़ नहीं काटा जा सकता है। पेड़ों के संरक्षण से संबंधित एक अवमानना मामले पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति नाजमी वजीरी ने कहा कि शहर में पिछले तीन साल में 29,000 पेड़ काटे गए। उन्होंने कहा, हमने पेड़ों को काटे जाने पर रोक लगा दी है। सुनवाई की अगली तारीख तक पेड़ों को नहीं गिराया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई के लिए दो जून की तारीख तय की गई। उन्होंने कहा, पिछले तीन साल में कुल 29,946 पेड़ काटने की अनुमति दी गई, जो गणना करने पर 27 पेड़ प्रतिदिन या 1.13 पेड़ प्रति घंटा है। अदालत ने कहा कि जिन पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई उनके घेरे और आयु को लेकर कोई रिकॉर्ड नहीं है।

उसने कहा, इसलिए यह जनहित में और वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण के हित में होगा कि सुनवाई की अगली तारीख तक दिल्ली में पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं दी जाए और सुनिश्चित किया जाए कि पेड़ों को तभी गिराया जाए, जब आवेदक उसे कम से कम दूसरी जगह लगाने का आश्वासन दे। निश्चित रूप से शहर के पारिस्थितिकीय और पर्यावरण क्षय को कम करने का और कोई मार्ग नहीं है।

## प्रदूषण पर वार

# नई तकनीक के जरिये आबोहवा की सेहत का चलेगा पता

## रियल टाइम वास्तविक डाटा की पहली सुपर साइट पंडारा में बनाने की योजना : गोपाल राय

### पर्यावरण मंत्री ने परियोजना को लेकर की समीक्षा बैठक, कार्य तेज करने के लिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई तकनीक से हवा की सेहत का पता अब आसानी चल सकेगा। दिल्ली सरकार अलग-अलग समय पर वायु प्रदूषण के कारणों का पता लगाने के लिए रीयल-टाइम सोर्स अपोर्शन्मेन्ट परियोजना का काम कर रही है। परियोजना की पहली सुपर साइट एसकेवी, पंडारा रोड में बनाई जा रही है। अगस्त में परियोजना की सुपरसाइट और मोबाइल लैब शुरू की जाएगी। दिल्ली देश का पहला ऐसा राज्य बनेगा, जहां पर जनवरी से लेकर दिसंबर तक पूरे साल प्रदूषण का रियल टाइम डेटा जुटाया जाएगा।



अधिकारियों संग बैठक करते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

इससे प्रदूषण पर अंकुश लगाने की गति और तेज होगी।

गर्मियों और सर्दियों में अलग कारणों से प्रदूषण की समस्या होती है। ऐसे में गर्मियों में किए जाने वाले उपायों को सर्दियों में प्रयोग में नहीं लाया जा सकता। रीयल-टाइम सोर्स अपोर्शन्मेन्ट परियोजना से प्रदूषण के सोर्स को नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही प्रदूषण के कारणों का सटीक पता लगेगा जिसके बाद उसे नियंत्रित किया जा सकता है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को रीयल-टाइम सोर्स अपोर्शन्मेन्ट परियोजना को लेकर समीक्षा बैठक हुई है। इसमें डीपीसीसी, आईआईटी कानपुर, आईआईटी दिल्ली और टेरी के विशेषज्ञ और अधिकारी मौजूद रहें। समीक्षा बैठक के बारे में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री ने बताया कि विशेषज्ञों की टीमों के साथ रियल टाइम सोर्स अपोर्शन्मेन्ट अध्ययन और प्रदूषण पूर्वानुमान परियोजना को लेकर सचिवालय में समीक्षा बैठक की गई। इसमें आईआईटी कानपुर की टीम ने अवगत कराया कि प्रदूषण के वास्तविक स्त्रोतों का पता लगाने के लिए सुपर साइट की स्थापना जल्द हो जाएगी। जिसके तहत एसकेवी, पंडारा रोड में सुपर साइट का निर्माण किया जाएगा। सुपरसाइट 36 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाई जाएगी।

इसके साथ ही अगस्त से प्रदूषण के रियल टाइम कारकों का पता लगेगा, जिससे प्रदूषण के उस सोर्स को नियंत्रित करने की रणनीति बनाने में मदद मिलेगी। गोपाल राय ने बताया कि इस तरह की परियोजना से दिल्ली वायु प्रदूषण का वास्तविक समय स्त्रोत पता करने वाला देश का पहला शहर बनेगा। रीयल-टाइम सोर्स अपोर्शन्मेन्ट परियोजना किसी भी स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान करने में मदद करेगी।

यह वाहन, धूल, बायोमास जलने, पराली जलाने और उद्योग उत्सर्जन जैसे विभिन्न प्रदूषण स्त्रोतों के वास्तविक समय के प्रभाव को समझने में मदद करेगी। इसके परिणामों के आधार पर प्रदूषण के स्त्रोतों पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकेंगे। इससे प्रदूषण के विभिन्न कारकों की पहचान करने और उनको दूर करने में मदद मिलेगी। प्रदूषण पूर्वानुमान प्राप्त होने से सरकार को निर्माण स्थल पर प्रतिबंध, वाहनों पर प्रतिबंध सहित अन्य नीतिगत निर्णय लेने में भी मदद मिलेगी।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

सभी कार्य दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे सफलता भी मिलेगी। समस्या का एक व्यवहार्य समाधान खोजना सबसे अच्छी बात होगी जो आप कर सकते हैं। आय में वृद्धि आपको खुश करेगी मेहनत को पहचाना जाएगा। पिता की तरफ से कोई लाभ मिलेगा। झगड़े और विवादास्पद स्थिति से दूर रहने का प्रयास करें। व्यापार धंधा अच्छा चल सकता है।

भाग्यांक : 9
विशेष : देवी लक्ष्मी की आराधना करें।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

बड़ा काम संतान की मदद से पूरा हो जाएगा। माता-पिता का सहयोग भी बना रहेगा। शाम को धार्मिक स्थल पर जाएंगे। बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन शानदार रहने वाला है। शिक्षकों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। ऑफिस में काम की तारीफ होगी। दिन खुशी से भरा रहेगा। सेहत के मामले में बेहतर फील करेंगे। व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा।

भाग्यांक : 3
विशेष : मंदिर में घी की डिब्बी दान करें।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

उच्च अध्ययन में आ रही परेशानी दूर होगी। परिणय चर्चा में सफलता मिलेगी वाणी पर नियंत्रण रखें। आगे बढ़ने के नए मौके आ सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ें। रोजमर्रा के कामों में फायदा हो सकता है। कामकाज से सभी खुश रहेंगे। संतान से भी मदद मिल सकती है। सामाजिक कार्यों में भाग लेने की इच्छा परिपूर्ण हो सकती है। अनजाने में कोई बड़ी गलती हो सकती है।

भाग्यांक : 1
विशेष : श्री सुक्तम का पाठ करें।

### कर्क

(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

नई साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। व्यावसायिक परियोजनाओं में प्रति उत्साही और आश्वस्त हैं, भविष्य में पूर्ण सफलता प्राप्त कर पाएंगे। कानूनी मामले में सफलता मिल सकती है। परिवार और दोस्त खुशी के समय और यादगार अवसरों को मनाने के लिए इकट्ठा होंगे। बच्चे परीक्षा में सफल होंगे। वित्तीय उपक्रमों और निवेशों की लाभ की ध्वनि प्रसन्नचित रखेगी।

भाग्यांक : 1
विशेष : लक्ष्मी मंदिर में देसी घी का दीपक जलाएं।

### सिंह

(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

काम से भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। खर्चे को नियंत्रण में रखना चाहिए। नया काम सीखने का अवसर मिलेगा। ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। कार्यस्थल पर सहयोगी के साथ व्यवहार को अच्छा बनाकर रखें। बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। घर में मेहमान के आने से घर का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। ज्यादातर समय उनके साथ बीतेगा। आपके साथ सब अच्छा होगा। कानूनी मामला लंबित है, तो उसमें सफलता के संकेत मिल रहे हैं।

भाग्यांक : 3
विशेष : लक्ष्मी जी को फूल अर्पित करें।

### कन्या

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

पार्टनर के साथ इंटरनेट पर समय बिताएंगे। फोन पर मधुर संवाद कर सकते हैं। किसी भी तरह आज आप दोनों दिनभर जुड़े रहेंगे। पारिवारिक खर्च बढ़ सकता है। लेन-देन में सावधानी बरतें। अटके काम पूरे होंगे। कानूनी मामलों में जीत मिलेगी। घर में उपयोग होने वाली वस्तुएं खरीदें सकते हैं। सोच सकारात्मक रखें। विश्वसनीय व्यक्ति का सहयोग भी मिल सकता है। जल्दबाजी में कोई भूल भी हो सकती है। वाणी और व्यवहार में नियंत्रण रखें।

भाग्यांक : 1
विशेष : ललिता सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

आज बेहतरीन वित्तीय परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध स्थापित करने के लिए अच्छा समय है। नौकरी खोजने के लिए किए गए प्रयास लाभकारी होंगे। सामाजिक स्थिति में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा। शुभ कार्य भी संपन्न हो सकता है। संपत्ति में निवेश या वाहन खरीद सकते हैं। कार्य संबंधी यात्रा लाभकारी होगी। करियर आगे बढ़ेगा। निर्णय लेते समय भावुक न हों।

भाग्यांक : 5
विशेष : महिषासुर मर्दिनी का पाठ करें।

### वृश्चिक

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो जाएगा। मान-प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए। दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं। नई योजना बना सकते हैं। दूसरों के सामने अपनी बात खुलकर रखनी चाहिए। इससे चीजें स्पष्ट रहेंगी। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आर्थिक मामलों में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

भाग्यांक : 9
विशेष : मंदिर में गुड़ दान करें।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

दिन बातचीत से भरा हुआ है। अकेले लोगों को इंटरनेट के माध्यम से नया पार्टनर मिल सकता है। पुराने विवाद जल्दी को समाप्त होने वाले हैं। जीवन में सुख शांति बनी रह सकती है। दूसरों की मदद करने में खुशी महसूस होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्र परिवार की ओर से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। जो लोग संगीत के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। किसी बड़ी जगह परफॉर्मेंस करने का मौका मिल सकता है।

भाग्यांक : 4
विशेष : देवी लक्ष्मीजी कपूर से आरती करें।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

भाग्य आपके साथ है। रुके हुए कार्यों को आगे बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी। पराक्रम और उत्साह में वृद्धि रहेगी। काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम भी आएगा। पूरे दिल से किया हुआ कोई भी कार्य परिणाम अवश्य देगा। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वालों को या शिक्षार्थियों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है। पुरुष जातकों को स्त्रियों से और स्त्री जातकों को किसी पुरुष से बहुत सार्थक सहयोग मिलेगा।

भाग्यांक : 4
विशेष : देवी लक्ष्मी को मखाने की खीर अर्पित करें।

### कुंभ

(गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

आज खुशखबरी मिलेगी, परिवार में सबके चेहरे खिले रहेंगे। आज लोग आपसे बात करना चाहेंगे। मित्र से मुलाकात होगी। नए स्त्रोतों से धन की प्राप्ति होगी। प्रेम-प्रसंग के प्रति झुकाव रहेगा। सेहत के मामले में आप चुस्त-दुरुस्त बने रहेंगे। दिमाग में अचानक से कोई ऐसा विचार आएगा, जो प्रगति के रास्ते खोल देगा। प्रॉपर्टी डीलर्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है। रिश्ते बेहतर होंगे।

भाग्यांक : 9
विशेष : अनाथालय में जाकर कुछ दान करें।

### मीन

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

कार्यों में सफलता मिलेगी, क्रोध करने से बचना जरूरी होगा। वाणी पर संयम रखना होगा। आमदनी निरंतर बनी हुई है। व्यय आशा के विपरीत अधिक हो सकते हैं। खर्चों पर अंकुश लगाना जरूरी होगा। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं घूमने जा सकते हैं। विवाहित लोग जीवन-साथी के साथ उचित व्यवहार रखें और संवादहीनता को न पनपने दें। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

भाग्यांक : 3
विशेष : घर में चंदन के इत्र का छिड़काव करें।

नोट : कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

दाल मखनी एक ऐसी सब्जी है, जो हर किसी को काफी पसंद आती है, फिर चाहे बात बच्चों की हो या बड़ों की। अक्सर लोग दाल मखनी को कई तरह से खाते हैं। कभी चावल के साथ तो कभी नान, परांठे या रोटी के साथ। यह हर तरह से काफी अच्छी लगती है। अगर आपको भी ढाबे वाली दाल मखनी खाना पसंद है, लेकिन घर पर आपसे इस तरह की दाल मखनी तैयार नहीं होती तो चलिए आज हम आपको इसे बनाने का तरीका बता रहे हैं। इस रेसिपी को जानने के बाद आप घर की दाल मखनी में भी ढाबे का स्वाद ले पाएंगे?

# ढाबे वाली दाल मखनी





## आवश्यक सामग्री

एक कप काली दाल, राजमा एक मुट्ठी, पानी, दो टेबलस्पून घी, दो कटे हुए प्याज, दो टेबलस्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, तीन से चार टमाटर की प्यूरी, नमक, आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, दो चम्मच धनिया पाउडर, एक छोटा चम्मच जीरा पाउडर, एक छोटा चम्मच गरम मसाला, बटर, फ्रेश क्रीम

## बनाने की विधि

- सबसे पहले हम दाल को उबालकर तैयार करेंगे। इसके लिए आप एक कूकर में दाल, राजमा, नमक और पानी डालकर उबालने रखें। एक सीटी के बाद गैस को स्लो करें और फिर तीन-चार सीटी आने दें।
- अब दाल का तड़का तैयार करेंगे। इसके लिए एक पैन में दो टेबलस्पून घी डालकर गर्म करें। इसके बाद इसमें कटा हुआ प्याज डालकर अच्छी तरह चलाएं। जब यह लाल हो जाए तो इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट, पिसे हुए टमाटर, नमक, लाल मिर्च डालकर चलाएं। अब इसमें धनिया पत्ता डालें। साथ ही उबली हुई दाल को भी तड़के में डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अगर आपको दाल गाढ़ी लगे तो आप इसमें थोड़ा गर्म पानी भी डाल सकते हैं। इसके बाद इसे एक बार फिर चलाएं और धीमी आंच पर कुछ देर पकने दें। अब इसमें धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, गरम मसाला डालकर फिर से मिलाएं।
- अब एक छोटा तड़का पैन लें और इसमें काफी सारा मक्खन डालकर मेल्ट करें। अब इसमें आधा चम्मच लाल मिर्च डालें। अब इस बटर को दाल के उपर डालें। साथ ही इसमें काफी सारा हरा धनिया और थोड़ी सी क्रीम डालें।
- आपकी गर्मा-गर्म रोटी, परांठा या नान के साथ सर्व करें। घर में हर किसी को यह दाल मखनी काफी पसंद आएगी।

# कुछ अलग खाने का है मन तो गट्टे की सब्जी है ना

गट्टे की सब्जी यूं तो राजस्थान में सबसे ज्यादा खाई जाती है, लेकिन देश के अन्य भागों में भी लोग इस सब्जी को खाना काफी पसंद करते हैं। लोग गट्टे की सब्जी तो बनाते हैं, लेकिन अक्सर उनके गट्टे सख्त बनते हैं, जिसके कारण आपको वह टेस्ट नहीं मिल पाता, जो सच में मिलना चाहिए। इसलिए अक्सर लोग इसे बनाने से बचते हैं। अगर आपको भी गट्टे की सब्जी पसंद है, लेकिन आपके गट्टे का स्वाद अच्छा नहीं आता तो आज हम आपको इसे बनाने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिसकी मदद से आपके गट्टे एकदम स्वादिष्ट और नरम बनेंगे। तो चलिए शुरू करते हैं इसे बनाना?



## सामग्री

**गट्टे बनाने के लिए :** जीरा, सौंफ, अजवाइन, धनिया, एक कप बेसन, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, देसी घी, ऑयल, तीन टेबलस्पून दही

**ग्रेवी बनाने के लिए :** दो प्याज, तीन टमाटर, अदरक, लहसुन, हरी मिर्च, दही, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, भूनी हुई कसूरी मेथी, ऑयल, नमक

## विधि

- गट्टे बनाने के लिए सबसे पहले आप जीरा, सौंफ, अजवाइन, धनिया लेकर उसे क्रश कर लें। अब एक बाउल में बेसन लेकर उसमें क्रश मसाला, नमक, हल्दी, लाल मिर्च, देसी घी, ऑयल और दही डालकर हाथों की मदद से अच्छी तरह मिक्स कर लें। याद रखें कि इस मिश्रण में आपको घी और तेल दोनों का इस्तेमाल करना है। घी की वजह से आपके गट्टे काफी नरम बनेंगे। अब आप हल्का सा पानी लगाकर इन्हें अच्छे से मिक्स करें और दस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद आप एक बार फिर से बेसन के इस मिश्रण पर थोड़ा सा तेल डालें और हाथों की मदद से अच्छी तरह मथें। इससे आपके गट्टे बिल्कुल वैसे ही बनेंगे, जैसे आपको चाहिए।

अब आप एक बर्तन में पानी डालकर उबालें। वहीं दूसरी ओर आप गट्टे को शेप दें और बीच से काटकर पानी में डालें और मीडियम फ्लेम पर दस से बारह तक पकाएं। जब यह पक जाए तो इन्हें बाहर निकालें और छोटा-छोटा काटें।

- इसके बाद ग्रेवी बनाने के लिए आप पहले प्याज को बारीक काट लें और एक मिक्सी के जार में टमाटर, अदरक, लहसुन और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड कर लें और एक प्यूरी बना लें। इसके बाद दही लेकर उसमें लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, भूनी हुई कसूरी मेथी डालकर अच्छी तरह फेंट लें। अब एक कड़ाही लेकर उसमें ऑयल डालें। इसमें प्याज डालकर भून लें। जब यह भून जाएं तब इसमें थोड़ा सा पानी डालें। इसके बाद इसमें टमाटर की प्यूरी डालकर फिर से भून लें। अब इसमें नमक डालकर भूनें। अंत में इसमें मसाले वाली दही डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। ध्यान रखें कि इसे आपको लगातार चलाना है ताकि दही फटे नहीं। अब इसमें गट्टे उबालने के लिए इस्तेमाल किया गया पानी डालकर उबालें।
- अब इसमें गट्टे डालकर ढककर करीबन दस मिनट के लिए पकाएं। आखिरी में इसे गरम मसाला डालें। आपकी गट्टे की सब्जी बनकर तैयार है। आप इसे रोटी के साथ सर्व करें।

# खाने का जायका बढ़ाती है लहसुन की चटनी



अधिकतर घरों में लहसुन की चटनी खाई जाती है। यह एक बहुत ही प्रसिद्ध राजस्थानी व्यंजन है। यह खाने में बहुत स्वादिष्ट और लाभकारी भी है, क्योंकि लहसुन की प्रकृति गरम मानी जाती है इसलिए सर्दियों में लहसुन का प्रयोग करना बहुत ही फायदेमंद होता है। लहसुन की चटनी को बाजरा और मक्के की रोटी के साथ भी पसंद किया जाता है।

## आवश्यक सामग्री :

50 ग्राम खड़ी लाल मिर्च, 1 लहसुन की कली (बड़े आकार की), 1 चम्मच जीरा, पाव चम्मच हींग, 1 टुकड़ा अदरक, नमक स्वादानुसार, पाव चम्मच शकर और थोड़ा-सा तेल।

## बनाने की विधि :

सबसे पहले लाल मिर्च के डंठल तोड़ लें और रात्रि में एक बर्तन में भिगोकर रख दें। सुबह मिर्च का सारा पानी निथार लें। अब लहसुन की कलियों के छिलके उतार लें। फिर मिक्सी में सबसे पहले लहसुन को हल्का-सा पीस ले और लाल मिर्च डालकर उपरोक्त मसाला सामग्री डाल दें। अब अच्छी तरह बारीक महीन चटनी पीस लें। तैयार चटपटी झन्नाट लहसुन की चटनी को बाजरा, ज्वार या मक्का की रोटी गरमा-गरम रोटी के साथ परोसें। इसके साथ अगर कटी प्याज मिल जाएं तो वाह क्या कहनें। ऐसी स्वादिष्ट और लाभकारी चटनी ठंड के दिनों में खाने का जायका बढ़ा देती है। आप भी अवश्य ट्राय करें।

# जानिए खसखस के 10 फायदे

**पौष्टिकता से भरपूर खसखस का इस्तेमाल सब्जी की ग्रेवी बनाने और सर्दी के दिनों में स्वादिष्ट हलवा बनाने के लिए किया जाता है। यह स्वाद और सेहत से भरपूर है, इसलिए स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार करने के लिए भी इसे दवा के रूप में प्रयोग करते हैं। आइए जानते हैं, खसखस के बेहतरीन गुणों के बारे में।**

- खसखस को दर्द निवारक के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसमें पाया जाने वाला ओपियम एल्कलॉइड्स सभी प्रकार के दर्द को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- खास तौर से इसका प्रयोग मांसपेशियों के दर्द में किया जाता है। खसखस का तेल भी बाजार में उपलब्ध होता है, जिसका प्रयोग दर्द वाले स्थान पर किया जाता है।
- सांस संबंधी तकलीफ होने पर भी खसखस काफी फायदेमंद होता है। इसके साथ ही यह खांसी को कम कर सांस संबंधी समस्याओं में लंबे समय तक आराम दिलाने में भी मदद करता है।
- अगर आप नींद न आने की समस्या से परेशान हैं, तो सोने से पहले खसखस का गर्म दूध पीना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह अनिद्रा की समस्या को दूर करता है। यह आपको नींद लेने के लिए प्रेरित करेगा।
- खसखस फाइबर का बेहतरीन स्त्रोत है, जिसका प्रयोग करने से कब्ज की समस्या नहीं होती। इसके अलावा यह बेहतर पाचन में भी मदद करता है और शरीर को उर्जा देने के लिए भी बहुत लाभदायक होता है।
- गुर्दे की पथरी में इलाज के तौर पर भी खसखस को सेवन किया जाता है। इसमें पायाजाने वाला ओक्सलेट्स, शरीर में मौजूद अतिरिक्त कैल्शियम का अवशोषण कर गुर्दे में पथरी बनने से रोकता है।
- खसखस मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ त्वचा पर होने वाली झुर्रियों को भी कम करने में मदद करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो आपको जवां बनाए रखने में मदद करता है।
- खसखस त्वचा को नमी प्रदान करने में भी सहायक होता है। यह त्वचा की जलन व खुजली को कम करने के साथ ही एक्जिमा जैसी समस्याओं से लड़ने में मदद करता है। ओमेगा-6 फैटी एसिड, प्रोटीन, फाइबर से भरपूर होने के साथ ही खसखस में फाइटोकेमिकल्स, विटामिन बी, थायमिन, कैल्शियम और मैंगनीज भी पाया जाता है, जो पोषण के लिहाज से बहुत फायदेमंद है।
- त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए खसखस का इस्तेमाल दूध में पीसकर फेसपैक के रूप में किया जाता है। यह त्वचा को नमी प्रदान करने के साथ ही प्राकृतिक चमक लाता है, और चेहरा दमक जाता है।
- इसके अलावा कई तरह की छोटी-छोटी



समस्याओं जैसे अधिक प्यास लगना, बुखार, सूजन या पेट में होने वाली जलन से राहत पाने के लिए खसखस का प्रयोग किया जाता है। यह पेट में बढ़ने वाली गर्मी को भी शांत करने में सहायक है।

# प्लेऑफ स्थान कब्जाने के लिए राजस्थान की निगाहें बटलर के प्रदर्शन पर

## टीम सीएसके के लचर प्रदर्शन का उठाना चाहेगी फायदा

एजेंसी। मुंबई

**पिछले** कुछ मैचों में कोई धमाल नहीं कर पाने वाले जोस बटलर शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे और राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें भी उनके प्रदर्शन से प्लेऑफ में जगह बनाने पर लगी होंगी।

संजू सैमसन की अगुआई वाली टीम एक और जीत से 18 अंक पर पहुंच जाएगी, जिससे शीर्ष चार स्थानों के लिए उन्हें सभी गणनाओं और संभावनाओं को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। बल्कि एक जीत राजस्थान रॉयल्स के लिए शीर्ष दो में स्थान भी सुनिश्चित कर सकती है क्योंकि लखनऊ सुपर जायंट्स (0.251) की तुलना में उनका 0.304 का नेट रन रेट (एनआरआर) काफी बेहतर है। साथ ही राजस्थान रॉयल्स की टीम सीएसके के लचर प्रदर्शन का फायदा भी उठाना चाहेगी क्योंकि अंतिम मैच में वह उनका खेल बिगाड़ भी सकती है।

इससे बचने के लिए बटलर को बल्ले से दमदार प्रदर्शन दोहराते हुए योगदान करना होगा, क्योंकि वह पिछले चार मैचों में 22, 30, 07 और 02 रन की पारी ही खेल पाए हैं जबकि वह बल्लेबाजों की तालिका में 627 रन बनाकर इस समय शीर्ष पर चल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की टूर्नामेंट में सफलता का ज्यादातर श्रेय बटलर द्वारा दिलाई गई शानदार शुरुआत और युजवेंद्र चहल के 24 विकेट को ही दिया जाएगा। बटलर तीन शतक और इतने ही अर्धशतक जड़ चुके हैं। उन्होंने अपने ज्यादातर रन टूर्नामेंट के शुरुआती हाफ में बनाए। चहल ने मेंदबाजी में अपनी लय बरकरार रखी है, लेकिन बटलर की बात करें तो उनकी फॉर्म में थोड़ी गिरावट आई है, लेकिन प्लेऑफ से पहले अंतिम लीग मैच उनके लिए वापसी करने का आदर्श समय होगा।

वहीं सीएसके की गेंदबाजी में मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह और बेबी मलिंगा के नाम से मशहूर माथिशा पाथिराना अंतिम मुकाबले में अपनी धार दिखाना चाहेंगे लेकिन टूर्नामेंट के ज्यादातर मैचों में खराब बल्लेबाजी के कारण टीम का मनोबल गिरा हुआ है। बटलर जहां राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं तो सीएसके के रूतुराज गायकवाड़ ने बाद में लय हासिल की जिससे वह 366 रन बना चुके हैं, लेकिन अन्य कोई भी बल्लेबाज 300 रन के करीब तक नहीं पहुंचा है। डेवोन कोनवे ने दूसरे हाफ में अधिक मैच खेले, उनके 236 रन हैं। सीएसके के ज्यादातर सीनियर खिलाड़ी जैसे एमएस धोनी (206), अंबाती रायुडू (271) और रॉबिन उथप्पा (230) इस आईपीएल सत्र में अच्छा नहीं कर सके जो टीम की सबसे बड़ी विफलता रही है।

राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ में से एक कहा जा सकता है, जिसमें चहल (24 विकेट, इकोनोमी रेट 7.76) और रविचंद्रन अश्विन (10 विकेट, इकोनोमी रेट 7.15) की स्पिन जोड़ी ने बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। प्रसिद्ध कृष्णा (15 विकेट) ने भी ज्यादातर दिन धारधार गेंदबाजी की है और ट्रेंट बोल्ट (12 विकेट) की गेंदों को खेलना भी किसी भी शीर्ष क्रम के लिए मुश्किल हो जाता है।



### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स :** एमएस धोनी, रविंद्र जडेजा (कप्तान), मोईन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, दीपक चाहर, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दूबे, ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीशन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी और माथिशा पाथिराना।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल, रियान पराग, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेद मैकॉय, अनुनय सिंह, कुलदीप सेन , करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बरोका, कुलदीप यादव, शुभम गढ़वाल, जेम्स नीशाम, नाथन कूल्टर-नाइल, रेस वान डेर डुसेन, डेरिल मिशेल और कोरबिन बॉश।

**मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।**

### गेंदबाजी अनुभव कम होने का भुगतना पड़ा खामियाजा

चोटिल दीपक चाहर की अनुपस्थिति और जोश हेजलवुड को रिटेन नहीं कर पाने से उनकी गेंदबाजी काफी प्रभावित हुई। उनके पास गेंदबाजी अनुभव नहीं था, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। पाथिराना का गेंदबाजी एक्शन लसिथ मलिंगा के एक्शन की तरह ही दिखता है। उन्होंने धोनी को प्रभावित किया लेकिन अभी काम किया जाना बाकी है। साथ ही मुकेश (16 विकेट), सिमर (तीन विकेट) और स्पिनर महेश तीक्षणा (12) अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन वे अभी तक खुद को मैच विजेता साबित नहीं कर पाए हैं।



# आईपीएल : गुजरात टाइटंस पांच विकेट पर 168 रन बना सकी

एजेंसी। मुंबई

**गुजरात** टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ पांच विकेट पर 168 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली गुजरात के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या ने 47 गेंद में नाबाद 62 और डेविड मिलर ने 25 गेंद में 34 रन बनाए।

गुजरात की टीम ने अलजारी जोसेफ की जगह लॉकी फर्ग्यूसन को मौका दिया है। वहीं, बेंगलुरु की टीम में मोहम्मद सिराज की जगह सिद्धार्थ कौल को मौका मिला है। इधर

### शुभमन गिल एक रन बनाकर हुए आउट

गुजरात के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल मैच में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। हेजलवुड ने चौथे स्टंप पर गुड लेंथ गेंद डाली, जो पड़कर हल्की सी बाहर निकली। गिल ने गेंद को थर्ड मैन की तरफ भेजना चाहा, लेकिन बॉल मैक्सवेल की तरफ गई और उन्होंने सुपरमैन की तरह उड़ते हुए कमाल का कैच लपका। ये हेजलवुड का टी-20 क्रिकेट में 100वां विकेट भी था।

# सिफ्ट-सूर्य ने रजत पदक जीता, भारत जूनियर विश्व कप में शीर्ष पर रहा

एजेंसी। नई दिल्ली

**सिफ्ट** कौर सामरा और सूर्य प्रताप सिंह को गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि भारत जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप में शीर्ष पर रहा।

सिफ्ट और सूर्य को फाइनल में माजा मेगडेलेना गावेंडा और विक्टोरो साजदास की पोलैंड की जोड़ी के खिलाफ 15-17 से हार का सामना करना पड़ा। अभय सिंह सेखों और अरीबा खान की जोड़ी स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारतीय जोड़ी 150 में से 134 अंक जुटाकर सातवें स्थान पर रही। स्पर्धा में हिस्सा ले रही भवतेग सिंह गिल और दर्शना राठौड़ की एक अन्य भारतीय जोड़ी 132 अंक के साथ 10वें स्थान पर रही। बुधवार को परिनाज धालीवाल, दर्शना और अरीबा की भारतीय महिला स्कीट टीम ने जर्मनी को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

## संक्षिप्त समाचार

### पीजीए चैम्पियनशिप से पहले वुड्स के साथ अभ्यास किया

**तुलसा।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने पीजीए चैम्पियनशिप से पहले महान गोल्फर टाइगर वुड्स के साथ अभ्यास किया।लाहिड़ी करीब तीन साल के बाद मेजर चैम्पियनशिप में खेल रहे हैं। वह मंगलवार को सदर्न हिल्स पर पहुंचे और बुधवार को उन्होंने वुड्स के साथ अभ्यास किया। वुड्स अकेले कोर्स पर थे और 15 बार के मेजर चैम्पियन ने भारतीय गोल्फर से पूछा कि वे एक साथ अभ्यास कर सकते हैं। लाहिड़ी को विश्वास ही नहीं हुआ, उन्होंने कहा मैं कोर्स पर था और कुछ और खिलाड़ी भी थे। मैं और टाइगर भी साथ ही खड़े थे। कौन एक साथ खेलेगा, इसको लेकर संदेह था और फिर अंत में मैं और टाइगर थे और उन्होंने मुझसे साथ खेलने को कहा और मैं भला ना कैसे कह सकता था फिर हमने अभ्यास किया। वुड्स नौ होल खेलने के बाद चले गए और फिर लाहिड़ी ने ब्राइसन डेचाम्ब्यू के साथ नौ होल खेले।

### इंडियन ओपन सर्फिंग के तीसरे चरण की घोषणा

**मेंगलुरू।** भारतीय सर्फिंग महासंघ ने गुरुवार को इंडियन ओपन सर्फिंग के तीसरे चरण की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग संघ द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रीमियर सर्फिंग प्रतियोगिता की मेजबानी यहां 27 से 29 मई तक पनाम्बुर बीच (तट) पर स्थित मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा की जाएगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देश के शीर्ष सर्फर अपनी रैंकिंग के अनुसार भाग लेंगे और कर्नाटक सर्फिंग महोत्सव का हिस्सा होंगे। प्रतियोगिता तीन वर्ग पुरुष, महिला और अंडर-16 में कराई जाएगी।

### मिताली राज, झूलन गोस्वामी और शिखा को कोई स्थान नहीं

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय क्रिकेटर मिताली राज, झूलन गोस्वामी और शिखा पांडे को किसी टीम में जगह नहीं मिली है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि दिग्गज खिलाड़ियों मिताली और झूलन को आराम दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के इस साल की शुरुआत में हुए विश्व कप के बाद संन्यास लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने अब तक अपने भविष्य को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। अधिकारी ने कहा, मिताली और झूलन दोनों को आराम दिया गया है।

### भारत के खिलाफ टेस्ट नहीं खेल पाएंगे आर्चर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जोफ्रा आर्चर कमर में स्ट्रेस फ्रेक्चर (मामूली फ्रेक्चर) के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और जुलाई में भारत के खिलाफ होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट में भी नहीं खेल पाएंगे।इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईसीबी ने बयान में कहा, पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर का पता चलने के बाद इंग्लैंड और ससेक्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर बाकी बचे पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। आर्चर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं क्योंकि ईसीबी ने उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। ईसीबी ने कहा, उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। आगामी दिनों में विशेषज्ञ से सलाह मशिवरा करने के बाद प्रबंधन उन्हें लेकर योजना बनाएगा। भारत को जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट (पिछली श्रृंखला का बचा हुआ मुकाबला) और सीमित ओवरों के छह मुकाबले खेलने हैं। पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला मार्च 2021 में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर खेलने वाले 27 साल के आर्चर का कोहनी का ऑपरेशन हुआ था और इसके बाद उन्होंने ससेक्स की ओर से काउंटी क्रिकेट में वापसी की जहां उन्हें स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया।

### थॉमस कप जीतने पर इंडियन ऑयल ने टीम को बधाई दीं

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इतिहास रखने वाली भारतीय टीम में चार खिलाड़ी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के थे। देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी और अपने खिलाड़ियों को बधाई दी। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने 15 मई को इतिहास रचते हुए फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर पहली बार थॉमस कप का खिताब जीता। आईओसी ने बयान में कहा, थॉमस कप के 2022 सत्र में भारत की चुनौती की अगुआई इंडियन आयल के प्रमुख बैडमिंटन सितारों ने की। इंडियन आयल के चार खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा थे। दिग्गज खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन, थाईलैंड ओपन 2019 सुपर 500 चैंपियनशिप की विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी तथा उभरते हुए युगल खिलाड़ी एमआर अर्जुन जो 2020 एशिया टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। टीम के कोच की भूमिका इंडियन आयल के एक अन्य स्टार और 2001 आल इंग्लैंड विजेता पुलेला गोपीचंद निभा रहे थे।

### कैस्पर रड जीते, तीन वरीय खिलाड़ी जिनेवा ओपन से बाहर

**जिनेवा।** गत चैम्पियन कैस्पर रड ने बुधवार को जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को दूसरे दौर में हार मिली। दूसरे वरीय रड ने बेनो पेयरे को 6-3, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना गुरुवार को थानासी कोकिनाकिस से होगा। रड खिताब बरकरार रखने के प्रबल दावेदार बने हुए हैं क्योंकि मंगलवार को दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव को रिचर्ड गैस्केट से पराजय का मुंह देखना पड़ा था। तीसरे वरीय डेनिस शापावालोव भी शुरुआत दौर का मैच हार गए, उन्हें इलिया इवाशका ने 6-4, 6-7, 6-3 से हराया। अब इवाशका का सामना जोआओ सौसा से होगा जिन्होंने पांचवें वरीय निकोलोज बासिलाशिवली पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। सातवें वरीय फेडरिको डेलबोनिस को कोकिनाकिस से 1-6, 7-5, 7-5 से हार मिली। चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी रेली ओपेलका ने आस्ट्रेलियाई क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल को 6-3, 7-5 से हराया।

# डिकॉक की 140 रन की नाबाद पारी, तारीफ के काबिल : दहिया

एजेंसी। नवी मुंबई



**क्विंटन** डिकॉक ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में नाबाद शतकीय पारी खेलकर पिछले कुछ समय से बड़ा स्कोर नहीं बना पाने की निराशा खत्म की।

बुधवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच विजय दहिया ने दक्षिण अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज के जश्न के पीछे के संभावित कारण पर बात की। उन्होंने कहा, मैं क्विंटन के बारे में बात करूंगा। इस मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कभी उसने रन बनाए, कभी वह ऐसा नहीं कर पाया। जब भी हम अभ्यास करते तो वह हमेशा कहता कि उसे इतना अच्छा कभी महसूस नहीं हुआ तो ऐसा कैसे हो रहा है कि वह रन नहीं बना पा रहा।

दहिया ने कहा, उसने यह भी कहा कि जिस दिन वह ऐसा करेगा, उसकी पारी अहम होगी और उसने आज (बीती रात) ऐसा ही किया। जिस तरह से उसने 20 ओवर तक बल्लेबाजी की जिसमें कोई भी विकेट नहीं गिरा, वह शानदार था। डिकॉक की 140 रन की नाबाद पारी इस सत्र का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी था। उनकी पारी और कप्तान लोकेश राहुल के नाबाद 68 रन की मदद से लखनऊ की टीम ने बिना विकेट गंवाए 210 रन का स्कोर बनाया और दो रन से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपना स्थान भी पक्का किया। दहिया ने राहुल की भी प्रशंसा की और कहा कि कप्तान ने हमेशा जिम्मेदारी ली है।

उन्होंने कहा, अगर कप्तान कुछ कहता है और उसे करता भी है तो इससे टीम के लिए अच्छे मानदंड स्थापित होते हैं। इस पूरे सत्र में जिस तरह से राहुल ने बल्लेबाजी की है, वह शानदार रहा है। वह हमेशा ही अच्छी लय में रहा है और वह जिम्मेदारी लेकर खेला है।

# श्रीलंका झटकों से उबरा, बांग्लादेश से ड्रॉ रहा पहला टेस्ट

**चटगांव।** श्रीलंका ने पांचवें दिन दूसरी पारी में मिले झटकों से उबरते हुए गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का शुरुआती टेस्ट ड्रॉ कराया। श्रीलंका के लिए अंतिम दिन दिनेश चांदीमल (नाबाद 39 रन) और निरोशन डिकवेला (नाबाद 61 रन) की पारियां अहम रहीं जिन्होंने सुबह लगे झटकों से टीम को उबारने में मदद की। बीच के सत्र में श्रीलंका का दूसरी पारी में स्कोर छह विकेट पर 161 रन था और वह 93 रन की बढ़त बनाए थी। लेकिन जब 73 ओवरों के बाद दोनों कप्तानों की सहमति पर खेल रोका गया तो श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 260 रन था। श्रीलंका ने पहली पारी में 397 रन बनाए थे, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 465 रन बनाकर 68 रन की बढ़त हासिल करने के साथ चौथे दिन के अंत तक श्रीलंका के दो विकेट झटक लिए थे। श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट सोमवार से ढाका में शुरू होगा।

बांए हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम के दूसरी पारी में सुबह के सत्र में लगातार झटके गए दो विकेट से बांग्लादेश को असंभव जीत की उम्मीद जगी थी क्योंकि लंच तक श्रीलंका के चार विकेट गिर चुके थे।

# आगामी वर्षों में रिंकू के खेल का ध्यान रखेगी केकेआर : मैकुलम

## राजस्थान के खिलाफ भी नाबाद 42 रन की मैच विजई पारी खेली थी

एजेंसी। नवी मुंबई



**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र में उनकी खोज रहे हैं और फ्रेंचाइजी आगामी वर्षों में उनके खेल का ध्यान रखेगी।

रिंकू ने बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी से टीम को लगभग जीत के करीब पहुंचा दिया था, जिससे मैकुलम ने उनकी प्रशंसा के पुल बांधे। इंग्लैंड के अगले टेस्ट कोच की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार मैकुलम ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से वह (रिंकू) सत्र की हमारी खोज रहा है। रिंकू ऐसा खिलाड़ी है जिस पर केकेआर आगामी कुछ वर्षों में ध्यान लगाएगी, इसमें कोई शक नहीं है और हम उसे वास्तव में आगे बढ़ते हुए देखेंगे।

रिंकू ने महज 15 गेंद में 40 रन बनाकर अपने अंतिम लीग मैच में टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के करीब पहुंचा दिया। वह इवान लुईस के शानदार कैच लपकने के कारण 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए। रिंकू ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ भी नाबाद 42 रन की मैच विजई पारी खेली थी।

# घोषाल विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

**कैरा।** भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल यहां विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी मुस्तफा असल से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। भारतीय खिलाड़ी को मिस्र के तेजी से उभरते हुए खिलाड़ी से 2-11, 7-11, 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। घोषाल ने पहली बार न्यूयॉर्क में टूर्नामेंट ऑफ चैम्पियंस के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जिसके बाद वह यहां विश्व चैम्पियनशिप के लिए पहुंचे। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल बुधवार रात अपने से 14 साल छोटे खिलाड़ी से पराजित हो गए।

## तीरंदाजी विश्व कप

# भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता

ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)



**भारतीय** महिला तीरंदाजी टीम ने गुरुवार को यहां विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या तीन कर दी।

भारतीय पुरुष टीम को हालांकि अपने से निचली रैंकिंग की टीम फ्रांस से क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन रिद्धि फोर, कोमोलिका बारी और अंकिता भगत की टीम ने चीनी ताइपे को एक तरफा कांस्य पदक के प्लेऑफ में 6-2 (56-52, 54-51, 54-55, 55-54) से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

इससे पहले तरूणदीप राय और जयंता तालुकदार की अनुभवी जोड़ी के साथ पदार्पण कर रहे नीरज चौहान की तिकड़ी को 15वें वरीय फ्रांस से 2-6 (54-57, 55-52, 53-55, 47-53) से हार का सामना करना पड़ा।

# फुटबॉल प्रशंसक ने मैच के बाद खिलाड़ी से मारपीट का दोष स्वीकार किया

एजेंसी। नॉटिंघम

**फुटबॉल** प्रशंसक रॉबर्ट बिग्स ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ चैंपियनशिप प्ले ऑफ मुकाबले के समाप्त होने के बाद शेफील्ड यूनाइटेड के स्ट्राइकर बिली शार्प पर हमला करने के मामले में गुरुवार को दोष स्वीकार कर लिया। तीस साल का बिग्स मंगलवार को मैच के बाद सिटी ग्राउंड में घुस आया और उसने शार्प पर सिर से प्रहार किया। चोट के कारण शार्प इस मुकाबले में नहीं खेल रहे थे। वह मैदान के बाहर अपनी जेब में हाथ डालकर खड़े थे जब बिग्स ने उन प्रहार किया जिसके कारण उनके होंठ पर चार टांके आए। अदालत में पेश हुआ और अपराध स्वीकार कर लिया जिसे अभियोजकों ने जानबूझकर किया गया हिंसा का मूर्खतापूर्ण बताया।

# हॉकी : विदेश में होने वाले मुकाबलों के लिए भारतीय टीम के कप्तान बने रहेंगे रोहिदास

### एफआईच प्रो लीग तालिका में 12 मैचों में 27 अंक लेकर भारत शीर्ष पर

एजेंसी। नई दिल्ली



**ओलंपिक** पदक विजेता डिफेंडर अमित रोहिदास अगले महीने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के 2021-22 सत्र के अंतिम महत्वपूर्ण चरण में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। भारत एफआईच प्रो लीग तालिका में 12 मैचों में 27 अंक लेकर शीर्ष पर चल रहा है और अर्जेंटीना से तीन अंक आगे है।

तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम अगले चार मैचों का इस्तेमाल अपने दबदबे को बढ़ाने और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जरूरी मैच अभ्यास के रूप में करना चाहेगी। भारत 11 और 12 जून को एंटवर्प में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम से खेलेगा जिसके बाद उसका सामना 18 और 19 जून को रोटरडम में नीदरलैंड से होगा। घरेलू सरजमीं पर पिछले दो चरण की तरह ही स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह उप कप्तान होंगे। टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि भारतीय टीम प्रबंधन का व्यस्त केलैंडर वर्ष से पहले प्रो लीग मुकाबलो में कोर ग्रुप से विभिन्न संयोजन को आजमाना जारी है। इस साल राष्ट्रमंडल खेल जबकि अगले साल विश्व कप खेला जाना है। टीम संयोजन के बारे में बात करते हुए भारतीय मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, यह एफआईएच हॉकी प्रो लीग का सबसे महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ मुकाबले उनके ही घरेलू मैदानों पर खेले जाएंगे।

योजना यही है कि भारत में घरेलू मैचों की लय को जारी रखा जाए। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान यूरोप में सुधरा प्रदर्शन करने पर लगा है और लीग में अपने प्रदर्शन पर मंथन जारी रखेंगे।

# अमेरिकी फुटबॉल ने पुरुष और महिलाओं का वेतन बराबर किया

## टीम लगातार विश्व कप खिताब जीतकर काफी सफल रही

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** फुटबॉल महासंघ (यूएसएसएफ) ने पुरुषों और महिला टीमों को एक समान भुगतान करने का समझौता किया जिससे अमेरिकी राष्ट्रीय संचालन संस्था खेल में दोनों वर्गों के लिए बराबर राशि देने वाली पहली संस्था बन गई।

महासंघ ने बुधवार को दोनों राष्ट्रीय टीमों के संघों के साथ दिसंबर 2028 तक समझौता किया जिससे वर्षों से अकसर होने वाली तीखी बहस भी खत्म हो गई।



अमेरिका की सफल महिला टीम की स्टार खिलाड़ी एलेक्स मोर्गन और मेगान रापिनो 2019 में महिला विश्व कप चैम्पियनशिप दिलाने में अहम रही थीं और दोनों लैंगिक समानता की लड़ाई की अगुआ भी रही। अमेरिकी महिला खिलाड़ियों ने जब फ्रांस में खिताब जीता था तो बराबर वेतन का मुद्दा काफी सुर्खियों में रहा था। अमेरिकी फारवर्ड मारग्रेट पर्स ने कहा, मुझे लड़कियों के लिए बहुत गर्व महसूस हो रहा है जिन्हें इसके लिए लड़ना नहीं होगा, बल्कि उनकी अहमियत को पहचान मिलेगी। हालांकि मेरे पिता हमेशा मुझसे कहते कि आप जो करते हो, उसके लिए तुम्हें पुरस्कृत नहीं किया जाता है। लेकिन आपको पुरुष और महिलाओं को एक समान वेतन देना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैं आपको कोई स्टार नहीं दे रही हूं, लेकिन मैं इस उपलब्धि के लिए आभारी हूं और उन सभी लोगों की भी जिन्होंने एक साथ मिलकर इसे संभव बनाया।

### 2026 टूर्नामेंट के भुगतान को भी पूल किया जाएगा

शायद सबसे बड़ा झटका विश्व कप की पुरस्कार राशि थी जो टूर्नामेंट में टीमों के सफर पर आधारित थी। अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार विश्व कप खिताब जीतकर काफी सफल रही है, लेकिन फीफा पुरस्कार राशि में अंतर के कारण वे पुरुष विजेताओं की तुलना में काफी कम राशि हासिल कर पातीं। अमेरिकी महिला टीम को 2019 विश्व कप जीतने के लिए 110,000 डॉलर का बोनस मिला जबकि अमेरिकी पुरुष टीम अगर 2018 में विश्व कप जीतती तो उन्हें 407,000 डॉलर की राशि मिली होती। संघों ने इस साल के अंत में पुरुष विश्व कप और अगले साल महिला विश्व कप के लिए फीफा भुगतान को पूल (एक साथ इकट्ठा) करने पर सहमति जताई। इसके अलावा 2026 टूर्नामेंट के भुगतान को भी पूल किया जाएगा। इस तरह यूएसएसएफ पहली संस्था होगी जो इस तरीके से फीफा पुरस्कार राशि को पूल करेगी।